बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 14, वर्ष 12, अंक 2, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, बुधवार, 19 अप्रैल, 2023

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : नागरिक पत्रकारिता का महत्व



अन्दर : विराट ने गांगुली को अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अनफॉलो किया

# अब कोई माफिया किसी को धमका नहीं सकता

## अतीक-अशरफ की मौत के बाद सीएम योगी आदित्यनाथ का बड़ा बयान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर लगे दंगे के राज्य के कलंक को हम मिटा चुके हैं। 2017 से पहले यूपी दंगे के लिए जाना जाता था। हर दूसरे दिन दंगा होता था। 2012 से 17 के बीच 700 से ज्यादा दंगे हुए थे। 2017 के बाद दंगे की नौबत ही नहीं आई। आज किसी जनपद के नाम से यूपी में डरने की आवश्यकता नहीं है। यूपी की पहचान के जो लोग संकट हुआ करते थे आज वह स्वयं संकट में हैं। आज कोई भी अपराधी व्यापारी को धमका नहीं सकता।

उत्तर प्रदेश सरकार आप सभी निवेशकों की पूंजी को सुरक्षित रखने में सक्षम है। सीएम योगी ने मंगलवार को पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र एवं परिधान (पीएम मित्र) योजना के अंतर्गत लखनऊ-हरदोई में एक हजार एकड़ में विस्तृत टेक्सटाइल पार्क की स्थापना को लेकर लोकभवन में आयोजित एमओयू के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग एवं कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री विक्रम जरदोश मौजूद थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पहले कहा जाता था, जहां से अंधेरा शुरू हो, वहां से उत्तर प्रदेश शुरू हो जाता है। 75 में से 71 जनपद अंधेरे में होते थे। आज ये दूर हो चुका है। आज यूपी के गांवों में स्ट्रीट लाइट्स जगमगा रही हैं।

**आयोजन**

**यूपी की पहचान के जो लोग संकट हुआ करते थे आज वह स्वयं संकट में हैं**

**उप्र सरकार आप सभी निवेशकों की पूंजी को सुरक्षित रखने में सक्षम**




सीएम योगी ने कहा कि यूपी जैसा कृषि प्रधान राज्य जहां पर एक बड़ी आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर करती है। रोजगार के दृश्य से अगर हम देखें तो वस्त्र उद्योग ही सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। यूपी में वस्त्र उद्योग की एक समृद्ध परम्परा रही है। यहां का हैंडलूम, पावरलूम, वाराणसी और आजमगढ़ की सिल्क साड़ियां, भदोही का कारपेट, लखनऊ की चिकनकारी और सहारनपुर का क्राफ्ट यह सब विश्वविख्यात रहा है। उन्होंने कहा कि कानपुर कभी वस्त्र उद्योग का केंद्र रहा है उसकी गिनती 4-5 महानगरों में होती थी। सीएम योगी ने कहा कि यूपी न केवल अपने औद्योगीकरण के लिए बल्कि नगरीय व्यवस्था की दृष्टि से भी देश का एक महत्वपूर्ण प्रदेश माना जाता था। लेकिन एक कालखंड ऐसा भी आया जिसमें यूपी की इस पहचान को पूरी तरह समाप्त सा कर दिया था। हैंडलूम और पावरलूम को उचित प्रोत्साहन ना मिलने के कारण वह भी दम तोड़ने लगे थे। विगत 9 वर्षों के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जो प्रगति की है उसका लाभ लगभग 6 वर्ष के अंदर यूपी को सर्वाधिक मिला है। सीएम योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश की प्रगति किसी से छुपी नहीं है। उन्होंने कहा कि पीएम मित्र योजना के तहत स्थापित होने वाले टेक्सटाइल पार्क को लेकर हस्ताक्षरित हुआ यह एमओयू का कार्यक्रम भारत सरकार और राज्य सरकार के बीच पहला कार्यक्रम है। बेहतरीन कनेक्टिविटी के बीच जिन निवेशकों ने यहां रुचि दिखाई है उन्होंने देखा होगा की एयरपोर्ट से मात्रा आधे घंटे में अपने गंतव्य तक पहुंच सकते हैं। फोर लेन की कनेक्टिविटी यहां पहले से है, जहां कनेक्टिविटी नहीं है वहां हम जल्द उपलब्ध कराएंगे। केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री विक्रम जरदोश ने कहा कि हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट एक हुनर है इसको ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इसे विश्वकर्मा का दर्जा दिया गया है। इस हुनर से सबसे ज्यादा महिलाएं जुड़ी हुई हैं। इससे जुड़कर देश और उत्तर प्रदेश की महिलाएं सशक्त हो रही हैं। सीएम योगी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार इस क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रही है। सीएम योगी से हमने बहुत कुछ सीखा है।


वन स्टेशन वन प्रोडक्ट का आधार यूपी की एक जिला एक उत्पाद योजना है। देश के साढ़े सात सौ स्टेशन पर हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट लगाए गए हैं। इसमें महिलाओं को प्रथमिकता दी जा रही है। कार्यक्रम में अपर सचिव टेक्सटाइल, भारत सरकार रोहित कंसल और हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग, एमएसएमई, उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद के बीच एमओयू हस्तांतरित हुआ। यह पार्क केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से तैयार हो रहा है, जिसमें निजी सहभागिता भी होगी। निजी निवेशकों में आदित्य बिड़ला ग्रुप, मेसर्स जीएसएल स्पिनर्स प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स अजुम डेनिम कार्ट एलएनपी, मेसर्स अभिकिम टेक्सटाइल लिमिटेड, मेसर्स एसवीएम, मेसर्स जोसिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स एमएलके एक्सपोर्ट लिमिटेड और मेसर्स पाथ थ्रेड प्राइवेट लिमिटेड के बीच भी एमओयू हस्तांतरित हुए।

# यूपी में 61 गैंगस्टर्स की लिस्ट हुई तैयार

**सख्त कदम**

**अतीक के बाद अब चुन- चुनकर माफियाओं का होगा सफाया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में माफिया अतीक असमद का खात्मा हो चुका है। अतीक-अशरफ की मौत के बाद अब योगी सरकार माफियाओं के खिलाफ बड़ा अभियान चलाने जा रही है। पुलिस ने 61 गैंगस्टर्स की लिस्ट तैयार की है। इनके खिलाफ जल्द ही बड़ी कार्रवाई शुरू होने जा रही है। इतना ही नहीं इन माफियाओं की 500 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने की प्लानिंग भी हो चुकी है। जानकारी के मुताबिक इस लिस्ट में शराब माफिया से लेकर अवैध खनन, वन और पशु माफिया के अलावा शिक्षा माफिया भी शामिल हैं। सीएम योगी की मंजूरी मिलते ही इनके खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जाएगा। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार का कहना है कि प्रदेश के अपराधियों का नेटवर्क खत्म करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया जाएगा।



### अतीक हत्याकांड में आया था सुंदर भाटी का नाम

बता दें कि अतीक-अशरफ हत्याकांड में सुंदर भाटी का नाम सामने आया था। ग्रेटर नोएडा के निवासी सुंदर भाटी पर 62 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश का दुर्दांत अपराधी है। उसे हाल ही में गौतमबुद्धनगर जिला न्यायालय ने हरेंद्र प्रधान हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सुंदर अभी सोनभद्र की जेल में बंद है। अतीक और अशरफ के 3 हत्यारों में शामिल सनी मूल रूप से कासगंज का निवासी है। वह सुंदर भाटी गैंग का सदस्य और शार्प शूटर बताया जा रहा है। वह काफी समय तक बांदा की जेल में रह चुका है। जेल में ही सनी की मुलाकात सुंदर भाटी गैंग से हुई।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
वाराणसी
SUNDAY OPEN

# शाइस्ता की वायरल चिट्ठी में सनसनीखेज खुलासा

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के नाम से एक चिट्ठी सोशल मीडिया में वायरल हो रही है। चिट्ठी में सनसनीखेज खुलासा किया गया है। आरोप है कि प्रदेश सरकार के काबीना मंत्री पर ओर से की गई साजिश के तहत उमेश पाल की हत्या कराई गई। महापौर का पद अपने कब्जे में रखने के मकसद से कबीना मंत्री की ओर से साजिश रची गई है। प्रयागराज पुलिस भी मंत्री के दबाव में काम कर रही है। इसके साथ ही आरोप लगाया है कि प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा और एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश विरोधियों से मेरे पति की और देवर की हत्या की सुपारी लिए बैठे हैं।



### शाइस्ता को गिरफ्तार करने को ताबड़तोड़ छापे

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने माफिया रहे अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। शाइस्ता परवीन उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही फरार चल रही है और उस पर 50 हजार का इनाम भी घोषित है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यूपी पुलिस को अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन के नोएडा, मेरठ, कौशांबी, मुंबई, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में छिपे होने की शक है। अब पुलिस इन इलाकों में ही शाइस्ता परवीन को गिरफ्तार करने के लिए ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार यूपी पुलिस ने शाइस्ता परवीन के 20 ऐसे लोगों को चिन्हित किया है, जिनसे उसको मदद मिल सकती है।

IIT-JEE/NEET
C.U.E.T
BHU / DU / AU
B.SC
B.COM
B.A,LL.B
Selection 1218 in CUET
www.sankalptutorials.com
संकल्प ट्यूटोरियल्स
1. बादशाह बाग 2. रविन्द्रपुरी एक्सटेंशन
3. नेवादा 4. गिलट बाजार, वाराणसी
5. पाण्डेयपुर 6. बुलानाला 7. बसहीं
9335418689, 9335720660

## मुकुल रॉय के भाजपा में फिर से शामिल होने की अटकलें

**नई दिल्ली।** टीएमसी के संस्थापक सदस्य रहे मुकुल रॉय के भाजपा में फिर से शामिल होने की अटकलें हैं। टीएमसी नेता के सुपुत्र ने दावा किया था कि पिता लापता हो गए हैं, कुछ घंटे बाद ही वह दिल्ली में पाए गए। इसके बाद से ही अटकलें तेज हैं कि मुकुल रॉय एक बार फिर से भाजपा में शामिल हो सकते हैं। 2021 में बंगाल चुनाव के बाद वह तृणमूल कांग्रेस में आ गए थे। मुकुल रॉय के भाजपा में आने की अटकलें सोशल मीडिया पोस्ट से भी तेज हो गई हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व सांसद अनुपम हजारा ने सोशल मीडिया में कमिंग बैंक लिखा, जिसके बाद मुकुल को लेकर लग रहे कयास और तेज हो गए।

रॉय के बेटे सुभ्रांशु ने पुलिस थाने में पिता के लापता होने की शिकायत की थी। मंगलवार को सुभ्रांशु ने कहा कि मेरे बीमार पिता के साथ गंदी राजनीति हो रही है, वहीं टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी को बदनाम करने की साजिश हो रही है।

# प्रयागराज में फिर बमबाजी

**प्रयागराज।** प्रयागराज में एक बार फिर बमबाजी हुई है। माफिया अतीक अहमद के वकील दयाशंकर मिश्रा के घर के पास किसी ने मंगलवार की दोपहर बम फेंके। एक के बाद एक तीन बम फेंके गए। हालांकि किसी को चोट नहीं लगी है। दयाशंकर के अनुसार उसे और उसके परिवार को डराने के लिए बम फेंका गया है।

पुलिस और फोरेंसिक विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। बताया जाता है कि देसी बम फेंका गया है। प्रयागराज के कटरा इलाके में गोबरगली में दयाशंकर का घर है। उनके घर के पास ही किसी ने बम फेंका। धमाके की आवाज के साथ ही धुंआ दिखाई दिया। अतीक अशरफ की हत्या के बाद से इलाके में अलर्ट है। अलर्ट के बीच बम धमाके की खबर से पुलिस प्रशासन में भी खलबली मच गई। कुछ देर में ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई।

उमेश पाल अपहरण मामले में अतीक अहमद और अशरफ के वकील दयाशंकर मिश्रा ने कहा कि उनको ही डराने के लिए बम फेंके गए हैं। कहा कि मेरा किसी पर आरोप नहीं है लेकिन आशंका है कि कुछ लोग नहीं चाहते कि में अतीक के परिवार की पैरवी करून धमाके के वक्त पर मेरी दो बहुएं और बेटी भी थी। वकील दयाशंकर ने कहा कि मुझे लग रहा है कि यह बहुत बड़ी साजिश है। मुझे भयभीत करने के लिए यह किया गया है। तीन बम फेंके गए हैं। जागे बम फेंकते हुए भागे हैं। मेरी बेटी ने भी देखा है। मुझे ऐसा पता चला है कि एक लड़की को छर्रा लगा है। कहा कि फोरेंसिक वाले आए थे। सैंपल लेकर गए हैं। वहीं, सहायक पुलिस आयुक्त (शिवकुटी) राजेश कुमार यादव ने बताया कि कर्नलगंज थाना क्षेत्र में अंतर्गत कटरा की गोबर गली में कुछ युवकों ने आपसी रंजिश के चलते बम फेंका था। संयोगवश अतीक अहमद के वकील दयाशंकर मिश्रा के मकान के सामने विस्फोट हुआ। बम से कोई घायल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों के मुताबिक हर्षित सोनकर नाम के युवक का रौनक, आकाश सिंह और छोटे के साथ पैसे को लेकर कुछ विवाद था और इस कारण सोनकर ने रौनक, आकाश और छोटे का पीछा करते हुए उनपर देसी बम फेंका। संयोगवश बम वकील दयाशंकर मिश्रा के मकान के सामने गिरा। उन्होंने बताया कि सोनकर बम फेंककर वहां से फरार हो गया। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है और जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

**दहशत**

**अतीक के वकील के घर के पास धमाके से दहशत**

**सहायक पुलिस आयुक्त ने कहा, कुछ युवकों ने आपसी रंजिश के चलते बम फेंका**

**संयोगवश अतीक के वकील दयाशंकर मिश्रा के मकान के सामने विस्फोट हुआ**



## कांग्रेस विधायक के काफिले पर नक्सलियों की फायरिंग



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों ने कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी के काफिले पर हमला कर दिया। नुक्कड़ सभा कर लौट रहे विधायक के काफिले को निशाना बनाकर नक्सलियों ने फायरिंग की। इस हमले में जिला पंचायत सदस्य के वाहन के टायर में गोली लगी है। हालांकि वारदात में कोई हताहत नहीं हुआ हैं। सभी लोग सुरक्षित बीजापुर पहुंच गए हैं। विधायक विक्रम मंडावी नक्सल प्रभावित इलाके में नुक्कड़ सभा करने के बाद लौट रहे थे। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने वारदात की पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक, बीजापुर विधायक और बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी पीसीसी के निर्देश पर मंगलवार को नुक्कड़ सभा मे शामिल होने गंगालूर गए थे। यह इलाका नक्सल प्रभावित है। सभा के बाद विधायक विक्रम मंडावी सहित कांग्रेसियों का काफिला लौट रहा था। इसी दौरान पदेडा गांव के नजदीक नक्सलियों ने काफिले में चल रहे वाहनों पर हमला कर दिया। काफिले में शामिल जिला पंचायत सदस्य पार्वती कश्यप के वाहन के पिछले टायर में गोली लगने की खबर मिली हैं।

# जी-20 प्रतिनिधियों की जन औषधि योजना में दिलचस्पी

**पणजी।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि पणजी में जी-20 के स्वास्थ्य कार्यकारी समूह की बैठक में शामिल हुए प्रतिनिधियों ने जन औषधि केंद्र में दिलचस्पी दिखायी है और उनमें से कुछ ने अपने देश में इसे लागू करने की इच्छा जताई है जिसके लिए भारत हरसंभव मदद देगा। मांडविया ने 10 प्रतिनिधियों को जन औषधि केंद्र का दौरा कराया। उन्होंने उन्हें बताया कि कैसे प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना पूरे देश में लोगों को गुणवत्तापूर्ण तथा किफायती दवाइयां उपलब्ध कराती है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत ने कभी स्वास्थ्य को व्यापार से नहीं जोड़ा। उन्होंने कहा कि देश में अभी 9,500 से अधिक जन औषधि केंद्र हैं। मांडविया ने कहा कि जी20 (स्वास्थ्य कार्यकारी समूह बैठक) में आए प्रतिनिधियों ने जन औषधि केंद्र का दौरा किया और इस लोक कल्याण परियोजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उनमें से कुछ अपने देश में इस योजना को लागू करना चाहते हैं। भारत इस संबंध में उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध कराएगा। पणजी में जन औषधि केंद्र के प्रभारी विनोद मेनन ने कहा कि प्रतिनिधि उनसे भारत के सभी केंद्रों में दवाइयों के निर्माण से लेकर वितरण की पूरी प्रक्रिया जानना चाहते थे। मेनन ने कहा, ह्यह्यवे जानना चाहते थे कि सरकार कहां से दवाइयां खरीदती है या उनका निर्माण करती है और कैसे उन्हें विभिन्न केंद्रों तक पहुंचाया जाता है। वे उस सॉफ्टवेयर के बारे में भी जानने के इच्छुक थे जिसके जरिए दवाइयों के भंडारण और बिक्री पर नजर रखी जाती है। भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत स्वास्थ्य कार्यकारी समूह की दूसरी बैठक 19 अप्रैल को संपन्न होगी। जी20 के 19 देशों, 10 आमंत्रित देशों और 22 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 180 से अधिक प्रतिनिधि इसमें भाग ले रहे हैं।

**बैठक**

**मांडविया ने 10 प्रतिनिधियों को जन औषधि केंद्र का दौरा कराया**



### लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ कर सकती है एनआईए

**नई दिल्ली।** डॉन माफिया अतीक अहमद और अशरफ की सनसनीखेज हत्या के मामले में एनआईए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ कर सकती है। एनआईए के सूत्रों ने कहा कि वे अतीक और अशरफ के तीनों हत्यारों द्वारा इस्तेमाल किए गए हथियारों के संबंध में उससे पूछताछ करेगी। सूत्रों ने कहा, हत्यारों ने अतीक और अशरफ को खत्म करने के लिए तुर्की निर्मित पिस्तौल जिगाना का इस्तेमाल किया। यह वहीं हथियार था, जिसका इस्तेमाल पंजाबी गायक सिद्धू सिंह मूसेवाला को मारने में हुआ था। सूत्रों ने बताया कि गैंगस्टर सुंदर भाटी के तार लॉरेंस बिश्नोई से भी जुड़े हैं और वे इस पहलू को भी देख रहे हैं।

## ओबरा की 12वीं इकाई लाइटअप

ओबरा। बीते शुक्रवार की आधी रात बंद हुई ओबरा तापीय परियोजना की 12वीं इकाई मंगलवार दोपहर लाइटअप कर ली गई।इस इकाई के लाइटअप होने के बाद अभियंताओं ने राहत की सांस ली।चालू हुई इकाई से देर रात तक उत्पादन शुरू होने की संभावना है।पिछले दिनों ओबरा तापीय परियोजना की धड़ाधड़ बंद हुई तीन इकाइयों के बंद होने से प्रदेश की विद्युत व्यवस्था चरमरा गयी थी।बीते शुक्रवार की रात करीब 12 बजे परियोजना की 200 मेगावाट क्षमता वाली 12वीं इकाई ब्वायलर ट्यूब लीकेज के कारण बंद हो गयी थी। जिसे अभियंताओं ने अथक प्रयास के बाद मंगलवार की दोपहर एक बजे लाइटअप कर लिया।09वीं इकाई सोमवार की दोपहर करीब चार बजे टीए फैन में खराबी के कारण बंद हो गई थी जिसे शाम को चालू कर लिया गया था।वहीं रविवार की दोपहर बंद हुई 13वीं इकाई को लाइटअप करने का प्रयास युद्धस्तर पर जारी है।कयास लगाया जा रहा है कि इस इकाई को भी बुधवार की सुबह तक लाइटअप कर लिया जाएगा। जिसके बाद परियोजना का उत्पादन पुनः बढ़ने के बाद प्रदेश में बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने में कुछ हद तक राहत मिलने के आसार हैं।समाचार दिए जाने तक उत्पादनरत 09वीं इकाई से 122 मेगावाट एवं 11वीं इकाई से 162 मेगावाट बिजली उत्पादन हो रहा था।



# बिलकिस के रेपिस्टों की रिहाई पर भड़का एससी

## 'आज बिलकिस है तो कल कोई भी हो सकता है, कोर्ट की तीखी टिप्पणी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो की याचिका पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान गुजरात सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि आखिर आपको इस बात ध्यान रखना चाहिए कि कभी भी सत्ता का अवैध प्रयोग ना हो। कोर्ट ने कहा कि यह एक ऐसा मामला है जहां एक गर्भवती महिला के साथ गैंगरेप किया गया और उसके सात रिश्तेदारों की हत्या कर दी गई। हमने आपको (गुजरात सरकार) सभी रिकॉर्ड पेश करने के लिए कहा था। हम जानना चाहते हैं कि क्या आपने - अपना विवेक लगाया है। अगर हां तो बताएं कि आपने किस सामग्री को रिहाई का आधार बनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि हम केवल यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि शक्ति का वास्तविक प्रयोग हो। सत्ता का कोई अवैध प्रयोग न हो। जिस तरह से अपराध किया गया था वह भयानक है। बता दें कि बिलकिस बानो ने याचिका में गुजरात सरकार पर अपने मामले के दोषियों को समय से पहले रिहा करने का आरोप लगाया था। उन्होंने अपनी याचिका में 11 दोषियों को रिहा किए जाने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी है।

सुनवाई के दौरान केंद्र और गुजरात सरकार की ओर से एसवी राजू ने कहा कि हम उस आदेश पर पुनर्विचार की मांग कर रहे हैं, जिसमें हमें इस अदालत द्वारा जारी की गई फाइलें पेश करने के लिए कहा गया है। हम रिव्यू दाखिल कर रहे हैं। हमने फाइल पेश करने के लिए समय भी मांगा है। ये सरकार का विशेषाधिकार है। एसवी राजू ने कहा कि 2002 के गुजरात दंगों के दौरान सामूहिक दुष्कर्म और परिवार के सात सदस्यों की हत्या करने के मामले में राज्य सरकार के 11 दोषियों की सजा में छूट देने के फैसले के खिलाफ भी एक याचिका दायर की है। जिसमें उन्होंने कहा कि दुष्कर्म के दोषियों की समय से पहले रिहाई ने समाज की अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने भी रिहाई पर सवाल उठाए थे। क्या रिहाई देने के लिए गुजरात सरकार का अधिकार क्षेत्र था ? किस अधिकार क्षेत्र के तहत गुजरात ने रिहाई की क्या अदालत ऐसे निकाय को रिहाई पर विचार करने को कह सकती है जिसका अधिकार क्षेत्र ना हो हम इन सब पहलुओं पर विचार करेंगे। कोर्ट ने आगे कहा कि दोषी करार दिए गए हर शख्स को एक हजार दिन से अधिक का पैरोल मिला है। हमारा मानना है कि जब आप शक्ति का प्रयोग करते हैं तो उसे जनता की भलाई के लिए किया जाना चाहिए। चाहे आप जो भी हों, आप कितने भी ऊंचे क्यों ना हों, भले ही राज्य के पास विवेक हो यह जनता की भलाई के लिए होना चाहिए. ऐसा करना एक समुदाय और समाज के खिलाफ अपराध है। कोर्ट ने गुजरात से सरकार से पूछा कि दोषियों की रिहाई करके आप क्या संदेश दे रहे हैं ? आप सेब की तुलना संतरे से कैसे कर सकते हैं? इतना ही नहीं आप एक व्यक्ति की हत्या की तुलना कई लोगों के सामूहिक हत्या से कैसे कर सकते हैं? कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि बार बार कहने के बावजूद गुजरात सरकार उम्रकैद के दोषियों की समय पूर्व रिहाई के दस्तावेज रिकॉर्ड हमारे सामने नहीं ला रही है। यदि आप हमें फाइल नहीं दिखाते हैं तो हम अपना निष्कर्ष निकालेंगे। साथ ही यदि आप फाइल प्रस्तुत नहीं करते हैं, तो आप कोर्ट की अवमानना कर रहे हैं। ऐसे में हम स्वतः ही संज्ञान लेकर अवमानना का मामला शुरू कर सकते हैं।

**सुनवाई**

**हर दोषी को मिल चुकी है एक हजार दिन की पैरोल : कोर्ट**



# 2024 तक सभी घरों तक शुद्ध पानी पहुंचाने का लक्ष्य : स्वतंत्र देव सिंह

**जंघई।** प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का हंडिया से फूलपुर जाते समय वारी चौराहे पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष प्रयागराज कुंवर वीके सिंह एवं संचालन बरियावां प्रधान राजीव दुबे मटरू ने किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि 2024 तक देश के सभी घरों तक पानी पहुंचाने का लक्ष्य सरकार ने लिया है सभी को शुद्ध पेय जल पहुंचेगा। केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार लगातार जल संरक्षण को लेकर के प्रयासरत है ताकि बरसात के पानी को संरक्षित किया जा सके। जल की समस्या को दूर किया जा सके। क्योंकि जल संरक्षण से जीवन संरक्षित होता है। इसीलिए आप सभी लोग अपने आसपास तालाबों में जल संरक्षित करने का प्रयास करें इसके लिए सरकार भी लगातार प्रयासरत है। उन्होंने नगर पंचायत चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील किया। इस अवसर पर अश्विनी द्विवेदी जिलाध्यक्ष भाजपा गंगापार, ब्लॉक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव, मनोज निषाद महामंत्री गंगापार, अजय पांडेय, बिंदू सिंह, हरिभूषण सिंह, राजकुमार पटेल, बब्बू शुक्ला, अशोक दुबे, जितेन्द्र दुबे, बबलू सिंह, बबलू पांडेय, संतोष पाठक, राजा मौर्या, शुभम शुक्ला, मनीष केसरवानी, दीपक सिंह, मनीष तिवारी, प्रवीन सिंह, पंकज दुबे, मुन्ना तिवारी, बबलू गुप्ता, रजत सिंह, दिनेश सिंह, रिंकू सिंह, उदयराज गौतम प्रधान वारी, रामलाल पाल प्रधान पूरे मिश्र, आशुतोष सिंह अंबुज, मनीष दुबे, किशन पाठक, बृजेश यादव शेरा, अनुराग शुक्ल, सनी तिवारी, विकास मिश्रा, सूरज मिश्रा, मोनू तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

## संक्षेप

### मऊआइमा पुलिस अपहरण किशोरी का पता लगाने में नाकाम

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक किशोरी को पचीस दिन पूर्व दूसरे गांव का युवक बहला फुसलाकर कर अपहरण कर ले गया । किशोरी की माता ने 21 मार्च को दो के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था।लेकिन मऊआइमा पुलिस आज तक अपहरण किशोरी का पता लगाने में नाकाम रही। मऊआइमा के पूरे रूद्वशाह घीनपुर निवासनीय एक महिला का आरोप है कि उसकी सोलह वर्षीय पुत्री को सराय खान देव निवासी सोनू पासी पुत्र गामा पासी, उसका मित्र सूरज धोबी पुत्र जिलाजी बहलाफुसला कर भगा ले गए हैं। महिला ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा रखा है। अपहृत किशोरी की माता ने आला अधिकारियों को तहरीर देकर कहा है उसकी बेटी का सोमवार को सुबह फोन आया कि उसे कानपुर देहात थाना क्षेत्र के ग्राम रनिया में एक कमरे में बंधक बनाकर कर रखा गया है और निरंतर दुराचार किया जा रहा है। महिला का आरोप है कि उसकी बेटी का जीवन संकट में है। मऊआइमा थाने में निरंतर फरियाद करने के बावजूद आज तक कोई सुनवाई नहीं हो रही है। महिला की नाबालिग पुत्री ने एक आयोडियो भी जारी की है।

## संक्षेप

### विपरीत परिस्थितियों में भी किसानों द्वारा की जा रही खेती सराहनीय : दया शंकर त्रिपाठी



**फूलपुर।** राजस्थान के किसान सिंचाई जल की विपरीत परिस्थितियों में भी खेती में अच्छा काम कर रहे हैं । उनकी यह मेहनत बहुत ही सराहनीय है । राजस्थान की माताएं बहने वीरांगना है। यह बातें वरिष्ठ मंगलवार को कारडेट फूलपुर के सभागार में निमोद ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड जिला नागौर राजस्थान की 43 महिला प्रतिभागियों के चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार दयाशंकर त्रिपाठी ने कहीं । उन्होंने इफको के विषय में अपने अनुभव साझा किए साथ ही इफको द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की भी चर्चा की। इस दौरान कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली महिलाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान भी किए गए। समापन कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने उपस्थित मुख्य अतिथि एवं कारडेट टीम को राजस्थानी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया । इस अवसर पर कारडेट प्रधानाचार्य राजेंद्र यादव, सुभाष चंद्र आर्य सदस्य आमसभा इफको, खेमाराम अध्यक्ष पैक्स निमोद,शुभ कवर निदेशक पैक्स निमोद कमला देवी निदेशक पैक्स निमोद, कारडेट के सुमित तेवतिया, राजेश कुमार सिंह,नंद जी जयसवाल वीरेंद्र सिंह सहित इफको के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जंघई जंक्शन आरक्षण केंद्र पर अव्यवस्था, टिकट न मिलने से यात्रियों में आक्रोश

**जंघई।** जंघई जंक्शन प्रयागराज, भदोही, जौनपुर की सीमा पर स्थित है यहां प्रतिदिन देश के विभिन्न हिस्सों के लिए रोज ट्रेन से आवागमन करते हैं। लंबी दूरी की यात्रा करने के लिए जब यात्री रेलवे स्टेशन जंघई आरक्षण केंद्र पर टिकट लेने जाते हैं तो काउंटर नंबर 1142 लगभग एक वर्ष से रेल अधिकारियों की उदासीनता के कारण बंद होने से टिकट नहीं मिल पाता।विगत एक वर्ष से दो आरक्षण काउंटर में से एक को विभाग ने बंद कर दिया है।देश के कोने कोने तक आने जाने के लिए जंघई जंक्शन रेलवे स्टेशन यात्रियों के लिए एक बड़ा विकल्प है।यहां की सालाना आय लगभग एक सौ करोड़ रुपये से अधिक की है। आरक्षित टिकट का एक काउंटर बंद हो जाने से आये दिन यात्रियों में धक्कामुक्की आम बात हो गई है।जबकि उच्चाधिकारियों द्वारा कर्मचारियों का अभाव बताया जा रहा है।टिकट आरक्षण एक ही खिड़की नंबर 1143 खुलने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है 24 घंटे पूर्व लाइन लगाकर खड़े लोगों को अधिक भीड़ होने के कारण सुबह टिकट नहीं मिल पाता।बंद आरक्षण टिकट काउंटर 1142 खोले जाने के लिए जब सीएमआई वाराणसी से बात की गई तो वे विगागीय रेलकर्मियों की कमीं बता कर पल्ला झाड़ लिया गया।जनकल्याण सेवा संघ के संस्थापक रोहित ब्राह्मण ने कहा कि यदि आरक्षण काउंटर 1142 शीघ्र नही खोला गया तो वे साथियों के साथ अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर होंगे।

### बारा पुलिस के हत्थे चढ़ा वारंटी

**बारा।** यमुनानगर के बारा थाने की पुलिस ने मंगलवार को एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। सब इंस्पेक्टर कौशलेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम से संबंधित वारंटी सुशील कुमार कुशवाहा उर्फ गब्बर पुत्र राजीव उर्फ राजू कुशवाहा (निवासी लाला का पूरा, बाराखास) को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी अभियुक्त के घर के सामने से की गई है। इसके बाद उसे थाने लाया गया और आगे की विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तारी के दौरान कांस्टेबल अमित मिश्र भी शामिल रहे।

### शुआट्स में पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**नैनी।** सैम हिंगिन बॉटम विश्वविद्यालय के बायोकेमिस्ट्री एवं बायोकेमिकल इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है जो 21 अप्रैल तक चलेगी। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्रों और छात्राओं ने भाग लिया। इस कार्यशाला के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर सयैद इब्राहिम रिजवी (डायरेक्टर, रिसर्च एवं डेवलपमेंट, इलाहाबाद विश्वविद्यालय) ने विभिन्न प्रकार के बेसिक एक्सट्रैक्शन टेक्निक्स के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए ये बताया की किस प्रकार से ये टेक्निक्स मॉर्डन साइंस के प्रचार और प्रसार में योगदान दिया। सैम हिंगिनबॉटम विश्वविद्यालय के ही डायरेक्टर रिसर्च डॉक्टर शैलेश मार्कस जी इस बात की गहन विवेचना करते हुए ये बताया किस प्रकार से ये विभिन्न प्रकार की बेसिक एक्सट्रैक्शन टेक्निक्स कृषि संबंधित गुणवक्ता अनुसंधान में सहायता प्रदान करती है। डॉक्टर सुशील कुमार (मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद) ने अलग अलग प्रकार के उच्चीकृत एक्सट्रैक्शन टेक्निक्स का उद्योग संबंधित अनुसंधान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किया। बायोकेमिस्ट्री एवं बायोकेमिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर वीरू प्रकाश ने अतिथियों का स्वागत करते हुए इस इस बात पर प्रकाश डाला की किस प्रकार से ये बेसिक एक्सट्रैक्शन टेक्निक्स नए वैज्ञानिकों के लिए महत्वपूर्ण है। आयोजन सचिव डॉक्टर अभिषेक शरण ने कार्यशाला के उद्देश्य पर संक्षिप्त रूप से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीना लॉरेंस के द्वारा किया गया एवं डॉक्टर यशोधरा वर्मा ने इस कार्यशाला के आयोजन में सम्मलित सभी लोगो को धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यशाला के उद्घाटन समारोह के अवसर पर डॉक्टर रुबीना लारेन्स (एसोसिएट डीन, शैक्षणिक) डॉक्टर आलोक मिल्टन लाल, डॉक्टर कपिल लॉरेंस, डॉक्टर सुषमा ,डॉक्टर राजीव कांत , डॉक्टर प्रगति मिश्रा, डॉक्टर शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, डॉक्टर अखिलेश बिंद एवं डॉक्टर देवेंद्र प्रसाद मौर्य भी मौजूद थे। कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में छात्रों और छात्राओं पूरे उत्साह और जिज्ञासा के सम्मिलित हुए।

## जन अधिकार पार्टी से विठ्ठल ने मेयर पद का किया नामांकन



जन अधिकार पार्टी से महापौर प्रत्याशी का स्वागत करते समर्थक

**प्रयागराज।** जिला प्रयागराज में जन अधिकार पार्टी से महापौर प्रत्याशी के लिए नरेश उर्फ विठ्ठल मौर्य ने सोमवार को अपने समर्थकों के साथ नामांकन किया। नामांकन के पश्चात मौजूद कार्यकर्ता ने आपस में खुशियां बांटी। मौके पर मंडल अध्यक्ष बबलू कुशवाहा ने कहा कि कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए छेत्र में अब प्रचार के लिए जुट जाएं। मुख्य रूप से मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चंद्रसेन पाल, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पंकज मानव विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रयागराज बबलू कुशवाहा, मंडल सलाहकार जगत सिंह कुशवाहा, दीपक भारतीया, डॉक्टर विशाल मौर्य, राजेश भारतीया, अलगू कुशवाहा, डॉ राजीव मौर्य, भामाशाह, राजेश कुशवाहा, अनिल कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।वहीं नामांकन के पश्चात मेयर प्रत्याशी विठ्ठल मौर्य ने कहा कि मैं अपने जीवन का यह बहुत बड़ा संघर्ष पूर्ण निर्णय लिया हूं, प्रयागराज के मतदाताओं पर मुझे पूरा भरोसा। जनता जनार्दन होता है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत मलाक नागर वि0खं0 मूरतगंज, जनपद कौशाम्बी**

**अल्प कालिक निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मलाक नागर विकास खण्ड मूरतगंज जनपद कौशाम्बी में 15वॉ वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त योजना, मनरेगा योजना, कायाकल्प योजना, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौंचालय निर्माण मरम्मत, स्वच्छता व नाली निर्माण मरम्मत, खड़ंजा निर्माण, हैंडपम्प मरम्मत, रिबोर, इण्टर लाकिंग, पंचायत भवन मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण व मरम्मत, सोलर लाइट पम्प, सेनेटाइजर कार्य, सोक्ता गड्ढा, व अन्य कार्यों में उपयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों द्वारा दिनांक 18-04-2023 से 24-04-2023 तक सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 25-04-2023 को समय दोपहर 3 बजे में उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। सामाग्री की मात्रा पंचायत में स्वीकृत प्राकलन के अनुसार पृथक-पृथक होगा।

लालता प्रसाद
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मलाक नागर
वि0खं0 मूरतगंज
जनपद कौशाम्बी।

आशीष केसरवानी
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत मलाक नागर
वि0खं0 मूरतगंज
जनपद कौशाम्बी।

पत्रांक-मेमो/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक-17/04/2023

**कार्यालय ग्राम पंचायत उमरपुर नीवॉं वि0खं0 चायल, जनपद कौशाम्बी**

**अल्प कालिक निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उमरपुर नीवॉं विकास खण्ड चायल जनपद कौशाम्बी में 15वॉ वित्त आयोग, 14वॉं वित्त आयोग, पंचम राज्य वित्त योजना, मनरेगा योजना, कायाकल्प योजना, राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत शौंचालय निर्माण मरम्मत, स्वच्छता व नाली निर्माण मरम्मत, खड़ंजा निर्माण, हैंडपम्प मरम्मत, रिबोर, इण्टर लाकिंग, पंचायत भवन मरम्मत, आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण व मरम्मत, सोलर लाइट पम्प, सेनेटाइजर कार्य, सोक्ता गड्ढा, व अन्य कार्यों में उपयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों द्वारा दिनांक 16-04-2023 से 28-04-2023 तक सील बंद निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 28-04-2023 को समय दोपहर 3 बजे में उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। सामाग्री की मात्रा पंचायत में स्वीकृत प्राकलन के अनुसार पृथक-पृथक होगा।

चन्दा देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत उमरपुर नीवॉं
वि0खं0 चायल
जनपद कौशाम्बी।

प्रीतम सिंह
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत उमरपुर नीवॉं
वि0खं0 चायल
जनपद कौशाम्बी।

पत्रांक-मेमो/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक-15/04/2023


## शंकरगढ़ : चेयरमैन पद के सभी दावेदारों का पर्चा वैध, तीन पार्टियों संग तीन निर्दल भी करेंगे चुनाव प्रचार

**भाजपा, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी के साथ तीन निर्दल प्रत्याशी**

**बारा।** नगर निकाय चुनाव के प्रथम फेज में होने वाले चुनाव के नामांकन के बाद मंगलवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। नगर पंचायत शंकरगढ़ से अध्यक्ष पद के लिए छह लोगों ने नामांकन किया था और मंगलवार को की गई नामांकन पत्रों की जांच में सभी फार्म वैध पाए गए हैं। नामांकन पत्र वैध पाए जाने के बाद अब शंकरगढ़ में भाजपा प्रत्याशी अंजू देवी, समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी कंचन कुमारी, आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी शिखा समद्दार के अलावा तीन निर्दल प्रत्याशी के रूप में कुसुम कली, पार्वती और लीला देवी चुनाव मैदान में हैं।

अध्यक्ष पद के अलावा सभासद के लिए दाखिल सभी पर्चों की जांच की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक सभासद पद के दस पर्चों में खामी मिली है, जिसकी जांच समाचार लिखे जाने तक जारी है। शंकरगढ़ के दर्जनभर वार्ड सभासद के लिए कुल 63 लोगों ने सोमवार को अंतिम दिन नामांकन किया था। इसमें वार्ड संख्या एक से चार, वार्ड दो से आठ, तीन से तीन प्रत्याशी, वार्ड चार से छह, पांच से चार, वार्ड छह से दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह वार्ड संख्या सात से कुल नौ प्रत्याशी, वार्ड संख्या आठ से छह, वार्ड संख्या नौ से पांच, दस से छह, वार्ड संख्या 11 से तीन और वार्ड संख्या 12 से सात दावेदार नामांकन के लिए बारा तहसील पहुंचे थे। आज नामांकन पत्रों की जांच के बाद 20 अप्रैल को नाम वापसी होगी और 21 अप्रैल को प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह दिया जाएगा। इसके बाद मतदान चार मई और मतगणना 13 मई को पूरे प्रदेश में एक साथ होगी।

### कालेज के प्रबंधक को मिली जान से मारने की धमकी

**मऊआइमा।** मऊआइमा के इन्दिरा गांधी इंटर मीडिएट कालेज के प्रबंधक ने कतिपय लोगों पर गालियां देने और जान से मारने की धमकी देते हुए पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बेनी हासिमपुर जाम्हा में स्थित इन्दिरा गांधी इंटर मीडिएट कालेज के प्रबंधक शैलेश द्विवेदी का आरोप है कि विधालय परिसर में गेंहू काटने से मना करने पर कतिपय लोगों ने उन्हें गालियां दी और जान से मारे की धमकी भी दिए। प्रबंधक शैलेश द्विवेदी ने बेनीपुर निवासी हेमराज, हेमराज की पत्नी नाम अज्ञात, दुर्गावती, राहुल द्विवेदी, राजीव के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## सीडीओ ने ब्लाक का किया निरीक्षण कनिष्ठ सहायक को किया निलंबित

**निरीक्षण**

- अनुपस्थित रहे स्थापना बाबू का सीडीओ ने वेतन रोकने का दिया निर्देश
- ब्लाक परिसर स्थित जर्जर भवनों को ध्वस्त कराने की कार्रवाई करने का दिया निर्देश
- सीडीओ ने विकास खंड बहरिया के तीन ग्राम पंचायतों का किया स्थलीय निरीक्षण



ब्लाक का निरीक्षण करते सीडीओ

**बहरिया।** मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार और जिला विकास अधिकारी भोला नाथ कनौजिया विकास खंड बहरिया मुख्यालय पर औचक निरीक्षण करने पहुंच गए। दोनों अधिकारियों के ब्लाक परिसर में पहुंचते ही ब्लाक के अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

बता दें कि मंगलवार को सीडीओ गौरव कुमार और डीडीओ भोला नाथ कनौजिया बहरिया ब्लाक का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान स्थापना बाबू त्र्यंबक त्रिपाठी अनुपस्थित मिले। इसके साथ ही अभिलेख भी पूर्ण नहीं मिले। जिस पर सीडीओ गौरव कुमार ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्थापना बाबू त्र्यंबक त्रिपाठी का वेतन रोके जाने का निर्देश खंड विकास अधिकारी श्रीश गुप्ता को दिया। इसके साथ ही बीडीओ कार्यालय में तैनात कनिष्ठ सहायक वृजेंद्र श्रीवास्तव भी अनुपस्थित मिले। इसके साथ ही अभिलेख पूर्ण नहीं होने पर कनिष्ठ सहायक वृजेंद्र श्रीवास्तव को निलंबित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सीडीओ गौरव कुमार ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ब्लाक सभागार कक्ष में समीक्षा बैठक की। इस दौरान सीडीओ गौरव कुमार ने कायाकल्प, आवास, अमृत वाटिका, अमृत सरोवर, आवास की द्वितीय और तृतीय किस्त जारी करने सहित अन्य कार्यों की गहन समीक्षा की। समीक्षा के दौरान योजनाओं के क्रियान्वयन में सिथिलता पाये जाने पर सीडीओ ने मातहतों को कड़ी फटकार लगाई। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने बीडीओ ऑफिस, एडीओ पंचायत कार्यालय, एडीओ समाज कल्याण, सीडीपीओ कार्यालय, पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय, एडीओ आईएसबी कार्यालय सहित ब्लाक परिसर स्थित तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों को ब्लाक परिसर में गंदगी दिखी। जिसकी सफाई कराने का निर्देश बीडीओ श्रीश गुप्ता को दिया। इसके साथ ही सीडीओ ने ब्लाक परिसर में मौजूद जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण कराने का प्रस्ताव भेजने के लिए बीडीओ बहरिया श्रीश गुप्ता को दिया। कार्यालय का निरीक्षण करने के बाद सीडीओ और डीडीओ ने विकास खंड बहरिया के कहली ग्राम पंचायत का स्थलीय निरीक्षण किया। जहां सीडीओ ने अमृत सरोवर और कम्पोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान सीडीओ ने कायाकल्प के तहत विद्यालय की बाउंड्री नहीं बनने पर ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार से कारण पूछा। जिस पर ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि यहां एक व्यक्ति अपनी भूमिधरी जमीन होने का दावा करते हुए बाउंड्री का निर्माण नहीं कराने दे रहा है। जिसके चलते बाउंड्री का निर्माण नहीं हो पा रहा है। जिस पर सीडीओ ने ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार को कानूनी कार्यवाही करते हुए बाउंड्री का निर्माण कराये जाने का निर्देश दिया। इस दौरान सीडीओ ने कम्पोजिट विद्यालय में 116 छात्र पंजीकृत रहे, किंतु उपस्थिति सिर्फ 16 बच्चे मिलने पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक को कड़ी फटकार लगाई। इसके बाद सीडीओ ने ग्राम पंचायत चक श्याम पूरे हिंछा का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान सीडीओ ने गौशाला, अमृत वाटिका, निमार्णाधीन पानी की टंकी और नेपियर घास और सूडान चरी का निरीक्षण किया। जिस पर सीडीओ ने संतुष्टि जाहिर की। इसके ही सीडीओ ने ग्राम पंचायत सराय लहुरी स्थित कम्पोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान सीडीओ ने विद्यालय की साफ-सफाई को देखकर ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी मिथिलेश कुमार और विद्यालय के अध्यापकों की तारीफ करते हुए विद्यालय को और बेहतर करने का निर्देश दिया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी श्रीश गुप्ता, प्रभारी एडीओ पंचायत सत्येंद्र सिंह, एडीओ आईएसबी राम अवध यादव, एडीओ एसटी रविकांत त्रिपाठी, एडीओ कोऑपरेटिव राम विलाश मौर्य, एडीओ समाज कल्याण नरेश चंद्र कटियार, जेईआरईएस गजेंद्र गुप्ता, वरिष्ठ लेखाकार अरुण त्रिपाठी, ग्राम विकास अधिकारी सौरभ सिंह, राकेश कुमार, अनिल सिंह, हरि ओम, अजय कुमार ग्राम पंचायत अधिकारी दयाराम पटेल, अफरोज अख्तर अंसारी, जया कुशवाहा, मंजू पटेल, प्रतीक्षा मौर्या, प्रीति यादव, वीरेंद्र कुमार, रवि मौर्य, मिथिलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।


**उत्तर मध्य रेलवे** G20

**प्रथम शुद्धिपत्र**

शुद्धि पत्र सं:- 6323/Misc दिनांक: 17.04.2023
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा जारी ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 23/20 दिनांक 24.03.2023 एवं आर.ओ संख्या 458/23 (ADM) टेण्डर संख्या 6323RGC07 में निम्नलिखित शुद्धि पत्र जारी किया जाता है।

| टेण्डर संख्या | विवरण |
|---|---|
| 6323RGC07 | अनुलग्नक-C |
| से | को |
| Existing | Updated |

अन्य नियम एवं शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।
458/23 (ADM)
www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे** G20

**नोटिस नं0- पैड-01/2023**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा लाईसेंसी एवं विभागीय खानपान यूनिटों, एम.पी.एस. यूनिटों एवं फूड और जूस स्टॉल के उपयोग/सेवा/बिक्री के लिए निम्नलिखित उत्पादों की प्रतिष्ठित ब्रान्डों वाले कम्पनियों/फर्मों आदि को शार्टलिस्ट करने हेतु विनिर्माताओं से निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन आमंत्रित करते हैं।

| S.N. | Name of the Products | S.N. | Name of the Products |
|---|---|---|---|
| 1 | Aerated Drinks in sealed bottles and Canes | 15 | Ice Cream |
| 2 | Fruit Juice in Tetra Pack/Sealed bottles & | 16 | Frozen Dessert |
| 3 | Fruit Drinks in tetra pack/sealed bottles & cans | 17 | Confectionary (Including Chocolates) |
| 4 | Biscuits | 18 | Packed Bakery Products |
| 5 | Namkeens | 19 | Baby Food: Powdered Milk for infants |
| 6 | Chips | 20 | Baby Food: Cereal Mix |
| 7 | Cakes | 21 | Milk Product (Flavoured Milk/ Lassi/Butter Milk) in tetra packed/pet bottles |
| 8 | Tea Bulk Pack in packets & tea bags | 22 | Packed Nimbu Pani, Flavoured drinks in Tetra packed/pet bottles |
| 9 | Coffee powder bulk pack in packets & sachet | 23 | Packed Coconut Water in Tetra packed/pet bottles |
| 10 | Tomato Ketchup-Bottles/Sachets | 24 | PETHA (Must be packed and each pack should be suitably marked name of material, Batch no. Code no., Date of Packing, Best before and Net weight) |
| 11 | Butter in Foils/Blister Pack (8-10 Gms) | 25 | PEDA (Must be packed and each pack should be suitably marked name of material, Batch no. Code no., Date of Packing, Best before and Net weight) |
| 12 | Pickle in Blister Pack/Sachet | 26 | GAJAK (Must be packed and each pack should be suitably marked name of material, Batch no. Code no., Date of Packing, Best before and Net weight) |
| 13 | Sugar in Sachet | 27 | DALMOTH (Must be packed and each pack should be suitably marked name of material, Batch no. Code no., Date of Packing, Best before and Net weight) |
| 14 | Dairy Creamer in Sachet | 28 | REWRI (Must be packed and each pack should be suitably marked name of material, Batch no. Code no., Date of Packing, Best before and Net weight) |

आवेदन फार्म प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय, सूबेदारगंज, प्रयागराज के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से 18.00 बजे तक दिनांक 08.05.2023 तक प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र का मूल्य पांच हजार रूपये + जी.एस.टी.@18% (रूपया 5,000/- + 18 प्रतिशत जी.एस.टी.) रखा गया है। निर्धारित जी.एस.टी. संबंधित आवेदक संबंधित जी.एस.टी. विभाग में जमा करवाना सुनिश्चित करें। आवेदन पत्र एवं विस्तृत नियम व शर्तें रेलवे के वेबसाइट www.ncr.indianrailways.gov.in के पोर्टल में जाकर टेण्डर एवं नोटिस से भी डाउनलोड कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने का स्थान एवं तारीख व समय- आवेदन पत्र दिनांक 09.05.2023 समय 15.00 बजे तक प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय, सूबेदारगंज, प्रयागराज के कार्यालय में रखे बाक्स में डाल सकते हैं। आवेदन दिनांक 09.05.2023 को समय 15.30 बजे खोला जाएगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि यह निविदा नहीं है बल्कि उपरोक्त दर्शाये गये उत्पादों के प्रतिष्ठित ब्रान्डों वाले कम्पनियों/फर्मों आदि को शार्टलिस्ट करने के लिए मांगे गये आवेदन की सूचना है। 559/23(K)

@northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

**उत्तर मध्य रेलवे** G20

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

निविदा सूचना सं.:- 0120232024 दिनांक:- 15.04.2023
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबंधक/कार्य/प्रयागराज निम्न लिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| क्र. सं. | ई-निविदा सूचना सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू.में) | अग्रिम राशि (रू.में) | कार्य समापन की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0120232024-01 | [illegible] 25000 गैलन आरसीसी ओवरहेड टैंक। | Rs. 1,44,13,464.87 | 2,22,100.00 | 10 माह |
| 2 | 0120232024-02 | [illegible] | Rs. 97,96,769.43 | 1,98,000.00 | 08 माह |
| 3 | 0120232024-03 | [illegible] | Rs. 2,11,15,414.39 | 2,55,600.00 | 10 माह |

सभी निविदा की बंद होने की तिथि: 08.05.2023 को 15.00 बजे कार्य की प्रकृति: क्र. सं. 1.: आरसीसी ओवरहेड टैंक। क्र. सं. 2.: कोई भी सिविल इंजीनियरिंग का कार्य। क्र. सं. 3.: भवन कार्य।
नोट:- 1. पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
563/23(AN)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR @northcentralrailway

**उत्तर मध्य रेलवे** G20

**अधिसूचना**



पैंशन अदालत जून-2023

**उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल द्वारा पैंशन अदालत जून-2023 का आयोजन**

रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के "मंडल सभागार" डी आर एम ऑफिस प्रयागराज में दिनांक 15.06.2023 को 11:30 बजे पेंशन अदालत जून-2023 आयोजित की जाएगी। केवल उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल से सेवानिवृत्त कर्मचारी/मृतक कर्मचारियों के आश्रित, यदि उन्हें सेवानिवृत्त देय या पेंशन से सम्बंधित कोई शिकायत है तो वे अपना आवेदन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय को निम्नलिखित माध्यमो से दिनांक 30.04.2023 तक भेज सकते है –

**1. व्हाट्सएप के माध्यम से–**
अपने आवेदन पत्र व अन्य प्रपत्रों को स्कैन कर (जो स्पष्ट व पठनीय हो) मोबाइल नंबर 9794837867 (श्री हेमंत तिवारी, कर्मचारी हित निरीक्षक) पर भेजे। कृपया आवेदन पत्र में "पैंशन अदालत जून-2023" अवश्य अंकित करे।

**2. ई–मेल के माध्यम से–**
अपने आवेदन पत्र व अन्य प्रपत्रों को स्कैन कर (जो स्पष्ट व पठनीय हो) ई–मेल आई डी pkd070472@gmail.com पर भेजे। कृपया आवेदन पत्र में "पैंशन अदालत जून-2023" अवश्य अंकित करे।

**3. डाक के माध्यम से –**
अपने आवेदन पत्र व अन्य प्रपत्रों को डाक द्वारा वरि मंडल कार्मिक अधिकारी, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज, नवाब युसूफ रोड, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश – 211001 के पते पर भेजे। कृपया लिफाफे के ऊपर "पैंशन अदालत जून-2023" अवश्य अंकित करे।

**आवेदन-पत्र में निम्नलिखित विवरण अवश्य अंकित करें-**

1. आवेदक/आवेदिका का नाम
2. सेवानिवृत्त कर्मचारी का नाम
3. पदनाम एवं अंतिम कार्यस्थल
4. सेवानिवृत्त कर्मचारी से आवेदक/ आवेदिका का सम्बन्ध
5. पत्राचार का पता
6. मोबाइल नंबर
7. सेवानिवृत्त/मृत्यु की तिथि
8. सेवानिवृत्ति का प्रकार (अधिवर्षिता/स्वैच्छिक/अनिवार्य /मृत्यु)
9. पीपीओ सं (छायाप्रति संलग्न करें)
10. अंतिम वेतन एवं वेतनमान
11. शिकायत का विस्तृत विवरण


नोट–पैंशन अदालत जून-2023 के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज की वेबसाइट www.ncr.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें।

(के एल जायसवाल)
मंडल कार्मिक अधिकारी
उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज

572/23(DG)
North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in


नाटक का मंचन करते कलाकार

प्रयागराज माइल



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 42.00 |
| न्यूनतम : | 29.00 |
| सूर्योदय : | 06.03 |
| सूर्यास्त : | 06.15 |

### अतुल कुमार टीटू बने बसपा के जिलाध्यक्ष

**प्रयागराज।** नगरीय निकायों का चुनाव बसपा गम्भीरता से लड़ेगी। बसपा प्रमुख सुश्री मायावती ने एकाएक प्रयागराज बसपा संगठन में फेर बदल करते हुए बहुजन समाज पार्टी के महत्वपूर्ण पद जिलाध्यक्ष के पद से टीएन जैसल को हटाकर तत्काल प्रभाव से अतुल कुमार टीटू की ताजपोशी कर दी है। गौरतलब है कि श्री टीटू वर्ष 1995 से विधानसभा बसपा अध्यक्ष उत्तरी, कई बार जिला सचिव व जिला प्रभारी एवं पार्टी से भाई चारा कमेटीयों एवम् बी.बी.एफ का मण्डल संयोजक, मुख्य मण्डल प्रभारी प्रयागराज सभी जिम्मेदार पदो पर कार्य कर चुके है।

# अतीक के वकील के घर के पास बम से हमला, जांच में जुटी पुलिस

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद और अशरफ के हत्याकांड के बाद प्रयागराज से एक और सनसनीखेज खबर सामने आ रही है। अतीक अहमद के वकीलों में से एक के घर के पास मंगलवार को एक गली में देसी बम फेंका गया। इस घटना से लोगों में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि दहशत फैलाने के उद्देश्य से बम फेंका गया है, जिसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। कर्नलगंज पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, प्रयागराज के कटरा गोबर गली में देसी बम फेंका गया है। इलाके में छोटू यादव नाम का शख्स रहता है उसी से हर्षित सोनकर नाम के लड़के का विवाद हुआ था। आरोप है कि हर्षित ने ही छोटू को निशाना बनाकर बम चलाया, विजय मिश्रा का इस विवाद से कोई लेना-देना नहीं है। पुलिस इलाके के चप्पे-चप्पे पर नजर रखे हुए है। साथ ही वहां की


बम फटने के बाद उठता धुआं

आवाजाही पर रोक लगा दी गई है।कर्नलगंज पुलिस स्टेशन के एसएचओ राम मोहन राय का कहना है कि अतीक के वकील दयाशंकर मिश्रा निशाने पर नहीं थे और यह घटना दो युवकों के बीच दुश्मनी का नतीजा थी। हालांकि, वकील ने दावा किया कि यह भय और आतंक पैदा करने की कोशिश थी।

# शाइस्ता की तलाश में प्रयागराज में दबिश

## गुड्डू मुस्लिम के घर पर चल सकता है बुलडोजर

**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रहे आरोपी गुड्डू मुस्लिम के घर पर बुलडोजर चल सकता है। प्रयागराज प्राधिकरण ने गुड्डू के घर पर एक नोटिस चस्पा किया है। नोटिस में गुड्डू मुस्लिम को सरेंडर करने के लिए 18 अप्रैल तक का समय दिया गया है। नोटिस के अनुसार 18 अप्रैल तक सरेंडर नहीं हुआ तो प्राधिकरण घर गिरा देगा। गुड्डू मुस्लिम पर 5 लाख का इनाम है। उधर, अतीक की पत्नी 50 हजार की इनामी शाइस्ता परवीन के छुपे होने की सूचना पर धूमनगंज के मरियाडीह व भरेठा में पुलिस ने दबिश दी है।हालांकि इससे पहले दावा किया गया था कि गुड्डू मुस्लिम की लोकेशन पुलिस को मिल गई है। उसकी अंतिम लोकेशन कर्नाटक में मिली थी। जिसके बाद एसटीएफ की टीम उसे पकड़ने के लिए नासिक से कर्नाटक गई थी। एसटीएफ की टीम ने गिरफ्तार के लिए इलाके की घेराबंदी भी करनी शुरू कर दी थी।गुड्डू मुस्लिम की तलाश यूपी पुलिस को उमेश पाल की हत्या के बाद से ही है। उमेश पाल की हत्या बीते 24 फरवरी को प्रयागराज में कर दी गई थी। इस हत्याकांड के बाद से ही लगातार छापेमारी जारी है लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

**अतीक के वकील ने कहा- अशरफ ने बताया था जान का खतरा**

28 मार्च को अशरफ को बरेली जेल प्रयागराज की एमपी एमएलए कोर्ट लाया गया था। इस दौरान अशरफ ने कहा था, ₹मुझे एक अधिकारी ने धमकी दी है। उसने कहा कि दो हफ्ते के बाद किसी बहाने से निकाला जाएगा और निपटा दिया जाऊंगा। मुझ पर लगे आरोप फर्जी हैं। यह मुझे, मेरे परिवार को और यूपी सरकार को बदनाम करने की साजिश है।


शाइस्ता परवीन की तलाश में दबिश देती पुलिस

### अतीक का साबरमती जेल से किया चैट हो रहा वायरल, बोला- इंशाअल्लाह सबका हिसाब होगा

अतीक अहमद का एक वॉट्सऐप चैट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अतीक के इस चैट को देखने से साफ पता चलता है कि यह धमकी से भरा चैट है। इसमें वह एक बिल्डर को धमकाते हुए लिखता है कि समय बदलेगा और हम फिर देंखेंगे। चैट में लिखा है कि ये सब कुछ पुलिस के शह पर ही हो रहा है।दावा किया जा रहा है कि चैट 7 जनवरी 2023 का है। जो साबरमती जेल से किया गया है। हालांकि दैनिक भास्कर इस चैट की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। चैट में एक बिल्डर से अतीक पैसे वापस देने को कहता है और धमकी वाले शब्दों का इस्तेमाल भी करते देखा जा सकता है।

### चैट में हिसाब करने की बात

अतीक अहमद ने बिल्डर को धमकाते हुए इस चैट में लिखा, बहुतों ने हमसे पूरे इलाहाबाद में फायदा उठाया, पर सबसे ज्यादा तुम्हारे घर ने। हमारे खिलाफ आज ऋणलिखा रहे हैं। ये सब पुलिस के शह पर काम हो रहा है। पुलिस ने शह देना बंद कर दिया... ।आपको आखिरी बार समझाता हूं। समय जल्दी बदलेगा। मैंने तो सब्र किया लेकिन मेरा कोई लड़का न तो डॉक्टर बनेगा और न ही वकील। केवल हिसाब होना है। जल्दी हिसाब शुरू करुंगा, इंशाअल्लाह।

### शाइस्ता का खत हो रहा वायरल, सीएम से जताई थी बेटों के एनकाउंटर की आशंका

उमेश पाल की हत्या के ठीक 3 दिन बाद 27 फरवरी 2023 को अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन ने उट योगी आदित्यनाथ को एक पत्र लिखा था। अब यह पत्र सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें शाइस्ता ने लिखा था- उमेश पाल हत्याकांड से उसके परिवार का कोई लेना-देना नहीं है। उनके दो नाबालिग बेटों को पुलिस कई दिन से उठाए है।उनके बच्चों की जान को खतरा है। पुलिस उनके बेटों का एनकाउंटर कर सकती है। पति अतीक अहमद और देवर अशरफ की पुलिस जेल में ही हत्या करा सकती है। शाइस्ता ने सीएम से इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की थी।

### लेटर में क्या लिखा, मुझे जानकारी नहीं

अब इस मसले पर अतीक के वकील विजय मिश्रा ने कहा कि जेल में मुलाकात के दौरान मुझसे भी अशरफ ने ऐसा कहा था। हालांकि वो लेटर किसके पास है, क्या लिखा है, इसकी मुझे जानकारी नहीं है। विजय के मुताबिक अशरफ को शक था कि ये सब कौन करवाने वाला है, लेकिन उसने उस आदमी का नाम नहीं लिया।विजय ने आगे बताया कि जब वो जिला जेल बरेली अशरफ से मिलने गए थे तो उन्होंने इस घटना के बारे में अशरफ से पूछा था। विजय के मुताबिक अशरफ ने उनसे कहा था, आप मेरे वकील हैं। मैं आपको नहीं बताऊंगा। आपको परेशानी हो सकती है। लेकिन मुझे धमकी पुलिस लाइन में दी गई थी।

# उमरे महाप्रबन्धक ने 05 रेल कर्मचारियों को प्रदान किए संरक्षा पुरस्कार

### अभिषेक राज बने माह मार्च, 2023 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी

**प्रयागराज।** मंगलवार को महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, सतीश कुमार द्वारा प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, मनीष कुमार गुप्ता एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए झांसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित 05 रेल कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए।

पुरस्कृत कर्मचारियों में चन्दन साहू, वरि.खण्ड अभियन्ता/धौलपुर/आगरा मण्डल, राम लखन, ट्रैक मेंटेनर, नैनी/प्रयागराज मण्डल, चन्द्रवीर मीणा, वरि. टेक्नीशियन/कै एवं वै / झांसी/झांसी मण्डल, हेमन्त राजौरिया, टेक्नीशियन/ कै एवं वै /झांसी/झांसी मण्डल एवं अभिषेक राज, स्टेशन मास्टर/ मैथा/प्रयागराज मण्डल शामिल हैं। अभिषेक राज, को माह मार्च, 2023 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा


रेल कर्मचारियों को पुरस्कृत करते उमरे महाप्रबंधक

पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। अभिषेक राज दिनांक 21.03.2023 को मैथा 00-08 की पाली में कार्यरत थे तो गाड़ी सं. 15658 से आल राईट सिगनल का आदान प्रदान करने के दौरान इंजन से 14वें कोच में हैवी ब्रेक बाइडिंग देखी। इन्होंने तुरंत वाकी-टाकी से लोको पायलट एवं गार्ड को सूचित किया और ओएचई आफ कराकर गाड़ी को रूकवाया। गाड़ी मैथा व रूरा स्टेशन के मध्य किमी सं. 1051/25 पर खड़ी हुई। चेक करने पर पाया गया कि ब्रेक शू में आग लग गई है जिसे अग्निशामक यंत्र का प्रयोग कर आग पर काबू पाया गया।इस प्रकार इनके द्वारा त्वरित कार्यवाही कर एक संभावित बड़ी दुर्घटना को रोका गया। इस प्रकार इन्होंने सतर्कता एवं पूर्ण लगन के साथ अपनी ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट सेवा की।

# "आजादी के अमृत महोत्सव' को अन्तर्गत 45 दिवसीय प्रस्तुतिपरक लोक नाट्य कार्यशाला का हुआ समापन

**प्रयागराज।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार (सी. एम. पी. जी. एस.) के सत्र अंधेर-23 के प्रधान में राजकीय कथा स्पर्श फिजिकल आर्ट एण्ट कल्वर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अमृतसर के बाकाण्ड की स्मृति दिवस पर कके दिनों तक राष्ट्रीय स्तर के गर्मियों के सानिध्य में प्रणताया क द्वारा 20 छात्र छात्राओं को रंगमंच की बारीक जानकारी दी गई प्रातः 11 से 12 बजे क्या एवं शाम को 4 बजे एक देश भक्ति एवं लोक संस्कृति आदि पर आधारित नाट्य प्रस्तुति को तैयार का समय तैयारी की गयी जिस्म शिक्षक इस प्रकार है कोलकाता के श्री प्रोबीर गुहा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के रंगको अभिनय द्वारा एवं मंत्र को मारिकियों की जानकारी थी। इसके अतिरिक्त शहर के स्थानीय रंगकर्मी श्री राजकुमार सिंह, श्री केके श्रीवास्तव श्री राकेश यादव, श्री बैजनाथ, श्री श्री भूपेन्द्र सिंह श्री संजय चौधरी एवं श्री उमेश कुशवाहा आदि के सानिध्य में प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया। दिनाचा 4 मार्च 2023 स्थान- चन्द्रशेखर आजाद पार्क गेट नं०-3 शहीद स्थल, आर्मी बैण्ड मंच गेट नं०-03) पर वरिष्ठ रंगकाम के प्रधीर गुहा के द्वारा कार्यशाला के उद्घाटन हुआ और कार्यशाला प्रारम्भ हुयी। 45 दिन तक लगातार चुक्त प्रशिक्षण चलता था, और शाम को नाट्य प्रस्तुति का पूर्वाभ्यास शहर के युवा रंगकर्मी ज्ञान चन्द्रवंशी द्वारा होती थी। आज दिनांक 13 अप्रैल एवं 14 अप्रैल 2023 को जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड के विषय पर आता प्रस्तुति भयानक बस्ता अत्याचार' का जिसका नाट्य लेखन, परिकल्पना, प्रशिक्षण एवं निर्देशन शहर के युवा रक्कर्ती ज्ञान चन्द्रवंशी के द्वारा भव्य-दिव्य मंचन हुआ। कार्यशाला समापन के उपरान्त साथ 6.30 मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के द्वारा द्वीप प्रज्जवलन एवं सारस्वती वंदना हो गाद्य प्रस्तुति के साथ उद्घाटन हुआ एवं उदघोषक श्री के. के. श्रीवास्तव के द्वारा मुख्य अतिथि पर आमंत्रित करके पुष्प गुच्छ के द्वारा स्वागत किया गया।

# दस भाषण सुनने से ज्यादा प्रभावशाली होता है एक नाटक देखना

**प्रयागराज।** प्रबुद्ध फाउंडेशन, देवपती मेमोरियल ट्रस्ट, बाबासाहब शादी डाट काम के संयुक्त तत्वावधान में विगत एक अप्रैल से यमुनापार की ग्रामसभा दौना में सात से सत्रह आयु वर्ग के बच्चो के सृजनात्मक कलात्मक और व्यक्तिव विकास के लिये संचालित एक तीस दिवसीय प्रस्तुतिपरक नाट्य कार्यशाला का समापन नागपुर महाराष्ट्र की प्रख्यात बहुजन महिला साहित्यकार डा. सुशीला टाकभौरे द्वारा लिखित नाटक जीवनं के रंग, जौनपुर निवासी अरुणांचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल प्रख्यात बहुजन साहित्यकार डा. माता प्रसाद द्वारा लिखित नाटक अछूत का बेटा और महादानी राजा बलि तथा मेरठ निवासी प्रख्यात बहुजन साहित्यकार सूरज पाल चौहान द्वारा लिखित कहानी परिवर्तन की बात जैसी चार नृत्य, गायन व नाट्य प्रस्तुतियों के साथ प्रबुद्ध रंग महोत्सव-2023 का समापन आगामी 30 अप्रैल 2023 को अपराह्न 02 बजे से सर्किट हाउस के पास स्थित उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के प्रेक्षागृह में किया जाएगा।

बहुजन साहित्य, कला और संस्कृति के संरक्षक संबर्धन और उसके विकास के साथ साथ बहुजन संस्कृति के पुनरस्थापत्य के लिये सतत समर्पित प्रबुद्ध फाउंडेशन द्वारा 30 अप्रैल को अपराह्न 02 बजे से सर्किट हाउस के पास स्थित उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के प्रेक्षागृह में आयोजित प्रबुद्ध रंग महोत्सव में आप सभी साथियो का सपरिवार साथी मित्रो के साथ हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन है।

# 4,06,816 लाख रुपये संग जुआरी गिरफ्तार

**प्रयागराज।** थाना अतरसुइया पुलिस व थाना मुट्ठीगंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मंगलवार को मुखबिर खास की सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर ताश के पत्तों से हार जीत की बाजी लगाकर जुआं खेल रहे थे पांच अभियुक्त विपिन भारद्वाज उर्फ नितिन पण्डा पुत्र बऊवा जी महाराज उर्फ पण्डा जी महाराज निवासी 132/111 कूंचाराय गंगा प्रसाद (कल्याणी देवी) थाना अतरसुइया, प्रयागराज शिवम मालवीय पुत्र स्व0 राकेश मालवीय निवासी 631 मालवीय नगर थाना मुट्ठीगंज प्रयागराज रंजीत वर्मा पुत्र स्व0 दक्खिनीदीन वर्मा निवासी अकबरपुर मिजार्पुर थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी संतोष कुमार पुत्र स्व0 विश्वनाथ निवासी ग्राम दानियालपुर थाना चरवर जनपद कौशाम्बी व अनिल कुमार पुत्र सुभाष कुमार निवासी 37 उमरपुर नींवा थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को थाना अतरसुइया क्षेत्रान्तर्गत स्थित नितिन



पुलिस की गिरफ्त में जुआरी

पण्डा का मकान कूचा राय गंगा प्रसाद से गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 26 ताश की गड्डी, 4,06,816 रुपये (चार लाख छः हजार आठ सौ सोलह रुपये) नकद, 01 सफेद धातु की सिल्ली वजन 533 ग्राम (कीमत करीब चालीस हजार रुपये) व 07 मोबाइल फोन बरामद किये गये। थाना अतरसुइया में मु0अ0सं0 40/2023 धारा 332/353 भादंवि0 व 3/4जुआ अधि0 मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्तों के खिलाफ कार्रवाई की गई गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे शामिक थानाध्यक्ष अतरसुइया योगेश प्रताप सिंह, उ0नि0 पखण्डू राम चौकी प्रभारी कल्याणी देवी, उ0नि0 एस0एम0 कासिम चौकी प्रभारी दरियाबाद, म0उ0नि0 अर्चना चौबे चौकी प्रभारी मीरापुर, उ0नि0 सचिन देव वर्मा, हे0का0 इनाम खां, हे0का0 रविन्द्र सिंह यादव, का0 शहनवाज, का0 अनुरूद्र प्रताप सिंह, का0 रजनीश कुमार यादव, चालक का0 संजय कुमार सिंह थाना अतरसुइया कमिश्नरेट प्रयागराज व थानाध्यक्ष मुट्ठीगंज आशीष कुमार चौबे, उ0नि0 मनोज कुमार सिंह चौकी प्रभारी मालवीय नगर, उ0नि0 नारद भारती, का0 नीरज, का0 अरविन्द, का0 यशवन्त सिंह थाना मुट्ठीगंज प्रयागराज मौजूद रहे।


अधीनस्थों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा करते सीडीओ

### सीडीओ ने किया टीएचआर प्लांट का निरीक्षण

फूलपुर। फूलपुर विकास खण्ड में विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे सीडीओ गौरव कुमार ने मंगलवार को अधीनस्थों संग बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विकासपरक योजनाओं में पारदर्शिता बनाए रखने के साथ ही कार्यों को ससमय पुरा करने का निर्देश दिया। प्रत्येक गांव में अमृतसरोवर तालाब पर अधिक से अधिक मजदूरों को काम देने के साथ ही उसे अतिशीघ्र पूर्ण करने को कहा। इस दौरान उन्होंने खोजापुर गांव स्थित टीएचआर प्लांट का भी निरीक्षण किया। सीडीओ के आने की खबर सुन सुबह से ही कर्मचारियों में अफरातफरी का माहोल रहा। मौके पर बीडीओ एचपी वर्मा,एडीओ पंचायत गुलाब चन्द पाण्डेय,एडीओ सहकारिता, एडीओ समाज कल्याण, ग्राम पंचायत अधिकारी धीरेन्द्र कुशवाहा, शशि यादव,अमित सिंह,मनोज वर्मा,अनिल मौर्य तकनीकी सहायक नन्द गोपाल,काशी नाथ, विरेन्द्र,मानिक सिंह, पन्ना लाल प्रजापति सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा का मिशन सत्ता हासिल करना नहीं बल्कि जनता की सेवा करना : लखन केशरी

**मेजा।** सिरसा नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा से घोषित प्रत्याशी के रूप में अंतिम दिन सोमवार को विपिन कुमार केशरी उर्फ लखन ने भाजपा नेताओं के साथ नामांकन कराया। गौरतलब हो कि नामांकन प्रक्रिया के पांचवे दिन और अंतिम दिन भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी विपिन केसरी उर्फ लखन केसरी भाजपा नेताओं और सैकड़ों समर्थकों के साथ तहसील परिसर पहुंचे, जहां अपने प्रस्तावक के साथ नामांकन काउंटर पर पहुंचकर पर्चा दाखिल किया।

गौरतलब है कि भाजपा ने दूसरी बार लखन पर भरोसा जताते हुए प्रत्याशी घोषित किया है, जबकि सपा ने श्याम कृष्ण यादव उर्फ पप्पू पर जीत की हैट्रिक के लिए तीसरी बार भरोसा जताया है। 2017 के चुनाव में सपा ने जीत दर्ज करते हुए लगभग 426 मतों से भाजपा को


नामांकन के दौरान लखन केशरी के साथ समर्थक

शिकस्त दिया था। वहीं जानकारों का मानना है कि इस बार भी भाजपा व सपा की आमने-सामने सीधी टक्कर हो सकती है। लखन केसरी ने कहा कि पार्टी का मिशन सत्ता हासिल करना नहीं बल्कि नगर वासियों की सेवा करना और उसे समृद्ध बनाना है, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास पार्टी का मूल मंत्र है और इसी को ध्यान में रखते हुए भाजपा पार्टी सकारात्मक काम कर रही हैं और आगे भी करती रहेगी।वही सपा से पप्पू यादव तीसरी बार जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कमर कस चुके हैं। नामांकन के बाद वरिष्ठ भाजपा नेता जयशंकर पांडे,रतन केशरी,विनय शुक्ला,रूप नारायण मिश्रा ने अध्यक्ष पद के प्रत्याशी लखन केसरी को बधाई दी।

# सपा के घोषित मेयर, नगर पंचायत अध्यक्षों एवं पार्षद प्रत्याशियों के पर्चे वैध

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी द्वारा घोषित मेयर, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों के दाखिल सभी पर्चे वैध हो गए हैं। सपा महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन, जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव एवं यमुनापार पप्पूलाल निषाद ने आज संयुक्त जानकारी देते हुए बताया है कि समाजवादी पार्टी के सिम्बल पर नामांकन करने वाले सभी प्रत्याशियों के पर्चे आज वैध घोषित हो गए हैं। सपा के सभी प्रत्याशी,नेता एवं कार्यकर्त्ता अब चुनाव मैदान में उतरेंगे। चुनाव में जीत के लिए आवश्यक रणनीति पर चर्चा कर योजना तैयार कर ली गई है। प्रत्याशियों को चुनाव जीतने के लिए आवश्यक टिप्स देने के लिए शीघ्र ही वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक बुलाई जाएगी।आज सपा के जिला कार्यालय में हुई बैठक में जिला एवं महानगर के पदाधिकारियों के साथ वरिष्ठ नेता राम मिलन यादव, राम सुमेर पाल, रविन्द्र यादव एडवोकेट, दान बहादुर मधुर, कुलदीप यादव, रिपु सूदन यादव, दिनेश भारतीय, लल्लन सिंह पटेल आदि मौजूद रहे। दान बहादुर मधुर पूर्व जिला प्रवक्ता सपा प्रयागराज सपा के घोषित,मेयर, नगर पंचायत अध्यक्षों एवं पार्षद प्रत्याशियों के पर्चे वैध। नगर पंचायत के 8में से 6एवं पार्षद के 100 में से 98 सींटो पर सपा ने सिम्बल दिए। समाजवादी पार्टी द्वारा घोषित मेयर, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद प्रत्याशियों के दाखिल सभी पर्चे वैध हो गए हैं। सपा महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन, जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव एवं यमुनापार पप्पूलाल निषाद ने आज संयुक्त जानकारी देते हुए बताया है कि समाजवादी पार्टी के सिम्बल पर नामांकन करने वाले सभी प्रत्याशियों के पर्चे आज वैध घोषित हो गए हैं। सपा के सभी प्रत्याशी,नेता एवं कार्यकर्त्ता अब चुनाव मैदान में उतरेंगे। चुनाव में जीत के लिए आवश्यक रणनीति पर चर्चा कर योजना तैयार कर ली गई है। प्रत्याशियों को चुनाव जीतने के लिए आवश्यक टिप्स देने के लिए शीघ्र ही वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक बुलाई जाएगी।

# भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए जुट जाएं सभी लोग : नीलम करवरिया

**उरुवा।** नगर पंचायत चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विपिन कुमार उर्फ लखन केशरी की जीत को लेकर भाजपा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने सिरसा में पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं के साथ बैठक किया। जिसमें उन्होने स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकताओं के साथ चुनाव को लेकर रणनीति बनाई। पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एक एक घरों में जाएं और वहां मतदाताओं को सिर्फ भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में समझाएं। सभी लोग हर मतदाता को जागरूक करें कि भाजपा ने विकास के लिए हर क्षेत्र में जो कार्य किया है,वह दूसरी पार्टी कभी नहीं कर सकती। उन्होने कहा कि हमें लोगों को यह बताना है कि हमारी पार्टी की सरकार ने


सिरसा में भापाइयों के साथ बैठक करतीं मेजा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया

व्यापारियों, गरीब, किसान, छात्र और महिलाओं को भी सशक्त और आत्म निर्भर बनाने में कोई कमी नहीं की है। इसके अलावा स्वास्थ्य, शिक्षा, पेंशन, सड़क, बिजली और पानी आदि व्यवस्थाओं को लेकर भाजपा सरकार ने जो भी काम किया है उसका लाभ सीधे हमारे देश और प्रदेश की हर एक जनता को मिल रहा है। इस दौरान मेजा की पूर्व विधायक नीलम करवरिया ने सभी भाजपाइयों से चुनाव में जुट जाने को कहा। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व चेयरमैन रतन केशरी, भानू अग्रवाल, चंद्र प्रकाश केशरी, रमेश केशरी, मंजेश सेठ, प्रधान फतेह बहादुर निषाद, विनय यादव, राणा सेठ, भाजपा के सिरसा चुनाव प्रभारी अमर सिंह पटेल, रामकृष्ण जायसवाल, रमाशंकर जायसवाल, बच्चा केशरी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### पुलिस पर मारपीट व लूटपाट का अरोप

**कौशाम्बी।** करारी कोतवाली के इब्राहिमपुर गांव की एक महिला ने दीवरकोतारी चैकी पुलिस पर मारपीट व लूटपाट का आरोप लगाया है। आारेप है कि पुलिस उसे बेवजह परेशान कर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रही है। मंझनपुर पहुंच पीड़िता ने शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। एसपी ने सीओ सिटी को जांच के निर्देश दिए है। सुमित्रा देवी पत्नी देवनारायण ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पति की चार साल पहले ट्रैक्टर के नीचे दबकर मौत हो चुकी है। वह ओसा में किराए का कमरा लेकर पांच वर्षीय बेटे के साथ रह रही है। आरोप है चार अप्रैल को दीवरकोतारी चैकी पुलिस उसके घर पर पहुंची। घर के भीतर जबरन घुसते हुए तलाशी लेनी शुरू कर दी। इस पर महिला ने विरोध किया तो उसे पीटते हुए घर में रखे पांच हजार नकद के साथ जरूरी कागजात छीन लिए। इसके बाद फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हुए चले गए। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सीओ सिटी को जांच का निर्देश दिया है।

# सवारियों से भरी अप्पे पलटी कई लोग घायल

**दारानगर, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के कनवार गांव के समीप मंगलवार को सवारियों से भरी अप्पे अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में अप्पे में सवार कई लोग घायल हो गए। वहीं आसपास रहे लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराकर हादसे की जानकारी उनके परिवारीजनों को दिया है।

घटना का जिक्र करें तो बिहार प्रांत से मजदूरी कर ईद के अवसर पर घर वापस घर लोट रहे लोगों ने प्रयागराज स्टेशन से अप्पे बुक किया था। कहा जा रहा है कि अप्पे में सवार सभी लोग सैनी के कनवार गांव के समीप पहुंच गए थे, इस दौरान अप्पे एक एक्शल टूट जाने के कारण जब तक चालक अप्पे को नियंत्रित कर पाता तब तक अप्पे पलट गया। हादसे में



अस्पताल में मौजूद घायलों के परिजन

फतेहपुर जिले के हथगांव थाना निवासी नफीस अहमद, रिजवान, शकील, किबला, अमर सिंह, सिब्बी आदि लोग सवार थे। हालांकि घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा गया था।

# घर- घर दस्तक अभियान के तहत आशा कर रहीं जागरूक

**अभियान**

**हीटवेव व लू से भी बचाव के साथ स्कूल न जाने वाले बच्चो की बनाई जा रही सूची**

**कौशाम्बी।** जिले में सोमवार से दस्तक अभियान शुरू हो गया हैं। यह अभियान विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत 30 अप्रैल तक चलेगा।

जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि इस बार दस्तक अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी स्कूल न जाने वाले बच्चो को भी चिन्हित कर सूची भी तैयार कर हीटवेव व लू से बचाव के लिए सावधानी बता रही हैं। आशा वेक्टर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया फाइलेरिया की रोकथाम के लिए घर घर जाकर लोगों को जागरूक का रही है। वही अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ता बुखार, टीबी,




कोविड आदि लक्षणों वाले व्यक्ति के बारे में घर-घर जाकर पूछताछ कर रही है तथा लक्षण मिलने पर चिह्नित कर उन्हें अस्पताल भी भेज रही हैं। साथ ही कुपोषित बच्चो को चिन्हित कर सूचि तैयार कर रही हैं। उन्होंने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क एंबुलेंस की सेवा भी उपलब्ध रहेगी। तथा लक्षण मिलने वाले व्यक्ति का पूरा नाम पता और मोबाइल नंबर सहित पूरा विवरण एएनएम के माध्यम से ब्लॉक मुख्यालय तक भेजा जाएगा।

जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने यह भी बताया कि एक अप्रैल से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा हैं जिसमे क्षेत्र में सयुंक्त सहयोग से संचारी रोग रोकथाम के कार्य किये जा रहे हैं। इसमें संवेदनशील क्षेत्रो में साफ सफाई, छिडकाव, तथा व्यापक प्रचार प्रसार वाल पेंटिंग किया जा रहा हैं। विभाग की मलेरिया की टीम घर घर विजिट कर कूलर की सफाई आस पास के खुले खाली प्लाटो की सफाई नाली नालो की सफाई एवं छिडकाव कराया जा रहा हैं। कोविड-19 को लेकर मास्क और उचित दूरी बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# मधुमक्खियों के हमले से एक की मौत, महिला गंभीर

**कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थाने के शेख सरवा गांव में मंगलवार सुबह खेतों में गेहूं की फसल काटने गए दंपति पर मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। मधुमक्खियों के हमले से पति की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रुप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर जुटे लोगों ने महिला को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। खाझा प्रसाद यादव (60) कल्लू किसानी करता था। मंगलवार सुबह वह खेतों में गेहूं की फसल काटने के लिए पत्नी तुलसी देवी के साथ गया था। इस बीच खेत के रास्ते में पड़ा कांटा तुलसी देवी के पैर में चुभ गया। कांटे को निकालने के लिए खाझा प्रसाद समीप ही बबूल के पेड़ से एक कांटा तोड़ने लगे। पेड़ की डाल को पकड़ते ही उसमें लगी मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। बचने के लिए वह पास स्थित तालाब में कूद गए। तालाब के



दलदल में वह फंसकर चीखने लगे। इसी दौरान मधुमक्खियों ने तुलसी पर भी हमला कर दिया। शोर सुनकर मौके पर जुटे ग्रामीणों ने खाझा प्रसाद को तालाब से बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जबकि गंभीर हालत में पत्नी तुलसी को लोगों ने प्रयागराज के निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। घटना की जानकारी होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

## बगैर अनुमति के ध्वस्त कराया गया पंचायत भवन

**कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के उरई अशरफपुर ग्राम प्रधान ने अफसरों की स्वीकृति बगैर पंचायत भवन को मजदूर लगाकर ध्वस्त करा दिया। सेक्रेट्री को इसकी जानकारी हुई तो शिकायत डीपीआरओ से की। इसके बाद ग्राम प्रधान ने भवन का निर्माण फिर से शुरू करा दिया है। बता दें कि गांव में लाखों की लागत से बना पंचायत भवन रंग रोगन कराने लायक था। ग्राम प्रधान ने चार माह पहले पंचायत भवन ध्वस्त करा दिया। गांव में तैनात सेक्रेट्री ने डीपीआरओ डॉ. बाल गोविंद श्रीवास्तव को बगैर अनुमति भवन ध्वस्त कराने की जानकारी दी। डीपीआरओ ने मौके पर जाकर जांच की और जानकारी डीएम सुजीत कुमार को दी। डीएम ने निर्माण सामग्री का मूल्यांकन कराते हुए निर्माण कराने का निर्देश दिया है। डीएम के हस्तक्षेप के बाद ग्राम प्रधान ने पंचायत भवन का निर्माण आधा-अधूरा करा दिया है। मामले में डीपीआरओ का कहना है कि निर्माण सामग्री का मूल्यांकन नहीं हुआ है। इसके चलते निर्माण रुका है। जल्द ही मूल्यांकन कराकर निर्माण कार्य पूरा करा दिया जाएगा।

# सरकारी नलकूप के जिम्मेदार की कार्यवाही पर सवालिया निशान

**सवाल**

**इलाकाई लोगों ने खड़े किए सवाल, कहा कार्यवाही में कुछ को राहत तो कुछ पर आफत**

**दारानगर, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के टेढ़ीमोड़ अंदावा में सरकारी नलकूप 23 के लगा हुआ है जिसके आगे नलकूप की काफी जमीन छूटी हुई है। जिस पर आसपास के गांव के कई लोग गोमती रखकर कब्जा किए हैं। इन दुकानकदारों के कब्जा करने से जहां एक तरफ नलकूप के कार्य में बाधा पहुंचती है वहीं हाइवे और लिंक मार्ग का मोड़ होने के कारण अकसर जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए सरकारी जमीन पर कब्जा किए हुए दुकानदारों को हटाने की कवायद नलकूप जिलेदार राजा राम सिंह के द्वारा की गई। कहा जा रहा है कि जिलेदार ने वहां पर रखे गुमटी दुकानदार रामबाबू, शिवकरन, रईस अहमद, राहुल, गुड्डू के नाम नोटिस जारी करते हुए गुमटियों को हटाने का निर्देश दिया। जिस पर सभी ने अपनी



भूमि के पास मौजूद दुकानें

गुमटी हटाते हुए जगह खाली कर दिया। इतना ही नहीं आरोप है कि जिलेदार अभी भी उक्त जमीन पर इंदल पटेल, मलखान और ऋतिक सोनकर लल्ला सोनकर का कब्जा नहीं हटवा रहे हैं। क्या उनसे सांठगांठ है। आखिर नोटिस जारी करने में दोहरा मापदंड क्या अपनाया है। बहरहाल इसे लेकर लोगों में आक्रोश भी देखा जा रहा है।

# युवा कांग्रेस अध्यक्ष ने किया यंग इंडिया के बोल प्रतियोगिता का विमोचन

**विमोचन**

**कांग्रेस के महत्वाकांक्षी प्रोजक्ट को पदाधिकारियों पहना रहे अमली जामा**

**कौशाम्बी।** जिले में कौशाम्बी युवा कांग्रेस अध्यक्ष ई अंकुर शुक्ला की अध्यक्षता में यंग इंडिया के बोल सीजन-3 प्रतियोगिता का विमोचन किया गया। यंग इंडिया के बोल कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया भारतीय युवा कांग्रेस का एक महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट हैं, जिसके तहत आम और सामान्य पृष्टभूमि के प्रतिभाशाली युवाओं को कांग्रेस पार्टी द्वारा राजनीतिक मंच मुहैया कराया जाता हैं। इस अवसर पर जिला ई अंकुर शुक्ला ने बताया की जिस दौर में भाजपा नागरिकों की अभिव्यक्ति पर आक्रमण कर रही हैं उस दौर में युवा कांग्रेस देश के युवाओं को बोलने का मंच प्रदान कर रही हैं। आम और



पदाधिकारियों का स्वागत करते कांग्रेसजन

सामान्य परिवार के युवाओं को राजनीति से जोड़कर सहभागी लोकतंत्र को मजबूत बनाना इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य हैं। पिछले दो सीजन की अभूतपूर्व सफलता के बाद अब हम तीसरा सीजन शुरू कर रहे हैं। ह्लजिला उपाध्यक्ष कांग्रेश आशीष मिश्रा (पप्पू)ने कहा आज देश महंगाई, बेरोजगारी, सार्वजनिक संपत्तियों की बिक्री, चीनी घुसपैठ, किसान समस्या, गिरती हुई अर्थव्यवस्था जैसे कई अन्य ज्वलंत मुद्दे हैं किंतु भाजपा सरकार इन असल मुद्दो से देश का ध्यान भ्रमित करने के लिए निरर्थक व उन्मादी मुद्दो को हवा देने का काम करती हैं, ऐसे में इस प्रतियोगिता का सीजन - 3 भी देश के युवाओं की मुखर आवाज बनने का काम करेगा। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के प्रदेश सह संयोजक प्रांजल तिवारी ने कहा कि इस अघोषित आपात काल में ष्यंग इंडिया के बोलष जैसे कार्यक्रम समाज का आवाज बन रहे है और पूरे देश में युवा बड़ी संख्या में अपनी आवाज उठाने के लिए यंग इंडिया के बोल कार्यकम से जुड़ रहे है।

इस अवसर पर जनपद संयोजक सर्वेश धर, डॉक्टर राजेश त्रिपाठी, नरेश तिवारी, अभिषेक मिश्रा, अमित द्विवेदी आजाद, मकबूल अहमद, जितेंद्र शर्मा ,सचिन शुक्ला, कुलदीप सिंह, अर्जुन विश्वकर्मा आदि अधिक संख्या में साथी उपस्थित रहे।

### लाइसेंस को निवेश मित्र सिंगल विण्डों पोर्टल पर करें ऑनलाइन

**कौशाम्बी।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी श्री महन्थ प्रजापति ने जनपद में स्थापित सभी कारखानों (कारखाना, मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट्स, राइस मिल, फ्लोर मिल, दाल मिल, आटो मोबाइल सर्विस सेन्टर, केल्ड स्टोरेज, आइस प्लान्ट इत्यादि) के स्वामियों को सूचित किया है कि वे अपने कारखानों का निवेश मित्र सिंगल विण्डों पोर्टल के माध्यम से कारखाना अधिनियम-1948 के अन्तर्गत ऑनलाइन पंजीकरण कराते हुए लाइसेन्स प्राप्त करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार वेधानिक कार्यवाही की जा सकती है।

### श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मिलता है बैंकुंठ

**कौशाम्बी।** श्रीमद् भागवत कथा सुनने वाले को मृत्यु के बाद सीधे वैकुंठ धाम मिलता है। जीवात्मा के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। यह बातें नगर पालिका परिषद भरवारी में कथा वाचक अतुल कृष्ण भार्गव जी ने श्रोताओं से कहीं। पानी टंकी स्थित प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में चार दिनों से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। चैथे दिन कथा वाचक अतुल कृष्ण भार्गव ने सबसे पहले श्रीमद् भागवत कथा के सुनने का मर्म श्रोताओं को बताया। कहा कि भागवत कथा सुनने वाले प्राणी को मृत्यु के बाद बैकुंठ में स्थान मिलता है। इसलिए कथा पूरे मनोयोग से चिंतामुक्त सुननी चाहिए। इसके बाद उन्होने श्रोताओं को ध्रुव-प्रहलाद की कथा सुनाई। बताया कि ध्रुव व प्रहलाद का जीवन बाल्यकाल से संकट में था। भक्तिभाव के चलते भगवान श्रीहरि विष्णु ने उनके संकट को दूर कर जीवन धन्य किया। इस मौके पर सुंदर लाल गुप्ता, पित्तन देवी गुप्ता, संजय गुप्ता, संगीता देवी, कपिल गुप्ता, आरती गुप्ता, भगवानदीन गुप्ता, नवल किशोर गुप्ता, शिवम् गुप्ता, जगदीश शिवहरे, नीरज गुप्ता, अरुण गुप्ता समेत सैकड़ा महिला, पुरुष मौजूद रहे।

## युवक को कमरे में बंद कर पीटा

**कौशाम्बी।** कुशीनगर के युवक को कबूतरबाज ने घर बुलाकर बंधक बनाते हुए बेरहमी से पीटा। फर्जी वीजा व पासपोर्ट देने का विरोध करने पर युवक के साथ मारपीट हुई। युवक थाने पहुंचा और शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कुशीनगर के तरैया सुभाष नगर निवासी मोहम्मद इदरीश की कड़ाधाम इलाके में रिश्तेदारी है। पुलिस को बताया कि साल भर पहले उसने अफजलपुर सातों गांव के मोहम्मद सुहैल से सऊदी का वीजा व पासपोर्ट मांगा था। सौदा तय होने के बाद रकम भी दी। रकम लेने के बाद आरोपित ने युवक को फर्जी वीजा व पासपोर्ट थमा दिया। फजीर्वाडे की जानकारी युवक को सऊदी एअरपोर्ट पर हुई। किसी तरह वह वहां से घर लौटा। इसके बाद आरोपितों से रकम वापस मांगी। कबूतरबाज ने बहाने से युवक को घर बुलाया। घर पर आने के बाद उसे बंधक बना लिया और कमरे में बंद कर बेरहमी से पीट दिया। किसी तरह वह जान बचाकर रिश्तेदार के घर पहुंचा। थाने पहुंच पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने आरोपित युवक व उसके साथियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### चार जुआरियों को पुलिस ने भेजा जेल

**कौशाम्बी।** सदर कोतवाली पुलिस ने कादिराबाद गांव के समीप जुआ खेल रहे चार जुआरियों को पकड़ लिया। पुलिस ने मौके से एक हजार रुपए नकद के साथ ताश के पत्ते बरामद किए। पकड़े गए झल्लर सिंह, शारदा प्रसाद, फुदुन, सुभाष चंद्र निवासी कादिराबाद बताए गए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपित अर्से से जुए की फड़ संचालित कर रहे थे। पुलिस ने आरोपितों को जेल भेज दिया है।

# घटिया निर्माण कार्य पर भड़के ग्रामीण, काम ठप

**कौशाम्बी।** सिराथू ब्लाक के रामपुर धमांवा गांव में जिला पंचायत से नाला निर्माण का कार्य हो रहा है। घटिया निर्माण को लेकर मंगलवार को ग्रामीण खफा हो गए। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि को मौके पर बुलाया। घटिया कार्य को देखकर प्रतिनिधि ने काम बंद करवा दिया। रामपुर धमांवा गांव में जिला पंचायत से 600 मीटर नाला का निर्माण कार्य हो रहा है। मंगलवार को गांव के रितेश कुमार, हरीलाल, रमेश कुमारा, गुलाब, रामप्रसाद, दशरथ लाल आदि निर्माण की गुणवत्ता पर ठेकेदार से सवाल-जवाब किया। इसके बाद उन्होंने मामले की जानकारी जिला पंचायत सदस्य सीमा देवी के प्रतिनिधि अनिल अग्निहोत्री को जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि 100 मीटर तक नाला सही बना है, लेकिन इसके बाद घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। आरोप लगाया कि गिट्टी मानक के अनुसार नहीं प्रयोग की जा रही है। इसके अलावा सरिया, बालू आदि सामग्री में भी धांधली की जा रही है। प्रतिनिधि ने काम बंद करवा दिया है। साथ ही इसकी जानकारी अधिकारियों को दी है।

### चापड़ के साथ पकड़ा गया युवक

**कौशाम्बी।** महेवाघाट कोतवाली पुलिस ने अधावां गांव के समीप संदिग्ध दशा में खड़े युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने तलाशी लेते हुए युवक के कब्जे से चापड़ बरामद किया है। पकड़ा गया युवक अंधावां गांव का योगेश सिंह बताया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपित घटना की फिराक में साथियों का इंतजार कर रहा था। पुलिस ने युवक को जेल भेज दिया है।

## सरकारी विद्यालय में नामांकन को किया जागरूक

**कौशाम्बी।** विकासखण्ड नेवादा के कम्पोजिट विद्यालय मिश्रपुर डाहिया में विद्यालय के कर्मचारियों व छात्रों के सहयोग से ग्रामीणों को जागरूक किया गया। शिक्षकों व छात्रों ने विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिए ग्रामीणों की मदद मांगी, अभिभावकों प्रेरित किया और शिक्षा के महत्व को समझाया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने हांथो में बैनर व तख्तियां लेकर नामांकन व शिक्षा से जुड़े प्रेरक नारे बुलंद किये। इस दौरान प्रधानाद्यापक राबिया, सहायक अध्यापिका- भावना मिश्रा, किरन, प्रेमलता सिंह, उमा सिंह, कुसुम सिंह, शिक्षक दिनेश सिंह व शिक्षा मित्र- हरिश्याम पाण्डेय व रेखा मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# श्रीमद्भगवत कथा में बह रही भक्ति की बयार





श्रीमद् भगवत कथा का प्रवचन करते कथा वाचक वेद व्यास जी महराज, पांडाल में मौजूद भक्तों की भीड़।

**भरवारी के महेशपुर रामनगर में आयोजित हो रही भव्य श्रीमद्भगवत कथा**

**कथा के साथ आयोजित हुआ श्रीकृष्ण, रूक्मिणी विवाह का मंचन**

**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के महेशपुर रामनगर में पिछले 13 अप्रैल से भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भगवत का कार्यक्रम शुरू हुआ। मंगलवार को कार्यक्रम स्थल पर कथा के साथ-साथ भगवान श्रीकृष्ण व रूक्मिणी विवाह का मंचन भी हुआ। इस दौरान कथा वाचक पं. सुनील जी शास्त्री श्रीधाम वृंदावन के मुखारविंदों से भगवत कथा का भक्त रसपान कर रहे हैं।

कार्यक्रम के यजमान श्री प्रकाश त्रिपाठी पत्नी दुर्गा देवी, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी पत्नी सुशीला देवी, डा. सूर्य प्रकाश त्रिपाठी पत्नी लीलावती त्रिपाठी आदि लोग भव्य कार्यक्रम आयोजित करा रहे हैं। मंगलवार को कथा वाचक पं. सुनील जी शास्त्री द्वारा भगवान श्रीकृष्ण व रूक्मिणी विवाह की कथा भक्तों को सुनाई गई। इतना ही नहीं श्रीकृष्ण व रूक्मिणी विवाह का मंचन भी हुआ। जबकि 19 अप्रैल को सुदामा चरित्र, भागवत सार, 20 अप्रैल को महाप्रसाद एवं गयाजी का भंडारा होगा। वहीं कार्यक्रम पांडाल में प्रत्येक दिन भक्तों की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। इस दौरान नरेंद्र कुमार त्रिपाठी, जगदीश त्रिपाठी, अजय त्रिपाठी, वीरेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र कुमार त्रिपाठी, अनूप त्रिपाठी,शुभम पांडेय,शिवांशू त्रिपाठी सहित तमाम लोगों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर आए लोगों का स्वागत किया जा रहा है।

## संक्षेप

### मारपीट में पांच घायल

**प्रतापगढ़।** कुंडा के रायपुर भरखी गांव में जमीन के विवाद को लेकर मारपीट हो गई जिसमें राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल (61) पुत्र राम सजीवन तथा शास्वत (15) पुत्र शिव शंकर जायसवाल गंभीर रूप सेघायल हो गए। वहीं हथिगवां थाना क्षेत्र के हमीरपुर बरना गांव निवासी सीमा देवी (38) पत्नी पुरुषोत्तम सरोज को आपसी रंजिश में पड़ोसियों ने पीटकर घायल कर दिया। उधर, मंठन जहानाबाद निवासी दिलीप कुमार सरोज (38) पुत्र राम विशाल सरोज तथा कुलदीप सरोज (28) पुत्र कमलेश सरोज को गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। परिजन घायलों को सीएचसी ले जाने के बाद आरोपितों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

# अपर जिला जज ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़।** जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिला कारागार का अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने निरीक्षण किया एवं बन्दियों को विधिक रूप से जागरूक किया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक रमाकान्त ने अवगत कराया गया कि जिला कारागार में 1109 बन्दी निरूद्ध है जिसमें 913 विचाराधीन बन्दी है। इसमें 28 महिला तथा 838 पुरूष एवं किशोर (18 से 21 वर्ष आयु समूह) बन्दियों की संख्या 47 है। सिद्धदोष बन्दियों की संख्या 186 बतायी गयी जिसमें 04 महिला बन्दी व 182 पुरूष बन्दी शामिल है। जेल में निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ कुल 06 बच्चे रह रहे है जिसमें 03 बच्चे पढ़ाई के लिये स्कूल जाते है। सचिव द्वारा जिला कारागार में स्थित महिला बैरक, पाकशाला, जेल अस्पताल, लीगल एण्ड क्लीनिक एवं वीडियो कान्फ्रेसिंग रूम सहित जेल परिसर की साफ-सफाई, महिला बन्दियों की तलाशी रूम का निरीक्षण किया गया। प्रत्येक बैरिक में मनोरंजन के लिये टी0वी0 लगी है जो चालू हालत में बतायी गयी। इस अवसर पर जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जिन बन्दियों को अपने मुकदमें की पैरवी हेतु निःशुल्क पैनल अधिवक्ता की आवश्यकता है उनके आवेदन पत्र लिखित रूप में प्राप्त करके उनके आवेदन पत्र रजिस्टर में अंकित कर-के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराये जिससे बन्दियों को उनके मुकदमें की पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर सचिव द्वारा जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों को उनके अधिकारों एवं प्लीबारगेनिंग के सम्बन्ध में विधिक जानकारी देते हुये जागरूक किया गया। इस अवसर पर जेल विजिटर विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट द्वारा किशोर बन्दियों को उनके विधिक अधिकारों एवं प्लीबारगेनिंग तथा जमानत के सम्बन्ध में विधिक जानकारी देते हुये जागरूक किया गया। उन्होने बताया कि शासन द्वारा लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल पद पर 04 अधिवक्ताओं की नियुक्ति राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार की गई है, जिन बन्दियों के पास मुकदमें की पैरवी हेतु अधिवक्ता नही है उन बन्दियों के मुकदमों की पैरवी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पद पर चयनित अधिवक्ताओं द्वारा की जायेगी। निरीक्षण के दौरान उप जेलर द्वारा जानकारी दी गयी कि जेल में निरूद्ध अधिकांश सिद्धदोष बन्दियों की अपील हो चुकी है, जिन बन्दियों की अपील नही हुई है उनके अपील किये जाने हेतु कार्यवाही करायी जा रही है। जेल निरीक्षण के दौरान जेल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिला कारागार की प्रतिदिन साफ-सफाई कराने, जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक को नियमित रूप से संचालित करते हुये अभिलेखों को दुरूस्त कराने की समुचित व्यवस्था की जाय। बढ़ रहे कोरोना के प्रभाव के दृष्टिगत रखते हुये बीमारी से बचाव के लिये दवा का छिड़काव सभी बैरकों एवं जेल परिसर में कराना सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर जेल अधीक्षक रमाकान्त, जेलर राजेश कुमार पाण्डेय, उप जेलर आफताब अहमद अंसारी व सुनील कुमार द्विवेदी, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल महावीर यादव, असिस्टेण्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल ताजीन फातिमा आदि उपस्थित रहे।

## माफिया के हत्यारों के बंद होने से जिला जेल की चौकस निगरानी, डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण



**प्रतापगढ़।** माफिया अतीक व अशरफ के हत्यारों के जिला कारागार में बंद होने से जेल की चैकसी बढ़ा दी गई है। अतीक व अशरफ के तीनों हत्यारों लवलेश तिवारी, शनि सिंह, व अरूण मौर्य को तन्हाई बैरक में रखा गया है। तीनों की सुरक्षा के लिए जेल प्रशासन ने विषेश निकरानी के लिए जेल कर्मियों को लगा रखा है। सुरक्षा का जायजा लेने के लिए डीएम डा0 नितिन बंसल व पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कारागार का निरीक्षण किया। जेल प्रशासन को तीनों की विशेष निगरानी के निर्देश दिए। डीएम व एसपी के अचानक जेल पहुंचने पर हड़कंप मचा रहा। जेलकर्मी सतर्क रहे। वैसे भी माफिया भाइयों के हत्यारों के जिला जेल में बंद होने से सुस्त पड़े जेल के अधिकारी व कर्मी चैकसी बरत रहे हैं। मुलाकातियों की भी गहन तलाशी ली जा रही है। डीएम व एसपी ने बैरकों के अलावा जेल के अन्य स्थानों का गहनता से निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान जेल अधीक्षक व डिप्टी जेल अधीक्षक आदि मौजूद रहे।

## भाई की जमीन का कर दिया बैनामा, एसडीएम से हुई शिकायत

**लालगंज।** विकासखण्ड लालगंज क्षेत्र के एक गांव में भाई ने अपने सगे भाई के हिस्से की जमीन को भी अपना बताकर उसका बैनामा करा दिया। लालगंज ब्लाक अर्न्तगत रायपुर तियाईं निवासी रामचरन ने एसडीएम को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र मे कहा है कि उसने अपने भाई श्यामलाल के साथ मिलकर बराबर की हिस्सेदारी में कुल बारह बिस्वा की जमीन का बैनामा लिया था। पीड़ित का आरोप है कि उसके भाई श्यामलाल ने अभिलेखों मे हेरफेर करते हुए धोखाधडी से अपने खुद की जमीन के साथ ही उसकी तीन बिस्वा जमीन का भी बैनामा अर्जुन जायसवाल के नाम कर दिया। पीडित की शिकायत पर एसडीएम ने जांच के निर्देश दिये। राजस्व टीम द्वारा की गयी जांच में पीड़ित की शिकायत सही पायी गयी। एसडीएम उदयभान सिंह का कहना है कि मामले मे दोषियों के खिलाफ उचित कडी कार्रवाई की जाएगी।

# टिकट न मिलने से नाराज कार्यकर्ता सांसद व जिलाध्यक्ष पर निकाल रहे खीझ

**नाराजगी**

**दोनों नेताओं के खिलाफ बीजेपी कार्यालय पर हुई नारेबाजी**

**प्रतापगढ़।** नगर निकाय चुनाव में टिकट न मिलने से नाराज कार्यकर्ता जिले के बीजेपी सांसद संगमलाल गुप्ता पर अपनी खीझ निकाल रहे हैं। सोसलमीडिया में भी सांसद व नाराज कार्यकर्ता की हाटटाक की आडियो वायरल हो रही है। भाजपा कार्यालय पर भी टिकट की चाहत रखने वालों के टिकट कटने पर उम्मीदवारों ने सांसद व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र दोनों नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नाराज कार्यकताओं का आरोप है कि सांसद का जिले में कोई जनाधार नहीं है। जुगाड़ के दम टिकट हालिस कर मोदी और योगी लहर में सांसद बन गये। क्षेत्र में पार्टी के लिए लगातार काम करने वाले कार्यकताओं को टिकट न दिलवाकर अपने चाटुकारों को नगर निकाय चुनाव में टिकट दिलवाए। इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। यही आरोप भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र पर भी लग रहे हैं। उन पर भी आरोप लगाया जा रहा है कि क्षेत्र में जनाधार वाले कार्यकताओं को दरकिनार कर अपने चाटुकारों को टिकट दिलवाने के लिए जिलाध्यक्ष ने एड़ी चोटी का दम लगा दिया।



नारेबाजी करते आक्रोशित कार्यकर्ता

### सपा पार्टी में भी टिकट न मिलने पर नाराज हैं कार्यकर्ता

बीजेपी की तरह सपा पार्टी में भी टिकट न मिलने पर कार्यकर्ता नाराज हैं। टिकट न मिलने से मायूस कार्यकर्ता जिम्मेदारों पर खीझ निकाल रहे हैं। दोनों पार्टियों में बगावत के सुर निकल रहे हैं। टिकट न मिलने से कार्यकर्ता नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष व सभासद के पद पर निर्दल उम्मीदवा के रूप में पर्चा दाखिल कर चुनाव मैदान में कूद पड़े हैं।

### लाखों खर्च के बाद भी नहीं मिला टिकट

अपना टिकट पक्का मानकर चल रहे चुनाव लड़ने की हसरत पाले पार्टी कार्यकताओं ने चुनाव घोषणा से पहले लाखों रुपए खर्च कर डाले। मतदाताओं के बीच पैसे को पानी की तरह बहाया। ऐसे सम्भावित उम्मीदवारों की गलती रही कि सांसद व जिलाध्यक्ष के दर पर कम हाजिरी लगाए। पर जो कार्यकर्ता दोनों नेताओं के दर पर लगातार हाजिरी लगा रहा था वह टिकट हासिल करने में सफल रहा। टिकट न पाने वाले अब दोनों नेताओं को कोस रहे हैं।

## अज्ञात चोरों ने लेखपाल की बाइक उड़ाई

**लालगंज।** तहसील मुख्यालय के बगल खडी लेखपाल की बाइक को दिनदहाडे अज्ञात चोरों ने उडा लिया। पीडित लेखपाल ने कोतवाली पुलिस को मामले की तहरीर दी है। सड़वा चन्द्रिका के अदमापुर निवासी रामनाथ पुत्र बद्रीप्रसाद लालगंज तहसील मुख्यालय पर लेखपाल के पद पर तैनात है। लेखपाल रामनाथ के अनुसार मंगलवार की सुबह वह तहसील पहुंचा। तहसील के बगल बने निरीक्षण गृह के गेट के पास बाइक खडी करके तहसील चला गया। दोपहर में पीडित लेखपाल किसी कार्य से बाहर आया तो बाइक गायब देख उसके होश उड गये। काफी खोजबीन के बाद भी लेखपाल की बाइक का पता नही चला। पीडित ने अज्ञात चोर के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

# सपा जिलाध्यक्ष गुलशन यादव पर छेड़छाड़ व लूट का मुकदमा

**मुकदमा**

**उनकी पत्नी सीमा यादव राजाभैया के खिलाफ चुनाव मैदान में**

**प्रतापगढ़।** कभी राजाभैया के करीबी रहे सपा जिलाध्यक्ष गुलशन यादव पर उनकी पड़ोसी महिला ने छेड़छाड़ व लूट का कुण्डा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। गुलशन यादव की पत्नी निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष कुण्डा सीमा यादव इस बार भी राजाभैया के खिलाफ चुनाव मैदान में है। चुनाव प्रचार के दौरान गुलशन यादव ने मतदाताओं से पत्नी सीमा यादव के लिए वोट मांगा। राजाभैया पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अध्यक्ष एक चुनिए कई नहीं। ऐसा अध्यक्ष न चुनिए जनता अपनी समस्या लेकर जाए तो कई अध्यक्षों से मिलना पड़े। इसके पहले गुलशन की पत्नी सीमा राजाभैया के समर्थन से कुण्डा नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव जीता था। राजाभैया ने ही गुलशन को नेता बनाया नाम और पैसा कमाया। परिस्थित वस अब दोनों एक दूसरे के घोर विरोधी बन गए हैं। दो दिन पूर्व गुलशन यादव की पड़ोसी महिला ने उन पर घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़ व लूट का मुकदमा कुण्डा कोतवाली में दर्ज कराया था। इसके पहले गुलशन यादव में कई संगीन मामले दर्ज हैं। कई मामलों में वह वर्षो जेल में रह चुके हैं। कुण्डा में राजाभैया के खिलाफ विधानसभा में सपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। मगर उन्हें हार का सामना करना पड़ा। गुलशन यादव अपनी चुनावी सभाओं में राजभैया को जमकर ललकारते नजर आते है। यहॉ तक कि चुनावी सभा में राजभैया के परिवार पर भी तीखे हमले किये हैं। जिसे देखते हुए कुण्डा पुलिस ने उनके खिलाफ विधानसभा चुनाव में मुकदमा दर्ज किया था।



चुनावी मैदान में गुलशन यादव व उनकी पत्नी

## अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने संस्थानों में किया माकड्रिल



आग लगने से बचाव के तरीके बताते हुए

**प्रतापगढ़।** अग्निशमन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय की अगुवाई में सोमवार को जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों व कालेजों में माकड्रिल कर आग से बचने के तरीके बताए। शासन के निर्देश पर 14 से 20 अप्रैल के बीच अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों ने शहर के वीमार्ट, वन इण्डिया मार्ट सहित जिले के विभिन्न इलाकों में स्कूल कालेजों व प्रतिष्ठानों में आग से बचने, बुझाने के तरीकों को अभ्यास कर सुझाया। विभाग के अधिकारी लीडिंग फायरमैन राधेश्याम दूबे, विजय बहादुर यादव, सत्य प्रकाश यादव व अन्य फायर स्टेशनों की टीम द्वारा आग से बचने की जानकारी देने के लिए अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, संस्थानों आदि में पम्पलेट के जरिए लोगों को आग पर विशेष निगरानी रखने के सुझाव दिए। इसके अलावा विद्युत उपकरणों की गहनता से जॉच कर चुस्त दुरूस्त रखने के भी सुझाव दिए।

## आगजनी में तीन बकरियां जलकर खाक किशोरी झुलसी

**लालगंज।** स्थानीय कोतवाली के पूरे बंशी गांव में अचानक आग लगने से मवेशियो का चारा व एक बाइक जलकर खाक हो गयी। आगजनी मे छप्पर मे बंधी तीन बकरियों ने भी दम तोड दिया। गांव के रामदेव के पुत्र रामचरन के मकान के सामने छप्पर में मंगलवार को दोपहर बारह बजे अचानक आग लग गयी। आग लगते ही परिवार के सदस्यो मे हडकंप मच गया। आग बुझाने के प्रयास में रामचरन की पन्द्रह वषीर्या पुत्री जानकी भी झुलस गयी। ग्रामीणों के साथ लालगंज से फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची। उसके बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। आगजनी में छप्पर मे रखा भूसा जल गया। वहीं एक बाइक भी जलकर राख हो गयी। झुलसी युवती को उपचार के लिए लालगंज अस्पताल लाया गया। आगजनी की घटना से ग्रामीणों मे भी अफरातफरी का माहौल देखा गया।



विद्यालय में डा. वीरेन्द्र मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित करती शिक्षिकाएं

### छात्राओं व शिक्षिकाओं ने अर्पित की डा. वीरेन्द्र को श्रद्धांजलि

**लालगंज।** नगर स्थित कमला नेहरू बालिका इण्टर कालेज में मंगलवार को छात्राओं एवं शिक्षिकाओ की शोकसभा में डा. वीरेन्द्र मिश्र के निधन पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डा. वीरेन्द्र मिश्र के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्या शोभा श्रीवास्तव ने कहा कि डा. वीरेन्द्र मिश्र द्वारा लालगंज क्षेत्र में बालिकाओं की शिक्षा के लिए विद्यालय के उत्तरोत्तर प्रगति मे दिया गया योगदान सदैव प्रेरणास्पद रहेगा। पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकांत ओझा की पत्नी माधुरी ओझा ने डा. वीरेन्द्र मिश्र के सामाजिक एवं शैक्षिक योगदान को बहुमूल्य ठहराया। पूर्व प्रधानाचार्या नीलम ओझा ने डा. वीरेन्द्र के द्वारा बालिका विद्यालय के शैक्षिक परिवेश को सुदृढ़ बनाने मे निभाई गई भूमिका को नारी सशक्तीकरण के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। कार्यक्रम का संचालन अंजू पाण्डेय ने किया। संयोजन घनश्याम मौर्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, निमिषा ओझा, राजमती त्रिपाठी, ऊषारानी शुक्ला, सीमा त्रिपाठी, सलमा खातून, अमृता तिवारी, श्वेता शुक्ला, कुसुमलता यादव ने भी डा. वीरेन्द्र के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर राघवेन्द्र त्रिपाठी, कीर्ति कुमार पाण्डेय, आकाश सोनी, पवन तिवारी, राहुल तिवारी, कृष्ण कुमार यादव, विनोद यादव, संजय तिवारी, राकेश तिवारी आदि रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर तहसीलदारों के साथ बैठक सम्पन्न

**प्रतापगढ़।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 मई 2023 के सम्बन्ध में जनपद न्यायालय के सभागार कक्ष में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह के निर्देशन में तहसीलदारों के साथ बैठक अपर जिला जज कक्ष संख्या-02 में नोडल अधिकारी लोक अदालत आलोक द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अपने न्यायालय से उन्हें अधिक से अधिक मामलें चिन्हित किया जाये ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कराया जा सके। बैठक में जावेद अन्सारी तहसीलदार सदर न्यायिक, सुप्रिया चतुवेर्दी तहसीलदार न्यायिक लालगंज एवं राम प्रकाश पाण्डेय, जुल्फिकार अली, अमन त्रिपाठी, विशाल त्रिपाठी, सुरेन्द्र कुमार सरोज, मुनीन्द्र प्रताप भारती पीएलवी गण उपस्थित रहे।



राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित तहसीलदार

# वृद्धाश्रम में भगवान के विभिन्न रूपों की सुनाई कथा



वृद्धा आश्रम परिसर में उपस्थित लोग

**प्रतापगढ़।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल एवं शीतला सहाय धर्मा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित वृद्धा आश्रम महुली में वृद्धजनों को भगवान के विबिन्न रूपों की कथा सुनाई गयी। श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ के चैथे दिन मधुकर महाराज ने भगवान के वामन अवतार तथा श्री कृष्ण जन्मोत्सव के चरित्र का वर्णन किया।संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि आज बाल कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर पूरा वृद्धा आश्रम परिसर गुब्बारे व फूल मालाओं से सजाया गया था। भगवान के जन्म पर सोहर और वृद्ध जनों ने भगवान श्री कृष्ण जन्म उत्सव नाचते-गाते मनाया। बेसहारा वृद्धजनों का उत्साह देखते ही बन रहा था। वृद्धजनों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही हमारा लक्ष्य है। यहां पर जो भी बुजुर्ग दिवंगत हुए हैं उन सबको वृद्धजन व आयोजकगण ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समाजसेविका रेखा उमरवैश्य, प्रबंधक अम्बिका प्रसाद, मैनेजर मानसिंह, श्याम किशोर जायसवाल, डॉ अवनीश पांडेय, डॉ राकेश तिवारी, डॉ अनूप सिंह, डॉ जितेन्द्र सिंह, सुरेश अग्रवाल, प्राचार्य शशिभाल त्रिपाठी, राजेश कुमार उमरवैश्य, अशोक अग्रवाल, शिवेश शुक्ला एडवोकेट, अर्चना खण्डेलवाल, राजीव कुमार आर्य आदि मौजूद रहे।

# अंधता निवारण के तहत स्कूली बच्चों को दिए गए चश्में

**प्रतापगढ़।** मंगरौरा ब्लाक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोहंडौर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम ने परिषदीय एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों का स्वास्थ्य परीक्षण किया था। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान 181 बच्चों का नेत्र जांच करा कर निशुल्क चश्मा हेतु चिन्हित किया गया था। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत (0-19) वर्ष तक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोहंडौर में तैनात डा0 अरुण कुमार गुप्ता, डा0 मोनाली मिश्रा, नेत्र परीक्षण अधिकारी सी एम शुक्ल , कैलाश बरनवाल एवं संतोष त्रिपाठी, स्टाफ नर्स संध्या मिश्रा, श्रद्धा मिश्रा के द्वारा किया गया था। जिन बच्चों की आंख कमजोर पायी गयी थी उन्हें दोबारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोहंडौर मे जाँच कराई गयी। राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के तहत टीम द्वारा मंगलवार को बच्चों को निरूशुल्क चश्मा वितरित किया गया। इस मौके पर नेत्र परीक्षण अधिकारी सी एम शुक्ला ने कहा हमारा लक्ष्य है ब्लॉक में दृष्टि दोष से ग्रसित कोई भी बच्चा जो सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय में पढ़ रहा है छूटने न पाए। सभी को समय से निशुल्क चश्मा प्राप्त हो सके जिससे वह अच्छी तरीके से पढ़ाई करते हुए अपने सुंदर भविष्य का निर्माण कर सकें। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोनाली मिश्रा ने कहा टीम भ्रमण के दौरान अध्यापकों द्वारा यह प्रयास किया जाय कि शत प्रतिशत बच्चे विद्यालय में उपस्थित रहें। जिससे अधिक से अधिक बच्चों को स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ मिल सके।



चश्मे के साथ बच्चे

## जनसंपादकीय

# किसी घर में पैदा न हो अतीक

आर.के. सिन्हा



बीते कुछ दिनों के दौरान उत्तर प्रदेश के कुख्यात माफिया डॉन अतीक अहमद के पुत्र असद और उसके दोस्त का मुठभेड़ में मारा जाना और उसके कुछ ही समय बाद पुलिस पहरे में आ रहे अतीक अहमद की उसके भाई अशरफ के साथ की गई हत्या की घटनाओं से सबका दिल दहल गया है। इन दोनों सनसनीखेज घटनाओं की जांच के न्यायिक आदेश दे दिए गए हैं। बेशक, अतीक अहमद के मारे जाने के साथ ही एक दहशत के युग का अंत हुआ है। किसने सोचा होगा प्रयागराज में तांगा चलाने वाले शख्स का बेटा देखते-देखते अपराध के संसार में खौफ का पर्याय बन जाएगा। वह जिसकी संपत्ति पर चाहेगा कब्जा जमा लेगा। अगर कोई उसे अपनी संपत्ति देने में आनाकानी करेगा तो वह उसका या उसके बहन-बेटियों का अपहरण करवा लेगा। जरूरत पड़ने पर उस शख्स को मौत के घाट भी उतरवा देना उसके लिए तो मामूली बात थी।

पर अफसोस इस बात को लेकर होता है कि अतीक अहमद को मुलायम सिंह यादव और फिर अखिलेश यादव का लगातार और खुला समर्थन मिलता रहा। अपने को गांधीवादी समाजवादी कहने वाले मुलायम सिंह यादव का नाम अतीक अहमद के साथ जुड़ना साफ करता है कि भारतीय राजनीति का चेहरा कितना बदबूदार हो गया है। अभी सोशल मीडिया पर अतीक के घर पर उसके विशाल ग्रेट डेन को प्यार से सहलाते हुये समाजवादी पार्टी सुप्रीम मुलायम सिंह जी का चित्र वायरल हो रहा है क यकीन मानिए कि कोई भी इंसान अपराध के संसार में अतीक अहमद तब ही बनता है जब उसे किसी रसूखदार का राजनीतिक प्रश्रय हासिल होता है। अतीक अहमद को यह राजनीतिक प्रश्रय मिला जिसके चलते वह कानून को अपने हाथ में लेता रहा। अतीक अहमद की अब कुछ वह फोन पर की गई वार्ताएं सामने आ रही हैं जो वे फिरौती या फिर किसी की संपत्ति को कब्जाने के लिए किया करता था। उन्हें सुनने से लगता है कि वह फिरौती की रकम पूरे अधिकार के साथ मांगा करता था।

**जनतंत्र का यह दुर्भाग्य है कि इस तरह का शख्स पांच बार उत्तर प्रदेश की विधान सभा का सदस्य रहा। वह लोकसभा की उस फूलपुर सीट से सदस्य रहा जहां से कभी पंडित जवाहरलाल नेहरू चुनाव लड़ा करते थे। इसी अतीक अहमद के वोट से 2008 में केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार बची थी। उस वक्त तत्कालीन सरकार और अमेरिका के साथ उसके परमाणु समझौते पर संकट के बादल मंडरा रहे थे, तब अतीक अहमद ने यूपीए सरकार बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।**

उसके हुक्म को न मानने वालों को गंभीर परिणाम भुगतने के बारे में भी कड़क आवाज में बता दिया करता था। अब जरा देख लें कि जनतंत्र का यह दुर्भाग्य है कि इस तरह का शख्स पांच बार उत्तर प्रदेश की विधान सभा का सदस्य रहा। वह लोकसभा की उस फूलपुर सीट से सदस्य रहा जहां से कभी पंडित जवाहरलाल नेहरू चुनाव लड़ा करते थे। इसी अतीक अहमद के वोट से 2008 में केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार बची थी। उस वक्त तत्कालीन सरकार और अमेरिका के साथ उसके परमाणु समझौते पर संकट के बादल मंडरा रहे थे, तब अतीक अहमद ने यूपीए सरकार बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। तब अतीक अहमद के वोट ने ही बचाई थी यूपीए सरकार। उस वक्त अतीक अहमद समाजवादी पार्टी का सांसद था। उस वक्त परमाणु समझौते के विरोध में यूपीए सरकार को बाहर से समर्थन दे रहे वामदलों ने अपने हाथ खींच लिए थे। ऐसे में विपक्ष तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ले आया था। उस वक्त अतीक अहमद सहित छह अपराधी सांसदों को विश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से 48 घंटे पहले विभिन्न जेलों से छोड़ा गया था, ताकि वे यूपीए सरकार के पक्ष में मतदान कर सकें। अतीक अहमद भी उन छह बाहुबलियों में से एक था, जिसने यूपीए सरकार को गिरने से बचाया था। क्या तब डॉ. मनमोहन सिंह या सोनिया गाँधी को पता नहीं था कि अतीक अहमद कितने दूध के धुले हैं ?

अतीक अहमद खुद ही अपराध की दुनिया में सक्रिय नहीं हुआ। उसने अपने पुत्रों को भी अपराध के संसार में लांच किया। उसने अपने पुत्र असद को बचपन से ही रिवाल्वर चलाने की ट्रेनिंग देनी शुरू कर दी थी। आपको इस तरह का पिता आसानी से नहीं मिलेगा जो अपने बच्चों को ही अपराधी बनने के लिए प्रेरित करे। आखिर उसके आतंक का अंत का हो गया। उसे अंततः मिला क्या। उसे सरेआम उसके भाई के साथ मार दिया गया। जरा सोचिए कि चार दशकों तक अपराध और राजनीति की मदद से लगभग 1400 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्तियां जब्त करने वाले का कितना खराब हश्र हुआ। उसका पूरा परिवार बर्बाद हो गया। यूपी एसटीएफ की टीम ने अतीक अहमद के तीसरे नंबर के बेटे असद और करीबी शूटर मोहम्मद गुलाम को मुठभेड़ में मार गिराया। दोनों ही उमेश पाल हत्याकांड में वांटेड और पांच-पांच लाख के इनामी थे।

लोग यह भी सवाल उठा रहे हैं कि आखिर पुलिस की सुरक्षा में अतीक कैसे मारा गया कयह सवाल उठाने वाले यह कैसे भूल जाते हैं कि उमेश पाल को जब अतीक के बेटे ने मारा तब वह भी पुलिस की सुरक्षा में था कजब इस देश के दो-दो प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी और राजीव गाँधी मारे गये थे तब तो वे केन्द्रीय बलों की सुरक्षा में थे क

पहले असद और उसके दोस्त के मुठभेड़ में मारे जाने और फिर अतीक अहमद और उसके भाई के कत्ल के बाद कुछ स्वार्थी तत्वों ने फिर से विलाप शुरू कर दिया है। ये अतीक अहमद को खूंखार अपराधी नहीं मान रहे हैं। ये उसे एक मुसलमान नेता बताकर दुखी हैं। कह रहे हैं कि भारत में मुसलमानों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार हो रहा है। उनके साथ जुल्मों- सितम हो रहा है। याद कीजिए कि मुंबई बम धमाकों के साजिशकर्ता याकूब मेमन को तो नायक बनाने की भी इसी तरह से चेष्टा की गई थी। उसे सुप्रीम कोर्ट से मौत की सजा हुई, तो उसे बचाने के लिए देश के बहुत सारे स्वयंभू उदारवादी-सेक्युलरवादी सामने आ गए थे। उसकी शव यात्रा में हजारों लोग शामिल होते हैं। किसे नहीं पता कि उसके जनाजे में कौन-कौन शामिल हुआ था। हद तो तब हो गई थी जब उसकी कब्र को सजाया गया था। उसका इस तरह से रख-रखाव होता रहा है कि मानो वह कोई महापुरुष हो। मुंबई में याकूब मेमन की कब्र के "सौंदर्यीकरण" करने के ठोस सबूत मिल चुके हैं और उसे एक इबादत गाह बदलने की कोशिश की गई थी। इस तरह के आरोपों की सच्चाई जब सबके सामने आई तो मुंबई पुलिस ने आतंकवादी की कब्र के चारों ओर लगाई गई "एलईडी लाइट्स" को हटाया। याकूब मेमन को 2015 में नागपुर जेल में फांसी दी गई थी। उसे दक्षिण मुंबई के बड़ा कब्रिस्तान में दफनाया गया था। अब अतीक अहमद को महापुरुष साबित किया जा रहा है। गरीबों का मसीहा कहा जा रहा है। पर सच यह है कि वह अपराधी था। भगवान न करे कि उसके जैसा शख्स फिर से पैदा न हो।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# पाठ्यक्रम के बहाने साम्प्रदायिकता को बढ़ावा

प्रसंगवश

राम पुनियानी



स्कूली पाठ्पुस्तकें भी राष्ट्रवाद के विभिन्न संस्करणों के बीच युद्ध का मैदान बन सकती हैं। औपनिवेशिक भारत के दो उत्तराधिकारी, भारत और पाकिस्तान इसके समानांतर किंतु विपरीत उदाहरण हैं। चूंकि पाकिस्तान इस्लाम के नाम पर अस्तित्व में आया इसलिए वहां की स्कूली पुस्तकों में इतिहास की शुरूआत 8वीं सदी में मोहम्मद बिन कासिम के सिंध का शासक बनने से होती है। हिन्दू राजाओं और हिंदुओं को इस हद तक बुरा बताया गया है कि पाकिस्तान के स्कूलों में पढ़ने वाला एक औसत बच्चा किसी भी हिन्दू को बहुत हेय दृष्टि से देखेगा।

भारत में स्थिति इससे बहुत अलग रही। यहां इतिहास को वैज्ञानिक और तर्कसम्मत बनाने का प्रयास किया गया। हमारे इतिहास लेखन में धर्म किसी राजा के शासनकाल और इतिहास के अन्य पहलुओं की पड़ताल का एकमात्र आधार नहीं था। लेकिन यह स्थिति सन् 1999 में एनडीए के सत्ता पर काबिज होने तक ही रही। फिर मानव संसाधन विकास मंत्री के तौर पर मुरली मनोहर जोशी ने 'इतिहास और पाठ्यक्रम के भगवाकरण' की परियोजना पर अमल शुरू किया। भगवाकरण के तहत मोटे तौर पर इतिहास की समझ को हिन्दू राष्ट्रवादी विचारधारा के इर्दगिर्द विकसित करने का प्रयास किया गया। यह 'गौरवशाली हिन्दू राजा बनाम दुष्ट मुस्लिम राजा' के नजरिए पर आधारित थी। इसके अतिरिक्त आस्था पर आधारित विषयों जैसे ज्योतिष आदि को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया। 'पुत्र कामेष्ठि यज्ञ' (पुत्र प्राप्ति हेतु अनुष्ठान) जैसे कर्मकांड पाठ्यक्रम का भाग बन गए।

सन् 2004 में यूपीए के सत्ता में आने के बाद इस भगवाकरण को कुछ कम करने का प्रयास किया गया। अब भाजपा शासन में साम्प्रदायिकीकरण की इस प्रक्रिया को 'तर्कसंगतता' के नाम पर दुबारा बढ़ावा दिया जा रहा है। एनसीईआरटी, सत्ताधारियों को चुभने वाले पाठ्यक्रम के हिस्सों को हटाने के लिए यह बहाना बना रहा है कि कोविड महामारी और लाकडाउन के कारण छात्रों पर अतिरिक्त दबाव पड़ा और इस कारण उन पर पर बोझ कम करना जरूरी है। जल्दबाजी में बिना सोचे-समझे किए गए इन 'विलोपनों' से इतिहास की कड़ियां टूट रही हैं और इससे कई इतिहासवेत्ता हक्का-बक्का हैं। उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया पर निराशा व्यक्त की है, जिसमें मुगलों से संबंधित अंशों को हटा दिया गया है जबकि विजयनगर साम्राज्य से संबंधित अंश अभी भी पाठ्यक्रम में हैं।

सत्ताधारी हिन्दू राष्ट्रवादियों की दृष्टि में इस्लाम एक 'विदेशी' धर्म है और मुस्लिम राजा आक्रांता थे जो तलवार की नोंक पर इस्लाम को फैलाने के लिए यहां आए थे। इस अवधि में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच मेलमिलाप और समन्वय संबंधी विवरण हटा दिए गए हैं। भगवा चिंतक उस कालखण्ड में हुए सिक्ख धर्म, भक्ति और सूफी परंपरा के उदय को कैसे प्रस्तुत करेंगे यह देखने वाली बात होगी। मुगल काल या ऐसे ही किसी अन्य काल को मात्र राजा के धर्म के आधार पर नहीं समझा जा सकता। अंग्रेजों ने फूट डालो और राज करो की अपनी नीति को लागू करने के लिए यह रास्ता चुना। मध्यकाल में मुस्लिम और हिन्दू राजाओं के बीच गठजोड़ के सारे उदाहरण भी इतिहास लेखन के इस मॉडल में गायब कर दिए जाएंगे। उदाहरण के लिए हल्दी घाटी की लड़ाई में अकबर के मुख्य सेनापति राजा मानसिंह थे और राणा प्रताप के दो सैन्य प्रमुखों में से एक हाकिम खान सूर थे।

पुस्तकों को 'सुसंगत' बनाने की इस कवायद का सबसे प्रमुख भाग है इतिहास से मुसलमानों को 'डिलीट' कर देना। परंतु इसके साथ ही कुछ अन्य घटनाओं और व्यक्तित्वों को भी इतिहास से गायब कर दिया गया है। जो घटनाएं और जो व्यक्तित्व गायब किए गए हैं वे चिल्ला-चिल्लाकर बता रहे हैं कि सरकार का असली एजेंडा क्या है।

गांधीजी की जिंदगी लोगों में सद्भाव और प्रेम बढ़ाने पर केन्द्रित थी। वे हिन्दुओं और मुसलमानों की एकता के हामी थे। यह तथ्य इतिहास से डिलीट किया जा रहा है। जो वाक्य हटाया गया है वह इस प्रकार था - "हिन्दू-मुस्लिम एकता के लिए उनके (गांधीजी) द्वारा लगातार किए जा रहे दृढ़ प्रयासों से हिन्दू अतिवादी इतने भड़क गए कि उन्होंने गांधीजी की हत्या करने के अनेक प्रयास किए...गांधीजी की मृत्यु का देश की साम्प्रदायिक स्थिति पर मानो जादुई असर पड़ा...भारत सरकार ने उन संगठनों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जो साम्प्रदायिक नफरत फैला रहे थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठनों को कुछ समय के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया...।"

साम्प्रदायिक राजनीति के चलते ही गुजरात में सन् 2002 में भयावह साम्प्रदायिक हिंसा हुई थी जिसके लिए गोधरा में ट्रेन में आग लगने की घटना को बहाना बनाया गया था। अब इस हत्याकांड की चर्चा इतिहास की किताबों से हटाई जा रही है विशेषकर ऐसे हिस्से जिनमें भाजपा की भूमिका का संकेत हो। उदाहरण के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा था कि सरकार कत्लेआम को रोकने में विफल रही जबकि वह आसानी से ऐसा कर सकती थी क्योंकि उसे सेना की एक बड़ी टुकड़ी उपलब्ध थी। परंतु उसने तीन दिन तक उसका उपयोग नहीं किया। जिन हिस्सों को किताब से हटाया गया है उनमें यह अत्यंत उपयुक्त टिप्पणी शामिल है, "गुजरात जैसी घटनाएं हमें राजनैतिक उद्धेश्यों के लिए धार्मिक भावनाओं के इस्तेमाल के खतरों के प्रति आगाह करती हैं। इस तरह की घटनाएं प्रजातांत्रिक राजनीति के लिए अच्छी नहीं हैं"। किताबों से तत्कालीन प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की उस समय राज्य के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी को राजधर्म का पालन करने की सलाह भी किताबों से हटा दी गई है। यह पंक्ति थी, "मेरी मुख्यमंत्री को एक ही संदेश है कि वे राजधर्म का पालन करें। शासक को जाति, धर्म और नस्ल के आधार पर अपने प्रजाजनों के बीच भेदभाव नहीं करना चाहिए।"

साम्प्रदायिक राजनीति का एक महत्वपूर्ण एजेंडा होता है प्रजातंत्र का गला घोंटना और जनांदोलनों को कुचलना। पिछले कुछ दशकों में देश में जो जनांदोलन हुए उनमें से कई को किताबों से गायब कर दिया गया है। चिपको आंदोलन को डिलीट कर दिया गया है और उसी तरह आदिवासियों के अधिकारों और पर्यावरण की रक्षा के लिए चलाए गए नर्मदा बचाओ आंदोलन की चर्चा भी अब पाठ्यपुस्तकों में नहीं होगी। साम्प्रदायिक राजनीति यह भी सुनिश्चित करना चाहती है कि दलित और आदिवासी हमेशा समाज के सबसे निचले पायदान पर बने रहें और इसीलिए किताबों से दलित पैंथर आंदोलन की चर्चा भी हटा दी गई है। सन् 1970 के दशक में चले इस आंदोलन ने आम दलितों को उनकी स्थिति और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया था। यह आंदोलन एक तरह से दलितों का विद्रोह था। इसी तरह सूचना का अधिकार आंदोलन को भी अब किताबों में जगह नहीं मिलेगी। यह आंदोलन शायद आम लोगों को सशक्त करने के प्रजातांत्रिक आंदोलनों में से सबसे महत्वपूर्ण था।

जाति के उदय के लिए पहले से ही विदेशियों को जिम्मेदार बताया जा चुका है। अतः पुस्तकों से वे सब अंश हटाए जाने होंगे जिनमें जाति के उदय के लिए भारतीयों को जिम्मेदार बताया गया है। ऐसा ही एक अंश जिसे डिलीट कर दिया गया है कहता है, "पंडितों ने यह भी कहा कि इन समूहों का निर्धारण जन्म से होता है...बाद में उन्होंने कुछ समूहों को अछूत के रूप में वर्गीकृत कर दिया। इनमें शामिल थे कुछ शिल्पकार, शिकारी, वन उत्पादों को इकट्ठा कर उनसे अपना जीवनयापन करने वाले और वे लोग जो अंतिम संस्कार में मदद करते थे। पंडितों ने कहा कि ऐसे समूहों के साथ संपर्क प्रदूषित करने वाला होता है...।"

"...जाति व्यवस्था का संचालन करने के लिए नियम बनाए गए जिनके अंतर्गत कथित अछूत केवल उनके लिए निर्धारित काम ही कर सकते थे। उदाहरण के लिए कुछ समूहों को मृत पशुओं के शवों को ठिकाने लगाने और कूड़ा-कचरा साफ करने पर मजबूर किया जाने लगा। मगर उन्हें ऊंची जातियों के लोगों के घरों में घुसने, गांव के कुएं से पानी भरने और मंदिरों में प्रवेश करने की इजाजत नहीं थी। उनके बच्चे स्कूलों में अन्य जातियों के बच्चों की बगल में नहीं बैठ सकते थे..."।

नेहरू की आधुनिक भारत के मंदिरों की परिकल्पना को भी किताबों से हटा दिया गया है। आखिर नेहरू और सांप्रदायिक सोच एक ही किताब में एक साथ कैसे रह सकते थे. जो वाक्य हटाया गया है वह यह हैः ₹आखिर इस जगह, इस भाखड़ा नंगल से महान क्या हो सकता है जहाँ हजारों और लाखों ने अपना खून-पसीना बहाया और अपने जीवन का बलिदान भी दिया."

इसी तरह 'लोकतंत्र व विविधता' शीर्षक अध्याय और आपातकाल, जिस दौरान प्रेस और नागरिक स्वतंत्रताएं बहुत सीमित कर दी गईं थीं, पर टिप्पणियों को भी हटा दिया गया है। कुल मिलाकर जो कुछ हटाया गया है वह सिर्फ मुगलों तक सीमित नहीं है बल्कि असल में यह साम्प्रदायिक राजनीति के एजेंडे को लागू करने का प्रयास है।

**(लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन् 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)**

**जल्दबाजी में बिना सोचे-समझे किए गए इन 'विलोपनों' से इतिहास की कड़ियां टूट रही हैं और इससे कई इतिहासवेत्ता हक्का-बक्का हैं। उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया पर निराशा व्यक्त की है, जिसमें मुगलों से संबंधित अंशों को हटा दिया गया है जबकि विजयनगर साम्राज्य से संबंधित अंश अभी भी पाठ्यक्रम में हैं। सत्ताधारी हिन्दू राष्ट्रवादियों की दृष्टि में इस्लाम एक 'विदेशी' धर्म है और मुस्लिम राजा आक्रांता थे जो तलवार की नोंक पर इस्लाम को फैलाने के लिए यहां आए थे।**

# नागरिक पत्रकारिता का महत्व

प्रसंगवश

शैलेन्द्र चौहान



पत्रकारिता जो ऐसे लोगों द्वारा संचालित की जाती है जो पेशेवर पत्रकार नहीं हैं लेकिन आज जो वेब साइटों , ब्लॉगों और सोशल मीडिया का उपयोग करके जानकारी का प्रसार करते हैं। पूर्व में समाचार पत्रों में सीमित हस्तक्षेप या वैकल्पिक माध्यमों यथा छोटे छोटे बुलेटिन, पोस्टर, पैंफलेट या स्थानीय लघु अखबारों में अपनी बात प्रकाशित करते थे। नागरिक पत्रकार प्रशिक्षित पेशेवरों की तरह विश्वसनीय हैं या नहीं, इस पर निरंतर चिंताओं के बावजूद नागरिक पत्रकारिता ने अपने विश्वव्यापी प्रभाव का विस्तार किया है। आपदा क्षेत्रों में नागरिकों ने दृश्य से तत्काल टेक्स्ट और दृश्य रिपोर्टिंग प्रदान की है। राजनीतिक उथल-पुथल से प्रभावित देशों में और अक्सर उन देशों में जहां सरकार द्वारा प्रिंट और प्रसारण मीडिया को नियंत्रित किया जाता है, लोगों ने हॉट स्पॉट के बारे में जानकारी साझा करने के लिए कई तरह के तकनीकी उपकरणों का इस्तेमाल किया है। इन घटनाक्रमों की पृष्ठभूमि में घूमना इस बात पर बहस थी कि क्या नागरिक पत्रकारिता शब्द अपने आप में सटीक है।

दक्षिण कोरिया में शब्द और अभ्यास दोनों घनीभूत हुए , जहां ऑनलाइन उद्यमी ओह योन-हो ने 2000 में घोषित किया कि ₹प्रत्येक नागरिक एक रिपोर्टर है।₹ ओह और तीन दक्षिण कोरियाई सहयोगियों ने 2000 में एक ऑनलाइन दैनिक समाचार पत्र शुरू किया, क्योंकि उन्होंने कहा, वे पारंपरिक दक्षिण कोरियाई प्रेस से असंतुष्ट थे। पेशेवरों को काम पर रखने और अखबार छापने का खर्च वहन करने में असमर्थ , उन्होंने शुरूआत कीओहमीन्यूज, एक वेब साइट जो अपनी सामग्री उत्पन्न करने के लिए स्वयंसेवकों का उपयोग करती है। साइट की सातवीं वर्षगांठ पर एक भाषण में, ओह, फर्म के अध्यक्ष और सीईओ, ने कहा कि समाचार साइट एक देश में 727 नागरिक पत्रकारों के साथ शुरू हुई और 2007 तक 100 देशों से रिपोर्टिंग करने वाले 50,000 योगदानकर्ताओं तक पहुंच गई।

तब से इंटरनेट ने हजारों समाचार साइटों और लाखों ब्लॉगर्स को जन्म दिया है। पारंपरिक समाचार मीडिया, पाठकों और दर्शकों की घटती संख्या से जूझते हुए, अपने स्वयं के पत्रकारों द्वारा अपनी स्वयं की वेब साइटों और ब्लॉगों के साथ मैदान में कूद पड़े, और कई समाचार पत्रों ने पाठकों को अपनी वेब साइटों पर सामुदायिक समाचार योगदान करने के लिए आमंत्रित किया। कुछ समूहों ने अपनी ₹हाइपरलोकलर₹ ऑनलाइन समाचार साइटों को अपने पड़ोस में होने वाली घटनाओं या रुचि के विशेष विषयों को कवर करने के लिए शुरू किया जो कि बड़े मीडिया संगठनों द्वारा रिपोर्ट नहीं किए गए थे।

21वीं सदी की राजनीतिक घटनाओं में नागरिक पत्रकारिता ने प्रमुख भूमिका निभाई है। वेबसाइटजून 2009 में ईरानी राष्ट्रपति चुनाव के बाद हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान सूचना के प्रसार के लिए ट्विटर ने खुद को एक उभरते हुए आउटलेट के रूप में स्थापित किया । सरकारी सेंसरशिप को दरकिनार करने के लिए गैर-पारंपरिक मीडिया की क्षमता । मिस्र में, 2011 के विद्रोह के दौरान राष्ट्रपति हसनी मुबारक की सरकार का विरोध करने वाले कार्यकताओं ने अक्सर सोशल नेटवर्किंग वेब साइट फेसबुक पर समूह बनाकर खुद को संगठित किया ।

सिटिजन जर्नलिज्म शब्द जिसे हम नागरिक पत्रकारिता भी कहते है आज आम आदमी की आवाज बन गया है। यह समाज के प्रति अपने कर्तव्य को समझते हुए, संबंधित विषय को कंटेंट के माध्यम से तकनीक का सहारा लेते हुए अपने लक्षित समूह तक पहुंचाने का एक जज्बा है। वर्तमान में नागरिक पत्रकारिता कोई नया शब्द नहीं रह गया है बल्कि आज इस विधा से न जाने कितने ही लोग अपनी सशक्त भूमिका को निभाते हुए दिखाई देते है। आज नागरिक पत्रकारिता के माध्यम से किये गये प्रयासों से अनेकों सकारात्मक परिवर्तन अपने आस-पास होते हुए दिखाई भी देते है। जैसे-जैसे नागरिक पत्रकारिता की व्याप्ति बढ़ रही है वैसे-वैसे इसके तौर-तरीकों में भी बदलाव दिखाई देने लगा है। आज शब्दों के साथ-साथ वर्चुअल मीडिया, न्यू मीडिया, क्रॉस मीडिया का महत्व भी बढ़ गया है। इसलिये नागरिक पत्रकारिता के लिये अब कलम के साथ-साथ मोबाईल की ताकत, न्यू मीडिया की तकनीक व पहुँच को समझना भी आवश्यक हो गया है।

प्रश्न यह पूछा जाता है कि हम नागरिक पत्रकार क्यों बनें ? तो हम देख रहे हैं जिसे मुख्य धारा का मीडिया कहा जाता है वह न जाने कितने दबावों के असर में काम करता है। बाजार, व्यवसाय, पूंजीवादी हित आदि दबाव प्रत्यक्ष हैं। इसलिए उपरोक्त प्रश्न के सही चिंतन व विश्लेषण से ही सार्थक नागरिक पत्रकार बनने की दिशा तय होती है। तभी नागरिक पत्रकार किसी मीडिया संस्थान से न जुड़े होने के बावजूद भी निष्पक्ष भाव से समाचार सामग्री का सृजन कर पायेगा। नागरिक पत्रकारिता के कारण ही कौन से समाचार प्रकाशित एवं प्रसारित होंगे, ये निर्णय अब केवल कुछ मुट्ठी भर लोगों का नहीं रह गया है। नागरिक पत्रकारिता की भूमिका व नये मीडिया तक उसकी पहुँच ने अब सारी सीमाओं को तोड़ दिया है। कभी-कभी तो यहां तक देखने में आता है कि किसी खबर को सर्वप्रथम नागरिक पत्रकारिता के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से सामने लाया गया और बाद में मुख्यधारा के मीडिया में वो खबर प्रमुखता से छा गई। नागरिक पत्रकारिता एक ओर जहाँ समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निवर्हन है वहीं दूसरी ओर मीडिया में समाज की सहभागिता बढ़ाने हेतु एक तरीका व अवसर भी है। हां फेक न्यूज, प्लांटेड न्यूज और सत्ता संस्थानों द्वारा प्रचारित पूर्वाग्रही सामग्री से सावधान रहने की विशेष आवश्यकता है।

सही मायने में नागरिक पत्रकारिता आम आदमी की अभिव्यक्ति है। आम आदमी से जुड़ी ऐसी अनेकों कहानियाँ हैं जो परिवर्तन की वाहक बनती हैं। व्यवस्था का ध्यान आकर्षित करना हो या व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करना हो, नागरिक पत्रकारिता ने धीरे-धीरे एक प्रभावी जरिया बनकर उभरना प्रारंभ किया था। नागरिक पत्रकारिता जहाँ पर एक अवसर व अपनी भूमिका को निभाने का एक सशक्त माध्यम दिखाई देता है, वहीं इसमें अनके प्रकार की चुनौतियाँ भी हैं। नागरिक पत्रकारिता की सही से समझ व अवधारणा को लेकर भी कभी-कभी विरोधाभास दिखाई देता है। समाज में इसका स्पष्ट व एक जैसे स्वरूप का निर्धारण भी अभी दिखाई नहीं देता। नागरिक पत्रकारिता के नाम पर किसी के जीवन के व्यक्तिगत पहलू जिसका समाज से सीधा-सीधा कोई सरोकार नहीं है एवं सनसनीखेज खबरों को सोशल मीडिया के माध्यम से दिखा देना भी एक बड़ी चुनौती है। झूठ और उन्माद फैलाना, अंधविश्वास का प्रसार करना, अपर?ध को मंडित करना, चकाचौंध के प्रति सशक्त आकर्षण ऐसी चुनौतियां हैं जिनसे लक्ष्यभ्रष्ट होने की स्थिति बनती है। इससे समाज में अनैतिकता की वृद्धि होती है। इन सब चुनौतियों के बावजूद भी नागरिक पत्रकारिता में असीम संभावना है। वर्तमान तकनीक के माध्यम से पत्रकारिता के मूल्यों को ध्यान में रखते हुए, उपलब्ध माध्यमों का प्रयोग कर व्यक्ति नागरिक पत्रकारिता के रूप में अपने को स्थापित कर सकता है। नागरिक पत्रकारिता से शुरू होकर मुख्य मीडिया तक का सफर आज असंभव नहीं रह गया है।


पिछले कुछ वर्षों में देश में नागरिक पत्रकारिता के लिए स्थितियां तकनीकी तौर पर अनुकूल हुई हैं। इंटरनेट के विस्तार से इसे मजबूत रीढ़ मिली है। देश में डेटा की खपत अमेरीका और चीन की कुल डेटा खपत से भी ज्यादा है। नई पीढ़ी भी खबर की खोज में नए साधनों की ओर मुड़ने लगी है। वाट्स एप विश्वविद्यालय का भी उभार हुआ है जिससे मानसिक प्रदूषण को बढ़ावा मिला है फिर भी नागरिक पत्रकारिता ने स्थापित मीडिया को हर क्षेत्र में ललकारा है। नागरिक पत्रकारिता के प्रभाव से मुख्यधारा का मीडिया भी अछूता नहीं हैं। उसमें उत्पन्न बदलावों को महसूस किया जा सकता है। इसे आगे बढ़ाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है टेक्नोलॉजी ने। आज हर नागरिक अपने फोन के माध्यम से दुनिया के साथ हर पल जुड़ा हुआ है। वह कहीं से भी किसी को तस्वीरें, वीडियो और आलेख भेज सकता है। पहले कंटेंट का निर्माण कुछ विशेषज्ञों तक ही सीमित था। मौजूदा दौर में इंटरनेट से जुड़ा तकरीबन हर व्यक्ति लगातार कंटेंट का निर्माण ही नहीं कर रहा बल्कि उसे सतत सम्प्रेषित भी कर रहा है। सोशल मीडिया ने ऐसे एप्लिकेशन विकसित कर लिए हैं जिससे तकरीबन हर कोई अपनी भाषा में, चाहे सीमित दायरे में ही क्यों न हो, एक मीडियाकर्मी बन चुका है। फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप, वीचैट, टिकटॉक को आज किसी भी बड़े मीडिया संस्थान से कहीं बड़े मीडिया उपक्रम हैं। लेकिन ध्यान रखने की बात है कि इन सब प्लेटफॉर्म पर कंटेंट आम नागरिक ही बनाते और सम्प्रेषित करते हैं।

**संपर्कः 34/242, सेक्टर-3, प्रतापनगर, जयपुर-302033**
**मो.7838897877**

**यह समाज के प्रति अपने कर्तव्य को समझते हुए, संबंधित विषय को कंटेंट के माध्यम से तकनीक का सहारा लेते हुए अपने लक्षित समूह तक पहुंचाने का एक जज्बा है। वर्तमान में नागरिक पत्रकारिता कोई नया शब्द नहीं रह गया है बल्कि आज इस विधा से न जाने कितने ही लोग अपनी सशक्त भूमिका को निभाते हुए दिखाई देते है। आज नागरिक पत्रकारिता के माध्यम से किये गये प्रयासों से अनेकों सकारात्मक परिवर्तन अपने आस-पास होते हुए दिखाई भी देते है। जैसे-जैसे नागरिक पत्रकारिता की व्याप्ति बढ़ रही है वैसे-वैसे इसके तौर-तरीकों में भी बदलाव दिखाई देने लगा है।**

व्यंग्य

## मेरी कट्टर ईमानदारी



अरविंद तिवारी

परिजनों पर कोई असर नहीं पड़ा,जब मैंने खुद के कट्टर ईमानदार होने की घोषणा की।वे जानते हैं,मैं उम्र भर ईमानदार ही रहा हूं और वे पैसे की तंगी में गुजारा करते रहे।रिटायरमेंट के बाद कोई भी व्यक्ति बेईमान होने की शपथ नहीं ले सकता,क्योंकि उसके पास कोई काम ही नहीं होता।काम नहीं तो बेईमानी नहीं।बेईमानी का स्कोप न हो,तो अन्ना हजारे के उसूलों पर चलना ज्यादा मुफीद रहता है।यह बात दीगर है,कुछ लोग अन्ना हजारे बनने के प्रयास में कुछ और ही बन गए,जैसे किसी रोग की दवा खोजते खोजते,किसी अन्य रोग की दवा का फामूर्ला हाथ लग जाए!ऐसे चमत्कार अमूनन होते नहीं,पर अपवाद हर जगह है।पर अगर आप सुबह से शाम तक खाली हैं,किसी साहित्यिक गोष्ठी में भी शिरकत नहीं करते,तो कट्टर क्या,इससे भी सुपरलेटिव डिग्री में ईमानदार हो जाओ,कोई फर्क नहीं पड़ता।क्या पिद्दी और क्या पिद्दी का शोरबा!साहित्य में बेईमानी पुरस्कारों में हो सकती है,और कट्टर ईमानदारी भी वहीं देखी जा सकती है।इधर पुरस्कारों में एक के बाद एक जो बंद होने की प्रवृत्ति पनपी है,उसने पुरस्कारों से मेरा मोह भंग कर दिया।राजनीति वाले पुरस्कारों की बेईमानी देखकर ही मैं कट्टर ईमानदार बना हूं।जब तक आप पुरस्कार चयन समिति में नहीं रखे जाते,तब तक बेईमानी का कोई अर्थ ही नहीं रह जाता।

पिछले कई दिनों से मैं गांधी पार्क में देखा जा रहा हूं।घर तक सूचनाएं पहुंचाई जा रहीं हैं।मेरी चिंता यह है कि राजघाट दिल्ली में है और मैं कहीं जाने से पहले राजघाट नहीं जा सकता।अपने शहर की गांधी मूर्ति को राजघाट समझ लेता हूं,गो कि मेरे शहर में सी बी आई दफ्तर भी नहीं है।कट्टर ईमानदार होने की मेरी घोषणा और गांधी मूर्ति का सान्निध्य,दोनों को एकसाथ मिलाकर देखा जा रहा है।परिजन ज्यादा चिंतित नहीं हैं,क्योंकि मेरा शहर आगरा के नजदीक ही है।सत्तर पार आदमी वैसे भी आधा पागल कहा जाता हैऔर अगर डूबा हुआ साहित्यकार है,तो पचहत्तर प्रतिशत तक रेंज जा सकती है।

मैंने टाइम पास करने के लिए जब एक सियासी दल में काम करना चाहा, तो मेरी कट्टरता आड़े आ गई।वह दल किसी भी तरह की कट्टरता को पसंद नहीं करता था।इधर दिल्ली से ऐसे संकेत मिल रहे हैं,जिनके आधार पर अब,कट्टर ईमानदारी का अर्थ खोखला घोषित होने वाला है।जिस सियासी दल को ज्वाइन करना चाहता था वह जाति सम्बन्धी कट्टरता, मजहब सम्बन्धी कट्टरता, भाषा संबंधी कट्टरता,क्षेत्रवाद सम्बन्धी कट्टरता के कट्टर खिलाफ था।पर वह दल बेईमानी,ईमानदारी आदि के सम्बन्ध में समतामूलक भाव रखता था।उसके मुखिया ने कहा,हम कट्टर शब्द से नफरत करते हैं,इसलिए इनके अनुभव का लाभ नहीं ले पाएंगे।दूसरे हमारे यहां बेईमानी है,पर कट्टर बेईमानी नहीं है।ईमानदारी भी है,पर कट्टर ईमानदारी नहीं है।जो मित्र मुझे उस दल के पास ले गया था,उसने जुमला उछाला,काफि र से मुसलमान बनने में ज्यादा वक्त नहीं लगता जनाब!आदमी एडजस्ट करने वाला है,ढल जायेगा।पर उस सियासी दल ने मुझे नहीं लिया।

मोहल्ले में मेरे कट्टर ईमानदार होने की खबर फैल गई है।काम वाली बाई एडवांस मांगने लगी।दूध वाला दूध देना बंद कर गया।कल को यह कट्टर ईमानदार, दूध में पानी मिलाने का आरोप लगा सकता है।पूरे मोहल्ले के ग्राहक छूट सकते हैं।कुछ मित्रों का कहना है कि मैं ईमानदार हुआ ही नहीं,तो कट्टर ईमानदार कैसे हो गया?मैं उन्हें समझाता हूं,जैसे कभी कभी बिना पी एच डी किए ही किसी व्यक्ति को डी लिट की डिग्री मिल जाती है,उसी तरह मैं ईमानदारी के बिना ही कट्टर ईमानदार हो गया हूं।यह कोई सियासत वालों का एकाधिकार नहीं है कि वे ही कट्टर ईमानदार होने का दावा करें।लोग मेरी कट्टर ईमानदारी को बहुत हल्के में ले रहे हैं।उनका मानना है,बाजार की सर्वश्रेष्ठ जूते की दुकान की तरह है,यह कट्टर ईमानदारी!

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# प्रेम और भाईचारे के साथ सभी लोग करें मतदान : डीएम

**बैठक**

### संवेदनशील बूथों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

### बूथ पर चौपाल लगाकर सुनी जनता की समस्यायें

**लालगंज।** विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों के निरीक्षण के दौरान थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रामपुर बासित अली परिसर में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने चौपाल लगाकर शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने की अपील की। ग्रामवासियों को आचार संहिता का पालन करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि छानबे विधानसभा के उपचुनाव के मद्देनजर चौपाल आप लोगों के बीच लगाई गई है जिसमें आप लोग शांति पूर्वक बढ़-चढ़कर मतदान करें। कहा कि मतदान निर्भीक होकर करें। किसी के प्रलोभन में न आए। लोगों को हिदायत देते हुए कहा कि यदि किसी प्रकार का दंगा फसाद या कोई अप्रिय घटना करने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया के साथ पुलिस स्टाफ व ग्राम प्रधान हफीज अहमद, अनीस अहमद, समी, मोहम्मद आफताब आलम, शोकिम अहमद, अच्छे खान, आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।



स्कूल पर जनता से रू-ब-रू होतीं डीएम व एसपी

### सभासद के खरीदे गये 41 नामांकन पत्र

**चुनार।** नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन की शुरु हुई प्रक्रिया में मंगलवार को चुनार नगर पालिका के अध्यक्ष पद हेतु छह नामांकन पत्र व सभासद हेतु 41 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। जिसमें बचाऊ लाल सेठ, विजय बहादुर सिंह ने एक एक व पूर्व सपा प्रत्याशी अशोक उर्फ संतोष व दीपचंद ने दो सेट में में नामांकन पत्र लिया। वहीं अहरौरा नगर पालिका के अध्यक्ष पद हेतु राजकुमार सिंह व सिद्धार्थ सिंह ने दो दो सेट में नामांकन पत्र खरीदा। सभासद हेतु 23 नामांकन पत्र खरीदे गये। नामांकन पत्रों की बिक्री व नामांकन की व्यवस्था को देखने अपर जिलाधिकारी भू राजस्व सत्य प्रकाश सिंह पहुचें। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था में कोतवाल त्रिवेणी लाल सेन मय फोर्स के साथ उपस्थित रहे।

## भयमुक्त होकर मतदान करें ग्रामीण : एसपी

**डीएम व एसपी ने संवेदनशील मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण**

**हलिया।** विकास खंड के संवेदनशील मतदान केंद्रों का मंगलवार दोपहर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व एसपी संतोष कुमार मिश्र ने निरीक्षण किया। डीएम एसपी ने सबसे पहले हलिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद प्रभारी प्रधानाध्यापक अजीत कुमार यादव ने डीएम को बताया कि मतदान केन्द्र पर तीन बूथ बनाए जाएंगे। इसके बाद डीएम प्राथमिक विद्यालय हलिया प्रथम पर पहुंची जहां मतदान केन्द्र पर पेयजल व शौचालय तथा बिजली की व्यवस्था के बारे में प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार यादव से जानकारी ली। संवेदनशील प्राथमिक विद्यालय हलिया प्रथम में विधानसभा उपचुनाव के लिए चार बूथ बनाए जाएंगे। डीएम ने मौके पर मौजूद ब्लाक अधिकारियों के अलावा ग्रामीणों से भी मतदान केंद्रों पर व्यवस्था आदि के बारे में चर्चा की। डीएम ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से विधानसभा उपचुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की। इस दौरान बीडीओ कुलदीप कुमार,नायब तहसीलदार राम नारायण वर्मा एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह,ग्राम प्रधान शिव बाबू सेठ, अरूण मिश्र, बृजेन्द्र पांडेय, सचिव कौशलेंद्र राय,अमर बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

### मतदान केंद्रों की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था रखने का दिया निर्देश : बीडीओ

**हलिया।** खंड विकास अधिकारी कुलदीप कुमार ने मंगलवार को ब्लॉक सभागार में सचिवों के संग बैठक कर विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर मतदान केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय, पहुंमार्ग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। बीडीओ ने बताया कि विकासखंड में 130 मतदान केन्द्रों पर बनाए गए 186 बूथों पर विधानसभा उपचुनाव का मतदान करवाया जाएगा। जिन मतदान केन्द्रों पर पहुंच मार्ग नहीं है उसको दुरुस्त कराते हुए बूथों पर पेयजल व शौचालय की व्यवस्था के अलावा मतदाताओं को धूप से बचाव हेतु टेंट लगाकर छाया की व्यवस्था कराए जाने का निर्देश दिया। बैठक में एडीओ आईएसबी राजाराम उपाध्याय, एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, सचिव आलोक राव, अरविंद कुमार, अमर बहादुर सिंह, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, कौशलेंद्र राय आदि उपस्थित रहे।

## बौड़ई गांव के स्कूल में बने बूथ पर पहुंचीं डीएम

जनसंदेश न्यूज

**जायजा**

**विद्यालय की दीवार पर लिखी नहीं मिली बूथ संख्या**

**भड़की जिलाधिकारी ने कहा हर बूथ पर लिखी जाय संख्या**

**मीरजापुर।** छानबे विधान सभा उप चुनाव की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र भी पुलिस बल के साथ टीम में शामिल रहें। रामपुर बासित अली गाँव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर जिलाधिकारी ने शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए लोगों से वार्ता किया। उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया। रामपुर बासित अली गाँव में लोगों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया।

कहा कि मतदाता सूची में शामिल सभी लोगों को अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। अच्छा प्रत्याशी आपके वोट से ही विजय हासिल करता है। शत प्रतिशत मतदान के लिए उन्होंने जोर दिया। कहा कि मतदान वाले दिन सारा काम एक तरफ और मतदान एक तरफ कर देना चाहिए। तमाम काम आगे पीछे किया जा सकता है, लेकिन मतदान अपने तय सीमा में ही किया जायेगा। मतदाताओं को वोट डालने के बाद सीधे जाए अपने घर जाने की नसीहत दी। कहा कि चुनाव के दौरान आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी दिव्या मित्तल टीम के साथ बौड़ई ग्राम एजाम स्थित प्राथमिक विद्यालय पर पहुंचीं।

वहां उन्होंने केंद्र में बने वाले बूथों के बारे में जानकारी ली। वहां पर बूथ संख्या न लिखे जाने पर अपनी आपत्ति दर्ज कराया। कहा कि कन्फ्यूजन पैदा न करते हुए मतदान केंद्र पर बूथ संख्या जल्द से जल्द डाला जाए। ताकि लोगों को दिक्कत न हो। आराम से लोग आये और अपने बूथ पर जाकर मतदान कर सकें।

## सफाई पर विशेष ध्यान दें पुलिस कर्मी : डीआईजी

### डीआईजी ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल, परिक्षेत्र मीरजापुर आरपी सिंह ने पुलिस लाइन मीरजापुर का निरीक्षण किया गया। मंगलवार को पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल, परिक्षेत्र मीरजापुर आर0 पी0 सिंह द्वारा जनपद मीरजापुर के निरीक्षण के क्रम सर्वप्रथम पुलिस लाइन क्वार्टर गार्द के निरीक्षण के दौरान गार्द की सलामी ली गई तत्पश्चात गार्द रूम, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, मेस, बैरक, वर्दी स्टोर, कैश कार्यालय, पुलिस लाइन परिसर, आवासीय परिसर, रेडियों शाखा सहित, मेस का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। यातायात शाखा व एम0टी0 शाखा का भी निरीक्षण कर वाहनों में लगे विभिन्न यंत्रों, उपकरणों की वस्तु स्थिति के बारें में जानकारी ली गई तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। पुलिस लाइन स्थित आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों को गहनता से चेक किया गया। उक्त निरीक्षण एवं भ्रमण के दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री कांत प्रजापति व ऑपरेशन, पुलिस उपाधीक्षक नगर/ लाइन व क्षेत्राधिकारी भवन परमानंद कुशवाहा, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, यातायात शाखा प्रभारी सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहें।



निरीक्षण करते डीआईजी साथ में है एसपी

# कांग्रेस प्रत्याशी को नहीं पता पार्टी के संस्थापक का नाम

**यह है हाल**

**प्रदेश अध्यक्ष संग पहुंचे कलेक्ट्रेट किया नामांकन**

**विधान सभा क्षेत्र में गांवों की संख्या भी नहीं मालूम**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** जिले के छानबे विधानसभा सीट पर हो रहे उप चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घोषित होने के बाद अजय कुमार ने मंगलवार को समर्थकों के साथ नामांकन किया । नामांकन के दौरान फूलों का हार पहनकर पहुंचे अजय कुमार पत्रकारों के सामने ही निरुत्तर हो गए। लिहाजा वह बोलते बोलते वहा से खिसक लिए। छानबे विधानसभा क्षेत्र में कितने गांव हैं यह उन्हें नहीं पता।

इतना ही नहीं कांग्रेस की स्थापना किसने की थी । इसका भी वह जवाब देने में असफल रहे । उनका दावा है कि जीत हासिल कर वह बेरोजगारी, अशिक्षा, और महंगाई के खिलाफ काम करेंगे।



नामांकन करने पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी

कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, जिला प्रभारी धर्मेंद्र मिश्र एवं पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में कमेटी के पदाधिकारियों और समर्थकों के साथ अजय कुमार कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। मुख्य गेट से केवल उम्मीदवार और प्रस्तावों को ही अंदर जाने दिया गया।

कांग्रेस समर्थकों को बाहर ही रोक दिया गया। नामांकन करके लौटे अजय कुमार से पत्रकारों ने उनसे जब पूछा कि उनकी लड़ाई किससे है जिस पर उन्होंने चुप्पी साध ली। उनके सहयोगी ने पीछे से उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद वह बात को घुमाते रहे।

अपने को कांग्रेस कमेटी के आईटी सेल का पदाधिकारी बताने वाले अजय कांग्रेस के संस्थापक का भी नाम नहीं बता सके। जिस क्षेत्र के विकास के लिए उन्हें जनता जनप्रतिनिधि चुने उस क्षेत्र में कितने गांव हैं यह भी उन्हें नहीं पता। यह हाल तब है जब कि वह खुद शिक्षण संस्थान चलाने का दावा करते हैं।

क्षेत्र के विकास के लिए तमाम दावों के बीच आज भी पिछड़े इलाके में शामिल छानबे क्षेत्र एक बार फिर चुनाव की दहलीज पर खड़ा है। विभिन्न पार्टी के प्रत्याशियों का हर बार दावों में विकास शामिल रहता है। लेकिन वह क्षेत्र में दिखाई नहीं पड़ता। तमाम दावों के बीच प्रत्याशी चुनावी जंग में आमने सामने होने के लिए तैयार हो रहे है।

## संक्षेप

### सिकटा ग्राम प्रधान सरला मिश्रा दिल्ली में हुई सम्मानित



**हलिया।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए विकास खंड के सिकटा ग्राम पंचायत की प्रधान सरला मिश्रा को सोमवार को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से नई दिल्ली के विज्ञान भवन में पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार के सचिव सुनील कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। सिकटा ग्राम पंचायत की प्रधान को यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते साध्वी निरंजन ज्योति केन्द्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री कपिल मोरेश्वर पाटील की उपस्थिति में दिया गया। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से सम्मानित होने पर बीडीओ कुलदीप कुमार, एडीओ पंचायत रूपेश कुमार प्रधान संघ अध्यक्ष हलिया शिव बाबू सेठ,ग्राम प्रधान अरुण मिश्र, बृजेन्द्र पांडेय दिनेश सिंह, विनोद सिंह, राजेश अग्रहरी, आदि ने खुशी जाहिर की है।

### ईवीएम वीवी पैड व सामान्य प्रशिक्षण कर दी गयी निर्वाचन नियमों की जानकारी

**मीरजापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में विधान सभा 395-छानबे उप निर्वाचन एवं नगर निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिला पंचायत सभागार में जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट का ई0वी0एम0 वी0वी0 पैड एवं सामान्य प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार, प्रधानाचार्य आई0टी0आई0, उप प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज, जिला प्रशिक्षण अधिकारी भोड़सर, सहायक चकबन्दी अधिकारी एवं प्रशिक्षक राजकीय पालिटेक्निक बथुआ, मीरजापुर द्वारा विस्तृत रूप से 02 पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। विधान सभा 395-छानबे उप निर्वाचन हेतु 04 जोनल मजिस्ट्रेट तथा कुल 34 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये है तथा नगर निकाय निर्वाचन के लिए नगर पालिका परिषद मीरजापुर में 03, नगर पालिका परिषद चुनार 02, नगर पालिका परिषद अहरौरा 02, नगर पंचायत कछवां हेतु 01 जोनल मजिस्ट्रेट तथा कुल 26 सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये है। जिसमें समस्त प्रतिभागी उपस्थित रहे। प्रथम पाली में ई0वी0एम0 सम्बन्धी प्रशिक्षण एवं द्वितीय पाली में मतपत्र ( बैलेट पेपर) से चुनाव कराये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को उनके दायित्वों के बारे में जैसे पीठीसीन अधिकारी को निर्देशित करने, टेण्डर वोट, टेस्ट वोट सांविधिक/असांविधिक लिफाफे एवं उनके द्वारा क्या-क्या प्रशासनिक कार्य चुनाव प्रक्रिया के दौरान किये जाने है आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा ई0वी0एम0 का संचालन कैसे किया जाय, एवं तकनीक के बारे में बताया गया साथ ही साथ माक पोल के दौरान व वास्तविक मतदान के दौरान ई0वी0एम0 में कोई तकनीकी खराबी आती है तो कैसे उसको ठीक किया जाय। इसके बारे में भी विस्तार से बताया गया। द्वितीय पाली में नगर निकाय निर्वाचन 2023 हेतु नियुक्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट को बैलेट पेपर से मतदान कराये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

डीआईजी ने किया जमालपुर थाने का निरीक्षण

### बेहतर पुलिसिंग के साथ बीट पर तत्पर रहने का दिया निर्देश

**जमालपुर।** पुलिस उप महानिरीक्षक आर पी सिंह मंगलवार को जमालपुर थाना पहुंचे जहां पहुंचते ही उन्हे पुलिस कर्मियों द्वारा गार्ड आफ ऑनर दिया गया। पुलिस उप महानिरीक्षक ने आगंतुक हेल्प डेस्क, जनशिकायत प्रकोष्ठ, विधिक शाखा, पासपोर्ट, जनसूचना, साइबर सेल, मॉनीटरिंग सेल का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी नियुक्त पुलिस कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली। साथ ही रिकॉर्डों का सही ढंग से रख रखाव व अद्यतन करने, तथा अभियान चलाकर अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई कराने, क्राइम ब्रांच को लंबित विवचनाओं के शीघ्र निस्तारण करने, जनशिकायत प्रार्थना पत्रों का फीडबैक लेकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराने के निर्देशित करते हुए बेहतर पुलिसिंग के साथ बीट पर तत्पर रहने, शस्त्रागार व कार्यालय का निरीक्षण कर निर्देश दिया। महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर महिला हेल्प डेस्क को फटकार लगाई। जिसके बाद संभान्त लोगों से क्षेत्र की समस्या को सुना और तत्काल डीआईजी ने निस्तारण का निर्देश दिया। लोग पहले मुखबिर से चोरों को पकड़ लेते थे लेकिन अब सर्विलांस से काम हो जा रहा है लेकिन फिर भी लोगों से संवाद जरुरी है। पुलिस जब क्षेत्र में निकले तो चट्टी चौराहे पर ग्रामीणों से बात जरुरी करें। सम्पर्क समन्यव करने से पुलिस को कुछ न कुछ मिलता है। पुलिस हत्यारा पकड़ लेता लेकिन चोर नहीं पकड़ पाती। जिसका अर्जित सम्पत्ति जाती है उसको पता चलता है। इस दौरान एडिशनल एसपी ओम प्रकाश, सीओ चुनार उमाशंकर, थानाध्यक्ष मनोज कुमार, अदलहाट थानाध्यक्ष विजय चौरसिया, राकेश सिंह, नवीन पांडेय, हरिशरण मिश्रा, राणा प्रताप सिंह, ज्ञान सिंह, मुकेश सिंह, पुनीत चौबे, अशोक दीक्षित, रविशरण गुप्ता, वीरेन्द्र यादव, भरतलाल विश्वकर्मा, मनोज यादव, जितेन्द्र गुप्ता, अजय पाण्डेय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### 66 बच्चों का नवोदय में हुआ चयन

**मड़िहान।** क्षेत्र के जवाहर नवोदय विद्यालय पटेहरा में संकुल स्तरीय बास्केट बॉल, खो खो, बैडमिंटन खेल के दो दिवसीय खेल में जहां प्रदेश के 22 नवोदय विद्यालयों से 141 बच्चों ने प्रतिभाग किया था। उनमें मात्र 66 बच्चों का चयन बीएचयू के कोच द्वारा किया गया। अब चयनित 66 बच्चे 24 व 25 अप्रैल को चित्रकूट, ज्ञानपुर और फरुर्खाबाद में अपना जौहर दिखा कर प्रदेश के लिए अपना जौहर दिखाएंगे। प्राचार्य नवोदय डाक्टर एसपी त्रिपाठी ने चयनित बच्चों का हौसला बुलंद करते हुए शुभकामना दी है। कार्यक्रम में शारीरिक शिक्षक प्रमुख विपिन सिंह, मंजू सिंह, वेद प्रकाश मिश्र, अग्निवेश यादव, शशिधर मिश्र, अनामिका भारतीय आदि ने सहयोग किया।

### आरोपी गिरफ्तार

**हलिया।** ड्रमंडगंज पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में क्षेत्र के ड्रमंडगंज बाजार से एक वारंटी को मंगलवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। क्षेत्र के ड्रमंडगंज गांव निवासी वारंटी नन्हकू केसरवानी को एसआई उदयनारायण सिंह हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार यादव ने न्यायालय के आदेश पर उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह ने बताया कि किसी मुकदमें में सूचना के बाद भी न्यायालय में पेश नही होने पर न्यायालय के आदेश पर वारंटी नन्हकू केसरवानी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया।

### नगदी व जेवरात उठा ले गये चोर

**अदलहाट।** स्थानीय थाना क्षेत्र के केशवपुर माफी (डोमरी) गांव में बीती रात चोरों ने घर से नगदी व जेवरात चोर उठा ले गए। सुबह जब जानकारी हुई तो पीड़ित ने थाने में चोरी की नामजद तहरीर दिया है। क्षेत्र के केशवपुर माफी (डोमरी) गांव निवासी दीपू सिंह सोमवार की देर रात खाना खाने के बाद कमरे में सोने चले गए। रात्रि में चोरों ने कमरों में सोए लोगों का बाहर से दरवाजा बन्द कर बगल के कमरें में रखे नगदी व जेवरात उठा ले गए। सुबह जब परिवार के लोगों का नींद खुला तो देखा कि बाहर से कमरे का सिटकनी बंद है। अब अन्य लोग घर के अंदर प्रवेश किया तो देखा कि बगल के कमरे में रखा आलमारी खुला हुआ था।

# पुलिस व मजिस्ट्रेट रखेंगे ईद और तृतीया पर निगरानी

**बोलीं डीएम**

**धारा 144 के प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश**

**डीएम ने बैठक कर दिया मातहतों को निर्देश**

**मीरजापुर।** आगामी ईद-उल-फितर का त्यौहार चन्द्र के अनुसार 22 अप्रैल को मनाया जाना संभावित है। उक्त त्यौहार के द्दष्टिगत जनपद की कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द चुस्त दुरुस्त रखने के उद्देश्य से जनपद के संवेदनशील स्थानों तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में व्यापक सुरक्षा प्रबन्ध करने के द्दष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी लगाये जाने के साथ ही अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं। ईद-उल-फितर पर्व के अवसर पर बिजली एवं जलापूर्ति सहित नमाज स्थलों एवं नमाजियों के आवागमन के मार्ग पर समुचित सफाई, नमाज के समय मस्जिदों व ईदगाहों के निकट व नमाजियों के आवागमन के मार्गों पर आवारा पशुओं एवं जानवरों के स्वच्छन्द विचरण न हो इसके द्दष्टिगत कड़ी निगरानी रखी जाय। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मीरजापुर, चुनार, अहरौरा व नगर पंचायत कछवां अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई, प्रकाश एवं पेयजल का दायित्व सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में भी जिला पंचायत राज अधिकारी मीरजापुर द्वारा कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए। अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम द्वितीय मीरजापुर विद्युत आपूर्ति की निरन्तरता सुनिश्चित किये जाने एवं अघोषित विद्युत कटौती पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने हेतु नगर क्षेत्र में नगर मजिस्ट्रेट तथा उप खण्डों में उप जिला मजिस्ट्रेट उत्तरदायी होंगे, जो अपने-अपने क्षेत्रों में उक्त सभी व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराएंगे। शरारती असामाजिक एवं साम्प्रदायिक तत्वों के साथ-साथ कतिपय राजनैतिक दलों, पर सतर्क दृष्टि रखी जाये तथा संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में विशेष चैकसी बरती जाये। आवांछनीय तत्वों से निपटने के लिए उपलब्ध पुलिस अधिकारियों के साथ तत्काल स्थल पर पहुँचकर उत्पन्न स्थिति का निराकरण समाज के प्रतिष्ठित एवं प्रभावशाली जनों के सहयोग से निपुणता से किया जाये। जनपद में दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 प्रभावी है जिसका कड़ाई अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। पुलिस अधीक्षक कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ लगाने हेतु आदेश निर्गत करेंगे। संबंधित मजिस्ट्रेट्स एवं पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में मस्जिद ईदगाह सहित समस्त धार्मिक स्थलों पर भ्रमणशील रहकर धार्मिक स्थलों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरा की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे साथ ही साथ यह भी सुनिश्चित करेंगे कि धार्मिक स्थल एवं उसके आस-पास कोई आपत्तिजनक पोस्टर व स्लोगन न हो। समस्त मस्जिद एवं ईदगाह की जाँच फजर नमाज के पूर्व सुनिश्चित की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश के तहत यह भी कहा कि 22 अप्रैल को परशुराम जयन्ती एवं अक्षय तृतीया भी पड़ रही है जिसे हिन्दू सम्प्रदाय के लोगों द्वारा बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। परशुराम जयन्ती के अवसर पर कतिपय हिन्दू संगठनों द्वारा शोभा यात्रा एवं जुलूस का आयोजन भी किया जा सकता है।

### थाना प्रभारी ने ईद के मद्देनजर मीटिंग कर किया गश्त

**मीरजापुर।** पड़री थाना क्षेत्र के पैड़ापुर चौकी अंतर्गत धर्मदेवा गांव में मंगलवार को थाना प्रभारी अजीत कुमार श्रीवास्तव चौकी प्रभारी मय हमराहियों के साथ थाना क्षेत्र में भ्रमण के लिए निकले थे। इस दौरान उन्होंने धर्मदेवा गांव में गस्त करते हुए लोगों से त्यौहार पर शांति बनाए रखने की अपील की। साथ ही बताया गया कि यदि किसी को किसी तरह की दिक्कत होती है तो तत्काल प्रशासन को सूचना दें। किसी भी तरह का गलत कार्य कोई भी व्यक्ति ना करें। वही हर वर्ग के लोगों के बीच ईद के पर्व को धूमधाम से खुशी पूर्वक मनाने हेतु मीटिंग किया गया। जहां भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम प्रधान पति विजय कुमार विश्वकर्मा तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य चंद्रप्रकाश दूबे आदि तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## समय रहते पूर्ण करें मतगणना स्थल की तैयारी : एडीएम वित्त

### नगर निकाय मतगणना स्थल का एडीएम वित्त ने किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** राजकीय इंटर कॉलेज में नगर निकाय उपचुनाव की मतगणना कराई जाएगी जिसके मद्देनजर अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने मंगलवार को निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का हाल जाना। उन्होंने चुनाव के मद्देनजर पोलिंग पार्टियों के रवानगी, स्ट्रांग रूम, गाड़ियों के आवागमन समेंत हर दिन हर पहलुओं पर बारीकी से जांच किया और कहा कि चुनाव के पहले स्ट्रांग रूम समेत सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। जिससे किसी प्रकार का चुनाव में व्यवधान न हो।

यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने बताया कि नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर नगर पालिका नगर एवं कछवां नगर पंचायत की मतगणना राजकीय इंटर कॉलेज में कराई जाएगी। जिसके मद्देनजर मंगलवार को मतगणना स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पोलिंग पार्टियों की रवानगी, स्ट्रांग रूम, गाड़ियों के आवागमन समेत अन्य बिंदुओं पर गहनता से जांच की गई जांच के दौरान मौके पर मौजूद सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वह समय के पहले सभी तैयारियां पूर्ण करें जिससे चुनाव के दौरान किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो। उन्होंने कर्मचारियों एवं अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि चुनाव में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो कर्मचारी व अधिकारी इलेक्शन कमिशन के निर्देश के क्रम में काम नहीं करते उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जो भी कमियां पाई उसे तत्काल दुरुस्त कराने का भी निर्देश दिया।

### अध्यक्ष के लिए 39 व सभासद के लिए 388 ने खरीदा नामांकन पत्र

**मीरजापुर।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के चुनावी प्रक्रिया में मंगलवार को नामांकन पत्रों की बिक्री के दौरान जनपद की तीन नगर पालिका व एक नगर पंचायत के लिए कुल 388 नामांकन फार्म की बिक्री की गई जिसमें 39 अध्यक्ष पद के लिए एवं 349 सभासद प्रत्याशियों का नामांकन पत्र बेचा गया। मंगलवार को अध्यक्ष पद के लिए कोई नामांकन नही किया गया। सदस्य पद 6 नामांकन किया गया। जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले के तीन नगर पालिकाओं जिसमें मिर्जापुर नगर अहरौरा और चुनार के अलावा नगर पंचायत कक्षवां में चुनावी बिगुल बज चुका है जिसके तहत मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन अध्यक्ष पद के लिए 39 नामांकन पत्र एवं सभासद के लिए 349 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया शून्य रही जबकि सदस्य के पद के लिए 6 नामांकन किया गए।जहां नगर पालिका चुनाव को लेकर चुनावी बिगुल बजने के बाद प्रत्याशी घर-घर पहुंचकर अपनी हाजिरी लगा रहे हैं तो वहीं चट्टी चौराहों और पान की दुकानों पर भी चुनावी सरगर्मी सर चढ़कर बोल रही है दूसरी ओर 96 विधानसभा उपचुनाव में एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया। मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी अजय कुमार ने नामांकन किया है। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी, भगवती प्रसाद चौधरी, अर्चना चौबे, आयुसी शुक्ला छोटेखांन समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष पर 20 करोड़ की जमीन हड़पने का आरोप

जनसंदेश न्यूज

**रक्षा की गुहार**

**युवा भाजपा नेता प्रिंस सिंह की शिकायत पर चल रही जांच**

**मिल रही धमकी से परेशान प्रिंस ने योगी से मांगी सुरक्षा**

**मीरजापुर।** सहायक अध्यापक से भू माफिया बने भाजपा जिलाध्यक्ष की शिकायत मुख्यमंत्री से करने के बाद मिल रही धमकी से परेशान पड़री थाना क्षेत्र निवासी प्रिंस सिंह ने मुख्य मंत्री से जान माल के रक्षा की गुहार लगाई है। मंगलवार को एक लान में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया था। अंतिम क्षण में लान मालिक ने अपना स्थान देने से इंकार कर दिया। बताया कि यहा प्रेस वार्ता न हो इसके लिए दबाव बनाया जा रहा है। यह पत्र 8 अप्रैल को जारी किया गया है। इसके पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बृज भूषण सिंह पर करीब 20 बीघा जमीन जबरन कब्जा करने की शिकायत सीएम योगी से की गई है। जिसकी जांच जारी है। जमीन की कीमत 20 करोड़ बताया जा रहा है। इसके अलावा नगर के माता प्रसाद माता भीख इंटर कालेज के शाहपुर चौसा गाँव स्थित जमीन पर भी कब्जा करने का आरोप लगाया गया है। भाजपा संगठन से जुड़े प्रिंस सिंह का आरोप हैं कि भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने बिहड श्रेणी 6(4) और विद्यालय की लगभग 20 बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया है। जो ग्राम बरकछा कला और शाहपुर चौसा में स्थित है। जिसमें माता प्रसाद माता भीख की स्कूल पर भी कब्जा कर लिया है। भाजपा युवा नेता ठाकुर प्रिंस सिंह ने बताया कि 14 मार्च 2023 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत करके उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी। मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव भूपेंद्र बहादुर सिंह ने मिजार्पुर के डीएम व एसपी को नियमानुसार कार्यवाही किए जाने का आदेश दिया हैं। जिस पर कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन ने जांच एसडीएम सदर को दिया, जिस पर जांच करते हुए एसडीएम सदर, तहसीलदार सदर, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल के द्वारा 3 अलग-अलग रिपोर्ट पोर्टल पर दर्ज की गई। पहली रिपोर्ट 3 अप्रैल 2023 को दी गई जिस पर संपूर्ण भूमि जिलाध्यक्ष की खानदानी बता दिया गया। आपत्ति करने पर दूसरी रिपोर्ट 10 अप्रैल 2023 को एसडीएम सदर, तहसीलदार सदर, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल के द्वारा लगाई गई जिसमें यह कहा गया की संपूर्ण भूमि श्रेणी 5 की है जिसका आवंटन किया जा सकता है। जो कि पूरी तरह से फर्जी रिपोर्ट है। जबकि भूमि सरकारी रिकॉर्ड के हिसाब से श्रेणी 6(4) की है। एसडीएम सदर ने यह भी कहा है कि बीहड़ की खतौनी फसली वर्ष 1375 से 1376 की खतौनी गायब है। जिस पर विधिक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन आज तक किसी भी प्रकार की कोई भी रिपोर्ट किसी भी थाने में अभी तक मेरी जानकारी में नहीं दर्ज हुई है। राजस्व अधिकारियों के द्वारा यह माना गया कि फसली वर्ष 1372 से 1374 में गाटा संख्या 2075ग रकबा 10 बीघा 19 बिस्वा बिहड श्रेणी 6(4) के रूप में अंकित है जबकि अभी लगभग 8.5 बीघा जमीन 2075ख की जिलाध्यक्ष को लाभ देने की नियत से नहीं दशार्या गया।

फसली वर्ष 1375 से 1376 की खतौनी का पृष्ठ खतौनी से गायब है। ऐसी रिपोर्ट लेखपाल, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार सदर एवं एसडीएम सदर ने अपनी रिपोर्ट में कहा है। फसल खतौनी 1377 से 1379 की खतौनी में बिहड की जमीन को काश्तकारों के नाम से दशार्या गया है जो कि नियम के विरुद्ध है क्योंकि श्रेणी 6(4 )की जमीन को किसी काश्तकार को पट्टा नहीं किया जा सकता है । जिले के अधिकारियों का गोल मटोल जवाब की फसली वर्ष 1375 से 1376 में खाता संख्या 425 में एसडीओ के आदेश का आकलन रहा होगा। जिसका कोई भी प्रमाण राजस्व अधिकारी नहीं दे पा रहे हैं। जोत चकबंदी आकार पत्र 41 के पुराना गाटा संख्या 948 मि की संपूर्ण भूमि बिहड श्रेणी 6(4 )की है। जिस पर जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने जिलाध्यक्ष बनने के बाद पूरी 2075 ख एवम 2075 ग बिहड श्रेणी 6(4 )की जमीन को कटीले तारों से घेराबंदी कराकर कब्जा कर लिया है।

तीसरी रिपोर्ट 13 अप्रैल को एसडीएम सदर, तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार सदर, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवम अन्य राजस्व के कर्मचारियों द्वारा जारी की गई। जिस पर यह कहा गया कि 2075 ग की 10 बीघा 19 बिस्वा भूमि बिहड की है । लेकिन सरकारी बीहड़ की भूमि पर कब्जा हटवाने का कोई कार्य अभी तक प्रशासन के द्वारा नहीं किया गया है। 19 बीघा से ज्यादा जमीन पर जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने जिलाध्यक्ष बनने के बाद जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया। उच्च स्तरीय जांच होते ही सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। कहा कि जब तक उन्हें पार्टी के जिलाध्यक्ष पद से हटाया नहीं जाएगा तब तक निष्पक्ष जांच होना संभव नहीं है। क्योंकि एक ही मामले में तीन तीन बार अलग-अलग रिपोर्ट जिले के अधिकारियों ने प्रेषित की है।

### सभी आरोपों का अध्यक्ष ने किया खण्डन

**मीरजापुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने चलभाष पर वार्ता के दौरान लगाए गए आरोपों का खंडन किया। बताया कि सभी आरोप निराधार हैं। जांच चल रही है । उन्होंने उक्त जमीन को अपनी पुश्तैनी जमीन बताया । कहा कि हमें उस जमीन के बारे में पहले पता ही नहीं था। बाद में बाप दादा की जमीन की जानकारी हुई। अपने गाँव में माता प्रसाद माता भीख इंटर कॉलेज की जमीन भी हड़पने से इंकार किया।

## ब्रूक एक बेहतरीन बल्लेबाज : हरभजन

नई दिल्ली। दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर खेल रहे इंग्लैंड के युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक की जमकर सराहना की है। हरभजन ने कहा कि ब्रूक के पास कई तरह के शॉट्स हैं और वह कमजोर गेंदों पर शॉट खेलने में पीछे नहीं रहते। इस क्रिकेटर ने आईपीएल के चौथे मैच में शतक लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिये थे। हरभजन ने कहा कि वह स्पिनरों के खिलाफ खेलने में कुछ कमजोर जरुर हैं पर अनुभव के साथ वह बेहतर होते जाएंगे। हरभजन सिंह ने कहा, ब्रूक तेज गेंदबाजी को अच्छी तरह से खेलते हैं। तेज गेंदबाजों के खिलाफ उनके पास कई तरह के शॉट हैं। हालांकि वह स्पिन के खिलाफ बहुत अच्छे नहीं हैं। पर वह एक और दो रन देकर अपनी कमजोरी छुपाते हैं। जब भी उन्हें अवसर मिलता है, वह शॉट लगाते हैं। इसमें उन्हें अन्य बल्लेबाजों से भी अच्छा समर्थन मिल रहा है। इससे उन्हें आगे बढ़ने में सहायता मिलेगी।

# आईपीएल में आज होगा राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स का मुकाबला

### शाम 7:30 बजे से होगा मैच

जयपुर। आईपीएल के 16वें सत्र में बुधवार को राजस्थान रॉयल्स अपने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ जीत का सिलसिला बरकरार रखने उतरेगी। राजस्थान रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अब तक अंक तालिका में अपना शीर्ष स्थान बनाये रखा है। वहीं दूसरी ओर इस सत्र में मिला-जुला प्रदर्शन करने वाली लखनऊ सुपरजाइंट्स के लिए ये मैच अहम है। कप्तान लोकेश राहुल की सुपरजाइंट्स इस मैच में जीत के साथ ही लय हासिल करना चाहेगी हालांकि ये इतना आसान नहीं है। सुपरजाइंट्स को इस मैच में अगर जीत दर्ज करनी है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा क्योंकि संजू सैमसन की कप्तानी में रॉयल्स अपने घरेलू मैदान पर जीत की प्रबल दावेदार रहेगी।

लखनऊ की टीम ने अभी तक खेले पांच में से तीन मैच जीते हैं जबकि दो मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा। टीम के पास अच्छे खिलाड़ी हैं पर उसके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में मिली हार से भी उसका मनोबल गिरा है। पंजाब के खिलाफ टीम बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी थी। टीम के लिए राहत की बात यह है कि पिछले मैच में उसके कप्तान राहुल ने अर्धशतक लगाकर अपना फार्म हासिल कर लिया था।

लखनऊ के पास काइल मायर्स, निकोलस पूरन और मार्कस स्टोइनिस जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं जो किसी भी गेंदबाज के खिलाफ तेजी से रन बना सकते हैं। बल्लेबाजों के बड़ी साझेदारी नहीं बना पाने के कारण टीम अब तक असफल रही है। इसके अलावा दीपक हुड्डा के रन नहीं बना पाने से भी टीम को नुकसान हुआ है। उसे अपने स्पिनरों रवि बिश्नोई कृष्णप्पा गौतम और क्रुणाल पंड्या का बेहतर तरीक से इस्तेमाल करना होगा। तेज गेंदबाज की बात करें तो टीम के पास मार्क वुड और आवेश खान हैं। पंजाब के खिलाफ युद्धवीर सिंह चरक ने भी अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं राजस्तान टीम ने तीन मैचों में जीत के साथ ही तालिका में 6 अंकों के साथ ही पहला स्थान हासिल किया है।

राजस्थान के पास अच्छा बल्लेबाजी और गेंदबाजी क्रम है। इसमें यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ी हैं। बटलर ने अभी तक इस सत्र में सबसे ज्यादा 204 रन बनाए हैं जबकि यशस्वी ने 136 रन बनाये हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछले मैच में यह दोनों सलामी बल्लेबाज रन नहीं बना पाए थे पर कप्तान संजू सैमसन और शिमरोन हेटमायर ने अच्छी बल्लेबाजी कर अपनी टीम को जीत दिला दी थी। देवदत्त पडिक्कल ने भी इस मैच में तेज पारी खेली पर रियान पराग अवसर का लाभ नहीं उठा पाये। गेंदबाजी की बात करें तो राजस्थान के पास ट्रेंट बोल्ट ओर संदीप शर्मा जैसे गेंदबाज हैं। इसके अलावा युजवेंद्र चहल, एडम जंपा और अनुभवी आर अश्विन जैसे स्पिनर है।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

लखनऊ सुपर जायंट्स : केएल राहुल (कप्तान), काइल मेयर्स, दीपक हुड्डा, मार्कस स्टोइनिस, आयुष बडोनी, कुणाल पांड्या, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), युद्धवीर सिंह, आवेश खान, मार्क वुड, रवि बिश्नोई

राजस्थान रॉयल्स : संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर) यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर, देवदत्त पडिक्कल, शिमरोन हेटमायर, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, एडम जम्पा, ट्रेंट बोल्ट, संदीप शर्मा, युजवेंद्र चहल



गाले में श्रीलंका और आयरलैंड के बीच हुए मुकाबले में प्रभात जयसूर्या ने सात विकेट लिये।

## जीत के लिए 200 से अधिक स्ट्राइक रेट से रन बनाएंगे : कॉनवे

बेंगलुरू। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से आक्रामक बल्लेबाज कर रहे सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे ने कहा है कि उनकी टीम ने हर मैच में 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाने का लक्ष्य रखा है। इससे उनके पास जीत का अधिक अवसर रहता है। चेन्नई ने सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ मुकाबले में इसी स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 226 रन बनाये थे। इसमें कप्तान फाफ डुप्लेसी के 62 रन और ग्लेन मैक्सवेल के 76 रन भी शामिल थे। इस मैच में कॉनवे ने 83 रन बनाकर अपनी टीम को तेज शुरूआत दिलायी थी। इसके अलावा मैच में आजिंक्य रहाणे और शिवम दुबे ने भी आक्रामक पारियां खेली थीं। कॉनवे ने कहा,ह्यह्य यह विकेट बल्लेबाजी के लिए वास्तव में बहुत अच्छा था। इसलिए हमने 200 से अधिक स्ट्राइक रेट से रन बनाये। उन्होंने कहा,ह्यह्य मैं 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन नहीं बना पाया पर अन्य बल्लेबाजों जैसे अजिंक्य, दुबे, अंबाती रायडू और मोईन अली ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई। इन सभी का स्ट्राइक रेट वास्तव में अच्छा था इससे हम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रहे।

## जोकोविच का बांजा लूका में पहला मुकाबला एशचे से

बांजा लूका। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच गत सप्ताह मोंटे कार्लो मास्टर्स में मिली हार से उबरकर अब बांजा लूका जीत दर्ज करना चाहते हैं। जोकोविच को इस टूनार्मेंट में शीर्ष वरीयता मिली है। जोकोविच का पहला मुकाबला यहां फ्रांस के लूका वान एशचे के खिलाफ होगा। एशचे ने विश्व में तीसरी वरीयता प्राप्त स्टेनिस्लास वावरिंका को 1-6, 7-6(4), 6-4 से हराया है। मोंटो कार्लो में मुसेटी से हारने के बाद भी जोकोविच के लिए यह सत्र अच्छा रहा है। उनका इस सत्र में हार और जीत का रिकार्ड 16-2 है। उन्होंने एडिलेड और ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खिताब जीते हैं। एटीपी टूर पर 93 बार खिताब जीत चुके जोकोविच यदि इस टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंचते हैं तो वह 1050 टूर लेवल मैच जीत लेंगे। ओपन युग में केवल चार खिलाड़ियों के नाम ही यह उपलब्धि है। इसमें जिमी कोनर्स (1,274), रोजर फेडरर (1,251), राफेल नडाल (1,068) और इवान लैंडल(1,068) शामिल हैं। इस सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि उन्हें बोस्निया का माहौल पसंद है। वह दशक से अधिक समय बाद इस देश में आर रहे हैं। जोकोविच ने कहा, यहाँ आना अच्छा लगता है। मैं बांजा लूका में पहले भी कई बार आ चुका हूं। एक बार राष्ट्रपति से मिलने और मैडल ऑफ ऑनर प्राप्त करने तथा दूसरी बार 2009 में, मैंने तब विक्टर ट्रोइकी के साथ एक इंडोर केंद्र में प्रदर्शनी मैच खेला था। उन्होंने कहा, इसलिए मुझे ये यात्राएं अच्छी तरह याद हैं। गत दिवस अभ्यास के दौरान यह स्पष्ट था कि उन्होंने स्थानीय दर्शकों को खुश कर दिया है जो उन्हें देखने आये थे।

## पथिराना को लेकर धोनी की भविष्यवाणी सही निकली

**आरसीबी के खिलाफ जीत में निभाई थी अहम भूमिका**

बेंगलूर। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर (आरसीबी) के खिलाफ हुए मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की ओर से श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने अहम भूमिका निभाई। आरसीबी को इस मैच में जीत के लिए अंतिम ओवर में 19 रनों की जरूरत थी पर वह 10 रन ही बना पायी। पथिराना ने आरसीबी के बल्लेबाजों को खेलने का कोई अवसर ही नहीं दिया। आरसीबी के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने वाले पथिराना को लेकर एक साल पहले ही धोनी ने भविष्यवाणी में कहा था कि यह गेंदबाज अगले आईपीएल में टीम के लिए अहम भूमिका निभाएगा।

पिछले साल एक मैच के बाद धोनी ने पथिराना के बारे में कहा था, हमारा ये नया मलिंगा बहुत शानदार है। उसे चुनना बेहद कठिन है पर मुझे लगता है कि वह हमारे लिए अगले साल अहम साबित होगा।गौरतलब है कि पथिराना का एक्शन पूर्व श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा से काफी मिलताहै। वह उनके जैसी ही गेंदबाजी करते हैं। उन्हें पिछले साल केवल दो मैच ही खेलने का अवसर मिला था। इस साल भी मथीशा ने अब तक एक मैच खेले हैं पर उन्होंने शानदार गेंदबाजी कर सभी का ध्यान खींचा हैं। हैरानी की बात है कि मथीशा ने अब तक श्रीलंका की ओर से केवल एक टी20 मैच खेला है।

## लखनऊ सुपरजायंटस और सीएसके मैच अब तीन मई को होगा

**निकाय चुनावों के कारण हुआ बदलाव**

लखनऊ। आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंटस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच होने वाले मैच का कार्यक्रम बदल गया है। अब ये मैच इकाना स्टेडियम में चार मई की जगह एक दिन पहले तीन मई को खेला जाएगा। यह बदलाव नगर निकाय चुनावों को देखते हुए किया जा रहा है। तय कार्यक्रम के अनुसार ये मैच चार मई को तय था पर लखनऊ में नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान के चलते इस मैच को बदलना पड़ा। इस बात को लेकर पहले ही अटकलें लगायी जा रहीं थी जो सही निकली हैं। सोमवार देर रात इस मैच का नया कार्यक्रम जारी होने से क्रिकेट प्रेमियों के बीच संशय हट गया।

इस मैच को लेकर दर्शक बेहद उत्साहित हैं। इस मैच को लेकर लखनऊ के क्रिकेट प्रशंसक उत्साहित हैं क्योंकि इस मैच में उन्हें महेन्द्र सिंह धोनी को भी देखने का अवसर मिलेगा। यह मैच दोपहर 3:30 बजे से खेला जाएगा। धोनी को पहली बार लखनऊ में चौके छक्के लगाते हुए लोग करीब से देखना चाहते हैं। इस मैच के टिकट पेटीएम इनसाइडर से ऑनलाइन बुक किये जा सकते हैं। इसके अलावा कई ओर स्थलों से भी इन टिकटों को ऑनलाइन बुक किया जा सकता है।

## गरीब क्रिकेटरों के लिए होस्टल बना रहे रिंकू

नई दिल्ली। बेहद कठिन हालातों के बीच निकलकर क्रिकेट में नाम कमाने वाले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज रिंकू सिंह अब उभरते हुए गरीब क्रिकेटरों की सहायता के लिए एक होस्टल बना रहे हैं। रिंकू के इस होस्टल में वे युवा क्रिकेटर रह सकेंगे जो बाहर रहने का खर्च नहीं उठा सकते। रिंकू ये होस्टल अलीगढ़ में बनवा रहे हैं। रिंकू के बचपन के कोच मसूदज जफर अमिनी ने कहा, वह हमेशा ऐसे युवा खिलाड़ियों के लिए एक हॉस्टल बनाना चाहता था, जिनके पास अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए पैसे नहीं थे। अब रिंकू आर्थिक रूप से मजबूत हो गया है। इसलिए उसने आर्थिक तंगी से गुजरने वाले युवाओं के सपने को पूरा करने का फैसला किया है। इस हॉस्टल में 14 कमरे रहेंगे। इसके हर कमरे में 4 खिलाड़ियों के रहने की सुविधा रहेगी। साथ ही साथ ही इसमें एक शेड और मंडप भी बनाया जा रहा है। अलग वॉशरूम भी बन रहे हैं। कैंटीन की व्यवस्था भी अंदर ही की जा रही है। इस पर करीब 50 लाख रुपए खर्च होंगे और ये पूरा खर्च रिंकू द्वारा उठाया जा रहा है। रिंकू ने केकेआर में शामिल होने से पहले लगभग तीन महीने पहले इसका काम शुरू कराया था। इस हॉस्टल का करीब 90 फीसदी काम पूरा हो है। अगले महीने तक यह बनकर तैयार हो जाएगा। रिंकू जैसे ही आईपीएल से लौटेंगे तो इसका उद्घाटन करेंगे।

## आईपीएल में बना रिकार्ड, डिजिटल माध्यम से 2.4 करोड़ लोगों ने देखा

बेंगलुरू। बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्?टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) और चेन्नई सुपर किंग ?स के बीच खेले गए मुकाबले को 2.4 करोड़ लोगों ने जियो सिनेमा के जरिये देखा। इसी के साथ ही एक नया रिकार्ड बना है। इस मैच को एक साथ डिजिटल माध्यम से 2.4 करोड़ लोगों ने देखा। वहीं इससे पहले आईपीएल में डिजनी हॉटस्टार की व्यूअरशिप साल 2019 के आईपीएल फाइनल मैच में 1.86 करोड़ थी। इस आंकड़े को जियो सिनेमा ने पहले ही पीछे छोड़ दिया है। अब विराट कोहली और महेंद्र सिंह धोनी की टीमों के मैच के दौरान एक नया रिकार्ड बन गया है। इस मैच में दोनो ही टीमों ने जमकर चौके और छक्?के लगाए। इसका प्रशंसकों ने भी जमकर आनंद लिया। जियो सिनेमा आईपीएल मैचों का प्रसारण अपने व्यूअर्स के लिए मुफ्त में कर रहा है। यही कारण है कि जियो सिनेमा की एप डाउनलोड के भी नए रिकॉर्ड बनकर सामने आए हैं।



मेकाओ में डब्लयू टीटी चैम्पयंस मुकाबले में रिटर्न शॉट लगाती हुई रोमानिया की एलिजाबेथ सेमारा।

## सीएसके ने रोमांचक मुकाबले में आरसीबी को हराया

### परिणाम की जगह क्या किया जाना चाहिये उस पर ध्यान देते हैं धोनी

बेंगलूर। गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आईपीएल में हुए एक रोमांचक मुकाबले में रॉयल्स चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को 8 रनों से हरा दिया। इस मैच में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी को जीत के लिए 227 रनों का लक्ष्य दिया। आरसीबी की टीम अपने घरेलू मैदान पर इस लक्ष्य को हासिल नहीं कर पायी और 20 ओवर में 8 विकेट पर 218 रन ही बना पाई। इस जीत के बाद सीएसके के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने कहा कि वह मैच के परिणाम पर ज्यादा ध्यान देने की जगह बेहतर प्रदर्शन के लिए क्या किया जाना चाहिए इस पर ज्यादा ध्यान देते है।

धोनी ने कहा, जब भी आप 220 रन बनाते हो तो जीत के लिए बल्लेबाजों को हिट करते रहना होता है। अगर आरसीबी के फाफ डु प्लेसिस और ग्लेन मैक्सवेल खेलते रहते तो 18वें ओवर तक जीत हासिल कर लेते। मैं विकेट के पीछे से आंकलन करता रहता हूं, मैं हमेशा इस बात में शामिल रहता हूं कि परिणाम के बारे में सोचने के बजाय क्या किया जाना चाहिए। युवाओं के लिए यह कठिन होता है, खासकर साल के इस समय जब ओस चारों ओर होती है।

इस मैच में सीएसके ने डेवन कॉनवे के 83 और शिवम दूबे के 52 रनों की सहायता से रोमांचक मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को आठ रनों से हराया। चेन्नई ने आरसीबी को जीत के लिए 227 रन लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में मेजबान टीम फाफ डु प्लेसिस के 62 रन और ग्लेन मैक्सवेल के 76 रन की सहायता से 218 रन ही बना पायी।


## न्यूजीलैंड ने तीसरे टी20 में पाक को 4 रनों से हराया

लाहौर। यहां के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गये तीसरे टी20 मैच में न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 4 रनों से हरा दिया। इस मैच में मेहमान टीम न्यूजीलैंड ने टॉम लैथम के अर्धशतक 64 रनों और गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से यह जीत हासिल की। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 163 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम 159 रन ही बना पायी। न्यूजीलैंड ने इस जीत के साथ ही सीरीज जीतने की अपनी उम्मीदों को बनाये रखा है। मेजबान टीम इस समय 2-1 से आगे है।

इस मैच में जीत के लिए 165 रनों के लक्ष्?य का पीछा करने उतरी पाक की शुरूआत अच्छी नहीं रही। एडम मिलने ने कप्?तान बाबर आजम को एक रन पर ही पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद मोहम्?मद रिजवान भी 6 रन बनाकर आउट हो गये। पाक की आधी टीम 55 रनों पर ही पेवेलियन लौट गयी। इसके बाद फखर जमान 17, साएम अय्यूब 10 और इमाद वसीम 3 रन बनाकर कीवी गेंदबाजों का शिकार बने।

इसके बाद शाहीन अफरीदी 6 रन और शादाब खान 16 रन पर पेवेलियन लौटे। इफ्तिखार अहमद ने 60 और फहीम अशरफ ने 27 रन बनाये। इन दोनो ने ही आठवें विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी करके पाका को संभालने का प्रयास किया। इसके बाद मैट हेनरी ने अशरफ को मिचेल के हाथों कैच आउट कराकर पाक की उम्मीदें तोड़ दीं। पाक को अंतिम ओवर में जीत के लिए 15 रन की जरुरत थी पर उसके अंतिम दो बल्लेबाज से रन नहीं बना पाये।

## विराट ने गांगुली को अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अनफॉलो किया



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली और सौरव गांगुली के बीच मतभेद अब खुलकर सामने आ गये हैं। कुछ समय पहले गांगुली ने जहां विराट की आलोचना की थी। वहीं अब रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए आईपीएल मुकाबले के दौरान भी दोनो के बीच तकरार हुई थी। इसी के बाद अब विराट ने गांगुली को अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अनफॉलो कर दिया है, उन्होंने यह कदम दिल्ली कैपल्स से मुकाबले के बाद उठाया है।

मैच के 18वें ओवर के दौरान जब आरसीबी को विकेट की जरुरत थी तो विराट दिल्ली के डग आउट के पास फील्डिंग कर रहे थे। तब उन्होंन एक शानदार कैच पकड़ा। इस कैच को पकड़ने के बाद कोहली ने डग आउट में बैठे कैपिल्स के निदेशक गांगुली और कोच रिकी पोंटिंग को आंखे दिखाई। इसके बाद जब मैच समापत हुआ तो कोहली और गांगुली ने एक दूसरे से हाथ तक नहीं मिलाया। इन दोनों घटनाओं के वीडियो सोशल मीडिया पर छाये हुए हैं।

गौरतलब है कि गांगुली और विराट के बीच यह विवाद शुरू हुआ था जब विराट तीनों प्रारुपों में कप्तान थे और गांगुली भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष। कोहली ने दुबई में हुए टी20 वर्ल्ड कप 2021 के बाद इस प्रारुप की कप्तानी छोड़ दी थी।

इसके बाद बीसीसीआई ने उन्हें एकदिवसीय टीम की भी कप्तानी छीन ली थी जिससे विराट नाराज बताये जा रहे थे और उन्हें इसके बाद टेस्ट कप्तानी से भी अपना इस्तीफ दे दिया था। तभी से दोनो के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं।

## आईपीएल में शिवम ने लगाया दूसरा सबसे लंबा छक्का

बेंगलूर।चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हुए इस लीग का दूसरा सबसे लंबा छक्का लगाया है। शिवम ने 12वें ओवर में आरसीबी के गेंदबाज हर्षल पटेल की गेंद पर 111 मीटर लंबा ये छक्का लगाया। इस सत्र में इससे पहले आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने 115 मीटर लंबा छक्का लगाया था।

शिवम ने मैदान के चारों ओर बड़े शॉट खेल खेलकर रॉयल्स चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया। अपनी इस पारी के दौरान शिवम ने एक के बाद एक छक्के लगाये। इस मैच में उन्होंने इस 16 वें सत्र का दूसरा सबसे लंबा छक्का भी लगाया।

## आईपीएल तक का मुकेश का सफर आसान नहीं रहा

मुम्बई। आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेल रहे सबसे महंगे खिलाड़ी मुकेश कुमार ने अपने प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा है। कैपिटल्स ने उन्हें नीलामी में साढें पांच करोड़ रुपये में खरीदा था। मुकेश का यहां तक का सफरा आसान नहीं रहा है। विहार के एक गांव से निकलकर आईपीएल और टीम इंडिया तक आने के लिए मुकेश ने काफी मेहनत की है। मुकेश को यहां तक पहुंचाने में उनके पिता की भी अहम भूमिका रही है। जिन्होंने बेटे को निखारने के लिए कोलकाता की एक अकादमी में भेजा। बिहार में क्रिकेट के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं होने के कारण ही मुकेश अपने पिता के पास कोलकाता चले गए और यहीं से वह आगे बढ़ते गये। मुकेश से पहले भी शाहबाज नदीम, ईशान किशन जैसे क्रिकेटर बंगाल और झारखंड चले गये थे।

मुकेश के पिता ने टैक्सी चलाते हुए अपने बेटे को क्रिकेट क्लब में प्रवेश दिलाया। अपनी तेज गेंदबाजी से मुकेश ने सभी को प्रभावित करते हुए टी-20 प्रारुप में भारतीय क्रिकेट टीम में जगह बनायी। इसके अलावा आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें 5.50 करोड़ की बोली लगाकर खरीदा। मुकेश के शुरूआती दिनों के कोच रहे अमित कुमार सिंह के अनुसार मुकेश के लिए 2022 वर्ष काफी अच्छा रहा और उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम में जगह मिली। मुकेश दाएं हाथ के आउट स्विंग गेंदबाज है। मुकेश ने तीन साल तक सीआरपीएफ और बिहार पुलिस में नौकरी के लिए प्रयास किया था पर पर भाग्य उन्हें क्रिकेट में ले आया। सफलता उन्हें क्रिकेट के मैदान पर मिली।

मुकेश के इस प्रकार सफल होने से उसे परिवार और गांव के लोग बेहद खुश होने के साथ ही गर्व का अनुभव कर रहे हैं।



बोस्टन में हेलन ओबिरी को एलाइट महिला रेस में जीत के बाद सोने का एक हार सा पहनाया गया

# पौड़ी में बाघ की दहशत, तीन दिन में दूसरे व्यक्ति को मार डाला

**पौड़ी।** उत्तराखंड के पौड़ी जिले में एक सप्ताह के भीतर बाघ ने दूसरे व्यक्ति को मार डाला, इसके बाद लोगों में शिकारी बाघ का खौफ बढ़ गया है। बच्चों का स्कूल जाना बंद हो गया है। इसके अलावा 25 गांवों में नाइट कर्फ्यू लगा दिया गया है।

पौड़ी जिले के रिखणीखाल ब्लॉक में तीन दिन के भीतर बाघ ने दूसरे शख्स को अपना शिकार बनाया है। इस बार बाघ ने 75 वर्षीय व्यक्ति को मार डाला, जिसके बाद अधिकारियों को दो दर्जन गांवों में रात का कर्फ्यू लगाना पड़ा। डीएम आशीष चौहान ने बताया कि 25 गांवों में शाम सात बजे से सुबह छह बजे तक कर्फ्यू लगा दिया गया है। इलाके के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को भी मंगलवार तक बंद रखने का आदेश दिया गया है।

वन रेंजर महेंद्र सिंह रावत ने बताया कि ग्रामीणों ने रणवीर सिंह नेगी का आधा खाया हुआ शव बरामद किया। वह कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के पास कालागढ़ वन प्रभाग के सिमली गांव में अपने घर में अकेला रहता था। रावत ने कहा कि नेगी शनिवार से देहरादून में अपने

## 25 गांवों में नाइट कर्फ्यू लगाया गया

रिश्तेदारों के टेलीफोन कॉल का जवाब नहीं दे रहे थे।

परिजनों ने मामले की जानकारी ग्रामीणों को दी और उनसे जाकर देखने के लिए कहा। जब कुछ ग्रामीण नेगी के घर पहुंचे, तब रास्ते में उन्हें खून के धब्बे मिले। रावत ने कहा कि लंबी तलाश के बाद उन्हें उनके घर से करीब 150 मीटर दूर झाडियों से 70 साल की उम्र का आधा खाया हुआ शव बरामद हुआ। ये इलाके में तीन दिन में इस तरह की दूसरी घटना है। इससे पहले 13 अप्रैल को 72 वर्षीय बीरेंद्र सिंह को बाघ ने अपना शिकार बनाया था। सिमली से 25 किमी दूर दल्ला गांव में अपने खेत में गेहूं की फसल काटने के लिए गए हुए थे। सोमवार को एक वीडियो सामने आया जिसमें दल्ला गांव के खेतों में एक बाघ खुलेआम घूमता नजर आ रहा है जबकि कुछ मीटर की दूरी पर मवेशी चर रहे हैं।

# दुश्मनी भुलकर ईरान ने सऊदी अरब के किंग को किया आमत्रिंत

**दुबई।** करीब सात साल बाद दुनिया के दो सबसे बड़े शिया और सुन्नी देश अपनी दुश्मनी को भुलाकर औपचारिक रिश्तों की नई शुरूआत कर रहे हैं। पिछले माह चीन द्वारा मध्यस्थता के बाद रियाद द्वारा अपने राजनयिक मिशनों को फिर से खोलने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए ईरानी प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब भी पहुंचा था। अब ईरान ने आधिकारिक तौर पर सऊदी अरब के किंग को देश का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया है। इससे पहले सऊदी अरब के किंग ईरान के राष्ट्रपति को रियाद की यात्रा के लिए आमंत्रित कर चुके हैं।

सऊदी और ईरान अपनी-अपनी राजधानी और अन्य शहरों में राजनयिक मिशन को फिर से खोलने पर सहमत हो गए। ईरान की सरकारी मीडिया ने इसकी जानकारी दी। ईरानी प्रतिनिधिमंडल ईरानी दूतावास का दौरा करने और दोनों देशों के बीच हालिया समझौते के अनुसार वाणिज्य दूतावास को फिर से खोलने के लिए रियाद पहुंचा। लंबे समय से मध्य पूर्व के प्रतिद्वंद्वियों ने अब एक साथ काम करने का संकल्प लिया है। ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी को सऊदी किंग सलमान द्वारा रियाद में आमंत्रित किया गया है। पिछले महीने बीजिंग में हुआ यह समझौता चीन के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जा रहा है क्योंकि खाड़ी देशों का मानना है कि अमेरिका धीरे-धीरे मध्य पूर्व से पीछे हट रहा है।

# पाकिस्तान में भीषण भूस्खलन कई ट्रक जमींदोज

**पेशावर।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में सीमावर्ती शहर तोरखम के समीप प्रमुख राजमार्ग पर भीषण भूस्खलन में कई ट्रक जमींदोज हो गए तथा कुछ लोग घायल हो गए। पुलिस और बचाव अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधिकारी इशरत खान ने बताया कि कई दमकलकर्मी और बचावकर्ता अफगानिस्तान सीमा के समीप हुए भूस्खलन से प्रभावित ट्रक चालकों और अन्य लोगों की जान बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

बारिश के बीच बिजली गिरने के कारण यह भूस्खलन हुआ। खान ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल लाया गया है। जीवित लोगों को तलाश करने में स्वयंसेवक भी मदद कर रहे हैं। तोरखम सीमा क्रॉसिंग पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच व्यापार का एक प्रमुख मार्ग है, जहां भूस्खलनों से अक्सर राजमार्ग पर आवाजाही अवरुद्ध होती रहती है।



ब्रासीलिया में ब्राजील के विदेश मंत्री के साथ हुई बैठक के बाद रुसी विदेश मंत्री सरजेई लेवरोव बाहर आते हुए।

# ताइवान अमेरिका से खरीदेगा 400 से अधिक एंटी शिप हार्पून मिसाइलें

### चीन से दो-दो हाथ करने के मूड में

वाशिंगटन। चीन और ताइवान में बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। ड्रैगन की ओर से सैटलाइट छोड़ने के कारण उत्तरी ताइपे में उड़ानों में देरी की खबर सामने आई। वहीं ताइवान मुद्दे पर चीन ने अमेरिका को खुली धमकी दी है। अब चीनी हरकतों से परेशान ताइवान भी आर-पार के मूड में आ गया है। ताइवान ने अमेरिकी हथियारों को लेकर एक बड़ी डील की है। ताइवान 400 से अधिक अमेरिकी एंटी शिप हार्पून मिसाइलें खरीदेगा।

एक मीडिया रिपोर्ट में बताया है कि ताइवान चीन से बढ़ते खतरे के मद्देनजर 400 से अधिक अमेरिकी भूमि-लांच हार्पून मिसाइल खरीदेगा। पेंटागन ने खरीदार का नाम लिए बिना 7 अप्रैल को 400 एंटी-शिप मिसाइलों के लिए 1.17 बिलियन डॉलर के अनुबंध की घोषणा कर कहा कि उत्पादन मार्च 2029 तक पूरा होने की उम्मीद है।

पेंटागन ने सौदे पर सीधे टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, लेकिन कहा कि अमेरिका ताइवान को पर्याप्त आत्मरक्षा क्षमता बनाए रखने में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक रक्षा उपकरण और सेवाएं देता रहेगा। 2020 में ताइवान ने कहा था कि उसने अपने सैन्य आधुनिकीकरण के प्रयासों के तहत भूमि-आधारित बोइंग-निर्मित हार्पून एंटी-शिप मिसाइल खरीदने की योजना बनाई है। वहीं ताइवान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सुन ली-फांग ने कहा कि मंत्रालय ने पहले खरीद के बारे में जानकारी का खुलासा ये कहते हुए किया था कि यह आश्वस्त था कि सौदा तय कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेगा।

# प्रसिद्ध भारतीय पर्वतारोही बलजीत कौर का नेपाल के माउंट अन्नपूर्णा में निधन

काठमांडू। रिकॉर्ड बनाने वाली भारतीय महिला पर्वतारोही बलजीत कौर की माउंट अन्नपूर्णा के कैंप-4 के पास चोटी से नीचे उतरते समय मौत हो गई। भारत के राजस्थान के किशनगढ़ के 34 वर्षीय एक अन्य भारतीय पर्वतारोही अनुराग मालू भी सोमवार को उसी पहाड़ में कैंप 3 से उतरते समय लगभग 6 हजार मीटर से नीचे गिरने के बाद लापता हो गए। मालू का ठिकाना अभी भी अज्ञात है, लेकिन उनके अभियान के आयोजक सेवन समिट ट्रेक्स ने कहा कि तलाशी अभियान जारी है। कौर ने नौ अप्रैल को ट्विटर पर एक तस्वीर पोस्ट की थी, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह अन्नपूर्णा के आधार शिविर में आराम कर रही हैं। 27 वर्षीय कौर ने असली माउंट मानसलू पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला और ऑक्सीजन के बिना माउंट मानसलू पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की महिला और बिना ऑक्सीजन के माउंट मानसलू चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला का रिकॉर्ड तोड़ा।

वह दुनिया में 8 हजार मीटर की 6 चोटियों पर चढ़ने वाली पहली भारतीय और दुनिया में 8 हजार मीटर की छह चोटियों (5 महीने 2 दिन) पर सबसे तेज चढ़ाई करने वाली भारतीय भी थीं। पायनियर एडवेंचर के चेयरमैन पसांग शेरपा ने कहा कि बलजीत की कैंप-4 के ऊपर से नीचे उतरते समय मौत हो गई, उन्होंने ऑक्सीजन का उपयोग किए बिना चोटी को फतह कर लिया था। वह एक महीने से भी कम समय में 8 हजार मीटर की चार चोटियों को फतह करने वाली पहली भारतीय पर्वतारोही थीं। आयोजकों ने कहा कि उनके शव को आधार शिविर वापस लाने के प्रयास जारी हैं।

# मसीहा बनने की तैयारी में चीन इजरायल और फिलिस्तीन के बीच वार्ता करने में जुटा

बीजिंग। चीन ने सऊदी अरब और ईरान के बीच वार्ता की मेजबानी कर वैश्विक मामलों में और बड़ी भूमिका निभाने की मंशा जाहिर कर दी हैं। अब अमेरिका की जगह लेने के लिए चीन एक और बड़े संघर्ष वाले मुद्दे को सुलझाने के प्रयास की ओर कदम बढ़ाया है। इजरायल और फिलिस्तीन के बीच का विवाद दशकों पुराना है। अब चीनी विदेश मंत्री किन गैंग ने फिलिस्तीन और इजराइल के अपने समकक्षों से कहा है कि ईरान और सऊदी अरब को कई वर्षों के बाद संबंधों को फिर से एक साथ लाने में अपनी भूमिका के बाद बीजिंग उनके बीच शांति वार्ता के लिए तैयार है। विदेश मंत्री किन ने फिलिस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी और उनके इस्राइली समकक्ष एली कोहेन के साथ अलग-अलग फोन पर बात की है। इस दौरान उन्होंने शांति वार्ता फिर से शुरू करने के कदम को लेकर भी चर्चा की है। किन ने कहा है कि चीन इजरायल और फिलिस्तीन दोनों को राजनीतिक साहस दिखाने और शांति वार्ता फिर से शुरू करने के लिए कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है और चीन इसके लिए मध्यस्थत बनने को भी तैयार है। किन ने कोहेन से कहा कि सभी पक्षों को शांति और संयम बनाए रखना चाहिए और अत्यधिक और उत्तेजक शब्दों और कार्यों को रोकना चाहिए। मूल तरीका शांति वार्ता को फिर से शुरू करना और टू नेशन सॉल्यूशन पर ध्यान देना चाहिए।

# अब मुख्तार का नंबर की चर्चा पर भाई अफजाल ने कहा, मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता

### अतीक-अशरफ की हत्या सुनियोजित साजिश

गाजीपुर। बसपा सांसद अफजाल अंसारी ने बड़ा आरोप लगाया है। अंसारी के अनुसार, उनपर सुनियोजित तरीके से बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मामला अभी विचाराधीन है। उन्हें देश की न्यायिक प्रक्रिया पर पूरा यकीन है। अगर फैसला उनके हक में नहीं आया, तब वह कोर्ट में अपील करुंगा। वहीं, अंसारी ने कहा कि अब चर्चा हैं, कि मुख्तारी अंसारी का नंबर है, लेकिन ऐसा नहीं है। मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता है। समाज में आज जो हो रहा है, वह अच्छा नहीं हो रहा है।

उन्होंने अपने भाई मुख्तार के ऊपर जान के खतरे और प्रयागराज में हुए अतीक अहमद शूट आउट पर तल्ख टिप्पणी की है। अफजाल ने कहा कि अतीक अहमद और उसके भाई का इस तरह पुलिस अभिरक्षा में मारा जाना एक सुनियोजित षड्यंत्र था। अंसारी ने कहा कि कहां है शांति? क्या यूपी में निवेश करने का माहौल है? यही देश की सर्वोत्तम कानून व्यवस्था है?

अफजाल ने दावा किया कि देश की जनता 2024 में इस व्यवस्था को चलाने वालों का बाजा बजा देगी। अफजाल ने कहा कि साजिश हो रही है, होती रहेगी, लेकिन मारने वाले से बढ़कर बचाने वाला बड़ा होता है। उन्होंने कहा कि अतीक और उसके भाई के हत्या मामले में उन्हें कोई बता रहा था कि घटना में 5 शूटर थे। पकड़े गए 3 शूटरों के अलावा भी कुछ शूटर थे। अफजाल ने कहा कि देश के वरिष्ठ वकील ने कहा कि एक हत्या अतीक की हुई, तब दूसरी हत्या कानून व्यवस्था की हुई।

उन्होंने कानून व्यवस्था पर कहा कि वहां जनाजा सिर्फ अतीक का नहीं, हमारी कानून व्यवस्था का भी निकला। सत्ता की ताकत पर इस तरह की घटना को कोई न्याय कहे तब ऊपर भी मालिक बैठा है। हर हुकूमत का हाकिम ऊपर बैठा है। खुद पर चल रहे गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे के सवाल पर कहा कि वह सड़क छाप आदमी हैं।

### तीन सदस्यीय जांच आयोग में पूर्व जज त्रिपाठी शामिल

प्रयागराज में गोली मारकर माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या के मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच आयोग गठित किया गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गृह विभाग ने जो न्यायिक आयोग गठित किया है, उसमें दो पूर्व जज और एक पूर्व आईपीएस अधिकारी शामिल हैं। इस आयोग में इलाहाबाद हाई कोर्ट के पूर्व जज अरविंद कुमार त्रिपाठी भी शामिल हैं। त्रिपाठी ने ग्वालियर के जीवाजी यूनिवर्सिटी से कानून की डिग्री 1973 में हासिल की है। साल 1974 में उन्होंने वकालत की प्रैक्टिस शुरू की। साल 1978 में वह पीसीएस-जे में चुने गए। 1978 से लेकर 1996 तक वह उच्च न्यायिक सेवा में रहे और साल 2007 में जिला-सत्र न्यायाधीश के रूप में उनका प्रमोशन हुआ। त्रिपाठी 17 अप्रैल 2012 को इलाहाबाद हाई कोर्ट में अतिरिक्त जज के रूप में प्रमोट किए गए। साल 2013 में उन्हें हाई कोर्ट में स्थायी जज बनाया गया।




पेरिस में पेंशन सुधार विधेयक को लेकर राष्ट्रपति इमेनुअल मैक्रो के संबोधन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये।

# फिंगरप्रिंट से खुलेगी दुनिया की पहली स्मार्ट गन, जिसकी है वही चला सकेगा

वाशिंगटन। बाजार में अब ऐसी स्मार्ट गन आ गई है जो फिंगरप्रिंट से ही खुलेगी अर्थात जिसकी है वही उस गन को चला सकेगा। अब तक दुनिया में तमाम अत्याधुनिक और घातक गन बाजार में आ चुकी हैं। लेकिन, सबके साथ सुरक्षा की एक चिंता रहती है कि अगर ये किसी क्रिमिनल या बच्चों के हाथ लग गए तो अनर्थ हो जाता था। अब इन चिंताओं को दूर करने वाली दुनिया की पहली स्मार्ट गन बाजार में आ गई है।

इसमें इतने शानदार फीचर्स हैं कि अगर यह किसी के हाथ लग भी गई तो कोई चला नहीं सकेगा। क्योंकि यह फिंगरप्रिंट से ही खुलेगी। इसमें चेहरा पहचानने वाली तकनीक का भी इस्तेमाल किया गया है। यानी बिना चेहरा पहचाने यह फायर ही नहीं करेगी। गन बनाने वाली फर्म बायोफायर के मुताबिक, यह अत्याधुनिक 9 एमएम हैंडगन है। जो सिर्फ अपने मालकि के इशारे पर ही चलती है। इस स्मार्ट गन को खास तरीके से डिजाइन किया गया है। इस पिस्टल में सिक्योरिटी कोड के साथ फिंगरप्रिंट सेंसर का इस्तेमाल किया गया है। एक विशेष रिंग पहनकर बंदूक को हाथ से पकड़ने पर सिक्योरिटी कोड अनलॉक हो जाएगा, जिसके बाद पिस्टल से फायर किया जा सकेगा।

फर्म के मुताबिक इसकी कीमत 1,499 डॉलर रखी गई है। यह चेहरा पहचानने की तकनीक का इस्तेमाल करती है। सेंसर एक सेकेंड से भी कम समय में इसे अनलॉक कर देता है। उपयोग न हो तो तुरंत यह लॉक हो जाती है। फर्म का कहना है कि कोलोराडो में फिल्म ह्लद डार्क नाइट राइजेजह्व की स्क्रीनिंग के दौरान एक शूटर द्वारा 12 लोगों की हत्या करने के बाद हमें इस तरह का गन बनाने का ख्याल आया। अमेरिका में कई बच्चे गन से अपने लोगों को मौत के घाट उतार चुके हैं क्योंकि उनमें कोई सुरक्षा सिस्टम ही नहीं है। एक रिसर्च के अनुसार, 40% से अधिक अमेरिकी बच्चों ने कहा कि वे दो घंटे के भीतर अपने माता-पिता की बंदूकें लेकर उससे फायर भी कर सकते हैं। इन घटनाओं को देखते हुए सुरक्षात्मक कदम उठाने आवश्यक हो गए थे।

# ब्लैक पॉटरी को हेरिटेज गैलरी में मिला स्थान

**आजमगढ़।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय की हेरिटेज गैलरी में आजमगढ़ जनपद के निजामाबाद में बनने वाली ब्लैक पॉटरी को भी स्थान दिया गया है।



ब्लैक पाटरी का अवलोकन करती कुलपति निर्मला एस मौर्य।

मंगलवार को विश्व विरासत दिवस के अवसर पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने हेरिटेज गैलरी के अवलोकन के दौरान निजामाबाद में निर्मित होने वाले मिट्टी की कलाकृतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के कलाकारों द्वारा निर्मित की जाने वाली कलाकृतियां पूरे विश्व में देश का नाम रोशन कर रही है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की हेरिटेज गैलरी में निजामाबाद की ब्लैक पॉटरी की कृतियों को प्रदर्शित किया गया है जिसमें फूलदान, स्टैंड प्लेट, कप प्लेट, गिलास, स्टैंड गिलास, बड़ी जाली लैम्प, गणेश जी और भगौना आदि उत्पाद है। इन कलाकृतियों के साथ ही बड़ी आकर्षक ढंग से भित्ति चित्र भी बनवाई गई है जिसमें निजामाबाद की संस्कृति को दिखाया गया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय एवं समन्वयक डॉ.मनोज मिश्र ने कलाकृतियों की काफी प्रशंसा की है। कल्चरल क्लब के नोडल अधिकारी डॉ.दिग्विजय सिंह राठौर ने बताया कि विश्वविद्यालय का यह प्रयास है कि पूर्वांचल की संस्कृति को युवा पीढ़ी से जोड़े रखें। इसी क्रम में पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों की कलाकृतियों को हेरिटेज गैलरी में स्थान दिया जा रहा है।

# राजभवन में राष्ट्रपति के सम्मान में नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित

शिमला। प्रदेश के अपने चार दिवसीय प्रवास पर पहुंची राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के सम्मान में आज राजभवन में राज्य सरकार की ओर से नागरिक अभिनंदन समारोह एवं रात्रि भोज का आयोजन किया गया।

राष्ट्रपति ने राजभवन परिसर में बुरांश का पौधा भी रोपित किया।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि राष्ट्रपति का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। समाज कल्याण और शिक्षा के क्षेत्र और विशेष तौर पर नवाचार को बढ़ावा देने में उनके प्रयास अतुलनीय हैं। सार्वजनिक जीवन में उनका अनुभव हम सभी का मार्गदर्शन करने में सहायक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1948 से वर्तमान तक हिमाचल प्रदेश की यात्रा सतत विकास और सामाजिक उत्थान का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

राज्यपाल ने प्रदेश के साधारण, भोले-भाले और कर्मठ लोगों की सराहना करते हुए कहा कि यहां के लोग अपनी परम्पराओं और संस्कृति से गहरे से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति से जुड़े रहना और इसे संरक्षित रखते हुए आगामी पीढ़ियों को इससे परिचित करवाना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र की अपनी अलग गाथा है और इनमें यहां की वीरता, संस्कृति और परम्पराओं तथा अद्भुत प्राकृतिक सुंदरता का उल्लेख है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश के अपने पहले प्रवास पर पहुंची राष्ट्रपति का स्वागत किया और कहा कि समाज के पिछड़े और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए उनके निरंतर प्रयास हम सभी के लिए प्रेरक हैं।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने मात्र चार माह पहले ही कार्यभार संभाला है और इस छोटी-सी अवधि में नवाचारों के माध्यम से अनेक महत्वाकांक्षी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने लगभग 6000 अनाथ बच्चों को ह्यचिल्ड्रन ऑफ द स्टेटह्व के रूप में अपनाया है और निराश्रितों को लाभान्वित करने के लिए मुख्यमंत्री सुख-आश्रय कोष का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अनाथ एवं निराश्रित बच्चों को समुचित शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा इत्यादि उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत एक कानून भी पारित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने विधवा एवं एकल नारियों को गृह निर्माण के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने की पहल की है। उन्होंने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थी महिलाओं को डेढ़ लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी और इस वित्त वर्ष में पात्र 7000 महिलाओं को लाभान्वित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार हिमाचल प्रदेश को मार्च, 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्प है तथा प्रदेश में छः ग्रीन कॉरिडोर स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए अनेक नई योजनाएं बनाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यटन विकास की अपार सम्भावनाएं हैं तथा इसके दृष्टिगत प्रदेश सरकार ने जिला कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। प्रदेश सरकार ने हिमाचल को देश का आत्मनिर्भर तथा आर्थिक रूप से सक्षम राज्य बनाने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार कार्यप्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए राज्य में लोगों को भ्रष्टाचारमुक्त, उत्तरदायी एवं जवाबदेह प्रशासन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों का समान तथा संतुलित विकास सुनिश्चित करना है। प्रदेश सरकार द्वारा गरीब तथा पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने मशोबरा स्थित राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास ह्यप्रेसिडेंशियल रिट्रीटह्व को आम लोगों के लिए खोलने पर राष्ट्रपति का आभार भी व्यक्त किया। देश भर से आने वाले लोग अब यहां स्थित राष्ट्रपति निवास का भ्रमण कर सकेंगे तथा इस ऐतिहासिक धरोहर की मनमोहक सुन्दरता का लुत्फ उठा सकेंगे।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय की कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सबीना, प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यगण, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार(मीडिया) नरेश चौहान, विधायकगण, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, पुलिस महानिदेशक संजय कुंडू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव भरत खेड़ा, विभिन्न प्रधान सचिव, सेना व नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।




खारतूम में हवाई अड्डे पर लगी आग के बाद उठता हुआ धूआं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई।** मुम्बई शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी गिरावट पर बंद हुआ। इससे पहले सोमवार को भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था। सप्ताह के दूसरे कारोबारी दिन आज वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से बाजार में गिरावट आई जो अंत तक बनी रही। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सूचकांक सेंसेक्स 183.74 अंक करीब 0.31 फीसदी नीचे आकर 59,727.01 अंक पर बंद हुआ। वहीं कारोबार के दौरान सेंसेक्स 60,113.47 के उच्च स्तर पर जाने के बाद 59,579.30 तक गिरा। इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) निफ्टी 46.70 अंक तकरीबन 0.26 फीसदी फिसलकर 17,660.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 17,766.60 की उंचाई तक ऊपर जाने के बाद 17,610.20 तक गिरा।

कारोबार के दौरान सेंसेक्स के शेयरों में से 14 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंडसइंड बैंक, नेस्ले इंडिया, विप्रो, और मारुति सेंसेक्स के शीर्ष पांच शेयरों को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर सबसे ज्यादा 2.17 फीसदी तक उछले।

वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के शेयरों में 16 शेयर नुकसान के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए। पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, रिलायंस और बजाज फिनसर्व सबसे अधिक नुकसान वाले शीर्ष पांच शेयर रहे। इसमें भी पावर ग्रिड के शेयरों सबसे अधिक 2.45 फीसदी तक गिरे। इससे पहले आज सुबह वै ?श्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बीच ही बाजार की शुरूआत हल्की बढ़त के साथ हुई है। सेंसेक्स 99.64 अंक की बढ़त के साथ 60,010.39 के स्तर पर कारोबार कर रहा था जबकि निफ्टी 26.20 अंक की बढ़त के साथ 17,733 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। प्री-ओपनिंग में बाजार की मिलीजुली शुरूआत हुई है। सेंसेक्स 83.48 अंक की गिरावट के साथ 59,827.27 के स्तर पर कारोबार कर रहा था जबकि निफ्टी 79.70 अंक की बढ़त के साथ 17,786.50 के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# मुंबई में खुला एप्पल का पहला रिटेल स्टोर, देसी ढोल की थाप पर कुक ने किया ग्राहकों का स्वागत

**मुंबई।** एप्पल के सीईओ टिम कुक ने देश में कंपनी का पहला ब्रांडेड रिटेल स्टोर खोलने पर देसी ढोल की थाप के बीच लोगों की भारी भीड़ और पहले ग्राहकों का अभिवादन किया। कुक मुंबई के रिटेल स्टोर से निकले और बड़ी संख्या में आए एप्पल खरीदारों के साथ सेल्फी ली।

उन्होंने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) वित्तीय, कला और मनोरंजन जिले में स्थित एप्पल बीकेसी में जियो वर्ल्ड ड्राइव मॉल में ग्राहकों का स्वागत किया। मुंबई में नए एप्पल फ्लैगशिप रिटेल स्टोर, उसके बाद नई दिल्ली में एक और स्टोर आने वाले वर्ष में एप्पल के विकास को बढ़ावा देगा। रिटेल के एप्पल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डिएड्रे ओब्रायन ने कहा, एप्पल बीकेसी मुंबई की जीवंत संस्कृति का प्रतिबिंब है और कनेक्शन और समुदाय के लिए एक सुंदर, स्वागत योग्य स्थान में एप्पल के सर्वश्रेष्ठ को एक साथ लाता है।

**स्टोर से बाहर निकलकर लोगों के साथ सेल्फी ली**

एप्पल बीकेसी मंगलवार से गर्मियों तक चलने वाली एप्पल सीरीज मुंबई राइजिंग में आज विशेष पेशकश करेगा।

एप्पल बीकेसी को दुनिया में सबसे अधिक ऊर्जा-कुशल एप्पल स्टोर स्थानों में से एक के रूप में डिजाइन किया गया है। स्टोर परिचालन रूप से कार्बन न्यूट्रल है, जो 100 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा पर चल रहा है। प्रत्येक टाइल को लकड़ी के 408 टुकड़ों से बनाया गया है, जिसमें प्रति टाइल 31 मॉड्यूल हैं, जिसमें कुल 1,000 टाइलें हैं जो छत बनाती हैं। 450,000 से अधिक अलग-अलग लकड़ी के टुकड़े हैं, जो दिल्ली में इकट्ठे किए गए। एप्पल बीकेसी में 100 से अधिक टीम सदस्य हैं, जो सामूहिक रूप से 20 से अधिक भाषाएं बोलते हैं।


मुम्बई में एपल के पहले रिटेल स्टोर को लांच किये जाने के अवसर पर एप्पल के कर्मचारी ब्लोगर और पत्रकारों का स्वागत करते हुए।

# देश में 2022-23 में 15 फीसदी बढ़ा यात्री वाहनों का निर्यात

**नई दिल्ली।** देश से यात्री वाहनों का निर्यात वर्ष 2022-23 में 15 प्रतिशत बढ़कर 6,62,891 इकाई रहा। इसमें 2.5 लाख से अधिक इकाइयों का निर्यात करने वाली मारुति सुजुकी इंडिया की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा है। उद्योग संगठन सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों के मुताबिक 2022-23 में कुल यात्री वाहनों का निर्यात 6,62,891 इकाई रहा है जो 2021-22 में 5,77,875 इकाई था। आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष में यात्री कारों का निर्यात दस प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,13,787 इकाई रहा। वहीं उपयोगी (यूटिलिटी) वाहनों का निर्यात 23 प्रतिशत बढ़कर 2,47,493 इकाई रहा। हालांकि वैन का निर्यात घट गया और 2022-23 में यह 1,611 इकाई रहा जबकि 2021-22 में यह आंकड़ा 1,853 इकाई था। पिछले वित्त वर्ष में यात्री वाहन श्रेणी के निर्यात में सबसे बड़ी हिस्सेदारी मारुति सुजुकी इंडिया की रही। इसके बाद हुंदै मोटर इंडिया और किआ इंडिया का स्थान रहा।

**मारुति सुजुकी इंडिया की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा, 2.5 लाख से अधिक इकाइयों का निर्यात किया**

देश की सबसे बड़ी कार विनिमार्ता मारुति सुजुकी ने 2022-23 में 2,55,439 यात्री वाहनों का निर्यात किया जो 2020-21 में निर्यात किए गए 2,35,670 वाहनों से आठ प्रतिशत अधिक है। हुंदै मोटर इंडिया ने 1,53,019 वाहनों का निर्यात किया जो 2021-22 की 1,29,260 इकाइयों से 18 प्रतिशत अधिक है। किआ इंडिया ने 2022-23 में 85,756 वाहनों का निर्यात किया जबकि 2021-22 में उसने 50,864 इकाइयों का निर्यात किया था। निसान मोटर इंडिया ने 60,637 वाहनों का, रेनो इंडिया ने 34,956 वाहनों का; फॉक्सवैगन इंडिया ने 27,137 इकाइयों का निर्यात किया। होंडा कार्स ने 22,710 इकाइयों का जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 2022-23 में 10,622 इकाइयों का निर्यात किया। बीते वित्त वर्ष में भारत से वाहनों का कुल निर्यात 47,61,487 इकाई रहा है जो 2021-22 की 56,17,359 इकाइयों से 15 प्रतिशत कम है।

# मैनकाइंड फार्मा का आईपीओ 25 अप्रैल को खुलेगा

नई दिल्ली। दवा बनाने वाली कंपनी मैनकाइंड फार्मा का आईपीओ (प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम) 25 अप्रैल को खुलेगा। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) के अनुसार तीन दिन का आईपीओ 27 अप्रैल को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली 24 अप्रैल को खुलेगी। इस आईपीओ के तहत कोई नया शेयर जारी नहीं किया जा रहा है, और यह पूरी तरह प्रवर्तकों और अन्य मौजूदा शेयरधारकों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) है। ओएफएस में शेयर बेचने वालों में प्रवर्तक रमेश जुनेजा, राजीव जुनेजा और शीतल अरोड़ा शामिल हैं। इसके अलावा, केयर्नहिल सीआईपीईएफ, केयर्नहिल सीजीपीई, बेज लिमिटेड और लिंक इंवेस्टमेंट ट्रस्ट भी अपने शेयर बेच रहे हैं। चूंकि यह आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश के रूप में है, इसलिए इससे कंपनी को कोई राशि नहीं मिलेगी और निर्गम से जुटाई गई पूरी धनराशि शेयरधारकों के पास जाएगी।

# सैमसंग ने भारत में गैलेक्सी एम14 5जी लांच किया

मुंबई। सैमसंग ने 50 एमपी ट्रिपल कैमरा, 6000 एमएएच बैटरी, 5 एनएम प्रोसेसर और ढेर सारे फीचर्स के साथ गैलेक्सी एम14 5जी स्मार्टफोन लांच करने की घोषणा की। फुल एचडी प्लस 90हट्र्ज डिस्प्ले के साथ 6.6-इंच एम14 5जी की कीमत 13,490 रुपये (4 प्लस 128 जीबी) और 6 प्लस 128 जीबी वेरिएंट की कीमत 14,990 रुपये है। गैलेक्सी एम14 5जी की बिक्री 21 अप्रैल को दोपहर 12 बजे शुरू होगी। सैमसंग इंडिया के मोबाइल बिजनेस के निदेशक राहुल पाहवा ने कहा, 2019 में लांच होने के बाद से, गैलेक्सी एम सीरीज ने भारत में लाखों उपभोक्ताओं का प्यार और प्रशंसा प्राप्त की है।

एफ1.8 लेंस लो-लाइट फोटोग्राफी को बहुत स्पष्टता के साथ सक्षम बनाता है।सेल्फी के लिए डिवाइस में 13 एमपी का फ्रंट कैमरा है। अपनी 6000 एमएएच बैटरी के साथ, गैलेक्सी एम14 5जी बिना चार्ज किए दो दिन तक चलने का दावा करता है। कंपनी ने कहा कि स्मार्टफोन 25वॉट फास्ट चार्जिंग को भी सपोर्ट करता है, जो आपके फोन को त्वरित समय में रिचार्ज कर सकता है। डिवाइस में मल्टी-टास्किंग के लिए सेगमेंट-अग्रणी 5एनएम एक्सीनोस 1330 प्रोसेसर है। गैलेक्सी एम14 5जी रैम प्लस फीचर के साथ 12 जीबी तक रैम के साथ आता है। जब व्यक्तिगत डेटा और एप्लिकेशन को स्टोर करने की बात आती है, तब यह डिवाइस बढ़ी हुई सुरक्षा और प्राइवेसी के लिए सिक्योर फोल्डर का समर्थन करता है। यह एंड्रॉइड 13 पर आधारित वन यूआई 5.1 कोर के साथ आता है। सैमसंग ने कहा कि वह गैलेक्सी एम14 5जी के लिए ओएस अपग्रेड की 2 जेनरेशन और 4 साल तक का सिक्यॉरिटी अपडेट मुहैया कराएगी।

# रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे टूटकर 82.04 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विश्व की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर होने तथा कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से रुपये की गिरावट पर कुछ हद तक अंकुश लगा। इससे पहले आज सुबह अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 81.99 प्रति डॉलर पर मजबूती के साथ खुला। कारोबार के अंत में रुपया अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले तीन पैसे नीचे आकर 82.04 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपया 81.96 के उच्च स्तर और 82.09 के निचले स्तर के बीच रहा। वहीं गत कारोबारी सत्र में डॉलर के मुकाबले रुपया 82.01 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इसी बीच विश्व की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.37 फीसदी नीचे आकर 101.73 पहुंच गया।

# सोने-चांदी की कीमतें बढ़ीं

नई दिल्ली। घरेलू बाजार में मंगलवार को सोने-चांदी की कीमतों में बढ़त रही। चांदी के वायदा बाजार में भाव फिर से 75 हजार रुपये से ऊपर निकल गये। सोने के वायदा भाव भी 60 हजार रुपये के ऊपर पहुंच गये हैं। वहीं गत सप्ताह सोने के वायदा भाव शीर्ष स्तर पर पहुंच गए थे। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना 60,229 रुपये के भाव पर खुला जबकि पिछला क्लोजिंग कीमत 60,180 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। वहीं पिछले सप्ताह सोने के वायदा भाव ने 61,371 रुपये प्रति 10 ग्राम के शीर्ष स्तर पर थे।

सोने के साथ ही चांदी की कीमतें भी बढ़ रही हैं। एमसीएक्स पर चांदी का मई अनुबंध पिछले क्लोजिंग कीमत से 124 रुपये बढ़कर 74,936 रुपये पर खुला। इस समय ये 75,104 रुपए किलो के उच्च स्तर और 74,716 रुपए के निचले स्तर पर पहुंच गया।

# टीसीएस के कर्मचारियों को मिलेगा 12 से 15 फीसदी इंक्रिमेंट !

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी टीसीएस अपने टॉप परफॉर्मिंग कर्मचारियों को 12 से 15 फीसदी तक इंक्रिमेंट दे सकती है। टाटा ग्रुप की इस कंपनी को उम्मीद है कि इस कदम से नौकरी छोड़ने या बदलने वाले कर्मचारियों की संख्या में कमी आएगी। अभी कंपनी में एट्रिशन रेट 20 फीसदी है जो इस ?वित्त वर्ष के दूसरे हाफ में घटकर 13 से 14 फीसदी रह सकता है। साथ ही कंपनी कैंपस रिक्रूट्स के लिए भी बेस सैलरी में बढ़ोतरी करने पर विचार कर रही है। अगर टीसीएस ऐसा करती है तो आईटी सेक्टर की दूसरी कंपनियों को भी इस तरह का फैसला लेना पड़ सकती है। आईटी सेक्टर में नौकरियों की संख्या कम हो रही है लेकिन टीसीएस ने पिछले वित्त वर्ष में कैंपस से 44,000 भर्तियां की। इस साल कंपनी की योजना कैंपस से 40,000 लोगों को भर्ती करने की है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक टीसीएस के चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर मिलिंद लक्कड़ ने कहा कि कंपनी अच्छा प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को 12 से 15 फीसदी सैलरी हाइक देने पर विचार कर रही है। बाकी कर्मचारियों को 1.5 फीसदी से आठ फीसदी तक का इंक्रिमेंट मिल सकता है। पिछले साल कंपनी ने जूनियर लेवल पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को 11 फीसदी बोनस दिया था जबकि सीनियर लेवल पर कम बोनस दिया गया था। इसके अलावा जनवरी-मार्च की पहली तिमाही में जूनियर एग्जीक्यूटिव्स को 100 फीसदी बोनस दिया गया। वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में कंपनी ने 821 नए कर्मचारियों को भर्ती की जबकि वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में यह संख्या 35,209 थी।

# खाने के तेल की कीमतों में मिलाजुला रुख रहा

नई दिल्ली। विदेशी बाजारों में सुधार के रुख के बीच स्थानीय दिल्ली तेल तिलहन बाजार में खाद्य तेल-तिलहन कीमतों में मिलाजुला रुख देखने को मिला। मांग कमजोर होने से जहां सरसों तेल तिलहन, सोयाबीन तिलहन कीमतों में गिरावट आई वहीं मलेशिया और शिकागो एक्सचेंज के मजबूत होने से सोयाबीन डीगम, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन के साथ साथ बिनौला तेल कीमतों में मामूली सुधार देखने को मिला जबकि मूंगफली तेल तिलहन, सोयाबीन दिल्ली और सोयाबीन इंदौर तेल के भाव पूर्वस्तर पर बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि मलेशिया एक्सचेंज में 2-2.5 प्रतिशत की तेजी है जबकि शिकागो एक्सचेंज में एक प्रतिशत की तेजी है। सोमवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे- सरसों तिलहन 5,095-5,190 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपए प्रति क्विंटल। मूंगफली 6,790-6,850 रुपए प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) 16,660 रुपए प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल 2,535-2,800 रुपए प्रति टिन। सरसों तेल दादरी 9,950 रुपए प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी 1,590-1,660 रुपए प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 1,590-1,710 रुपए प्रति टिन। तिल तेल मिल डिलिवरी 18,900-21,000 रुपए प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 10,780 रुपए प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 10,500 रुपए प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 9,000 रुपए प्रति क्विंटल। सीपीओ एक्स-कांडला 8,600 रुपए प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 9,400 रुपए प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली 10,100 रुपए प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स कांडला 9,250 रुपए (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना 5,355-5,405 रुपए प्रति क्विंटल, सोयाबीन लूज 5,105-5,205 रुपए प्रति क्विंटल और मक्का खल (सरिस्का) 4,010 रुपए प्रति क्विंटल।

# एथर एनर्जी ने लांच किया किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर निमार्ता कंपनी एथर एनर्जी ने किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च किया है।इसके जरिए कंपनी ने अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर पोर्टफोलियो को नया रूप दिया है। यह स्कूटर कंपनी के पॉपुलर मॉडल 450एक्स का एंट्री लेवल वैरिएंट है। 2023 एथर 450एक्स को दो मॉडलों में लॉन्च किया गया है, जिसकी कीमतें 98,183 रुपये से शुरू होती हैं। नया मॉडल के साथ कंपनी को उम्मीद है कि उसकी बिक्री में इजाफा होगा। स्कूटर का प्रो पैक के साथ आने वाला टॉप-स्पेक वैरिएंट युवाओं के हिसाब से बनाया गया है। इसका मुकाबला टीवीएस आईक्यूब, ओला एस1, एस1 प्रो, हीरो वीडा वी1 और बजाज चेतक से होगा।एथर 450एक्स के दोनों वर्जन एक तरह के डिजाइन और हार्डवेयर के साथ आते हैं। लेकिन, नए एंट्री-लेवल वैरिएंट में बहुत सारे फीचर नहीं हैं।

इसे 7.0-इंच टीएफटी क्लस्टर के साथ पेश किया गया है, लेकिन प्रो पैक वेरिएंट पर मल्टी-कलर यूनिट के बजाय ग्रेस्केल इंटरफेस दिया गया है। अन्य फीचर्स जैसे ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, नेविगेशन और ओटीए अपडेट, हिल-होल्ड असिस्ट और पार्क असिस्ट जैसे फीचर्स भी नहीं मिलेंगे।एथर 450एक्स में 6 केडब्ल्यू इलेक्ट्रिक मोटर के साथ 3.7 केडब्ल्यूएच लिथियम-आयन बैटरी पैक है, जो 26 एनएम का पीक टॉर्क विकसित करता है। आदर्श परिस्थितियों में प्रति चार्ज 146 किमी की राइडिंग रेंज देने का दावा किया गया है। एथर 450एक्स के टॉप मॉडल में आईपी65 रेटेड 7-इंच का टचस्क्रीन कंसोल क्वाड-कोर स्नैपड्रैगन प्रोसेसर से लैस 2जीबी रैम और 16जीबी स्टोरेज एंड्रॉइड ओपन सोर्स प्रोजेक्ट जैसे फीचर्स मिल जाते हैं। एथर के स्टैंडर्ड वेरिएंट की कीमत 98,079 रुपये है से शुरू होकर प्रो-पैक ऐड-ऑन के साथ 450एक्स की कीमत 1,28,443 रुपये तक जाती है। सभी एक्स-शोरूम है।450एक्स के नए बेस-स्पेक वैरिएंट में राइडिंग मोड्स की कमी है और इसमें स्लो चार्जर मिलता है जो इसे 0 से 100 प्रतिशत तक रिचार्ज करने में 15 घंटे से अधिक समय लेता है।

# टेस्ला को नया इंटीरियर पर्सनलाइजेशन सिस्टम पेटेंट मिला

सैन फ्रांसिस्को। एलन मस्क द्वारा संचालित टेस्ला को एक नए इंटीरियर पर्सनलाइजेशन सिस्टम के लिए पेटेंट ??मिला है, जो संभावित रूप से अपने वाहनों की पहुंच और आराम को अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी पेटेंट कार्यालय में हाल ही में दायर पेटेंट आवेदन से पता चलता है कि कंपनी एक उन्नत निजीकरण प्रणाली विकसित कर रही है जो ऑटोमोटिव उद्योग में मौजूदा तकनीकों को पार कर सकती है। नया पर्सनलाइजेशन सिस्टम कार के इंटीरियर कैमरा सिस्टम का उपयोग रहने वालों की पहचान करने, उनके आकार का अनुमान लगाने और आराम और उपयोग में आसानी के लिए सेटिंग्स को वैयक्तिकृत करने के लिए करेगा। रिपोर्ट के अनुसार यह सामने की सीट पर रहने वालों की ऊंचाई के आधार पर फ्रंट सीट और कंट्रोल पोजिशनिंग सहित कई सेटिंग्स को एडजस्ट कर सकता है, पूरे केबिन में कहां और कितने लोग बैठे हैं जो ऑडियो सेटिंग्स के आधार पर एयर कंडीशनिंग वेंट्स की दिशा और उपयोग सुनिश्चित करते हैं। केवल रहने वालों को अधिक आरामदायक बनाने के अलावा, बेहतर निजीकरण प्रणाली से टेस्ला की मौजूदा सुरक्षा प्रणाली में भी सुधार होगा। वाहन अक्षम व्यक्तियों का पता लगा सकता है और या तो आपातकालीन सेवाओं को बुला सकता है या शायद व्यक्ति को अस्पताल ले जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा इन उपकरणों को कार की टक्कर के बाद यह सुनिश्चित करने के लिए नियोजित किया जा सकता है कि वाहन यात्रियों को चोट न लगे। इस बीच वॉल स्ट्रीट के अनुमानों को मात देते हुए टेस्ला ने 2023 की पहली तिमाही में रिकॉर्ड 4,22,875 इलेक्ट्रिक वाहनों की डिलीवरी की है। पहली तिमाही में इलेक्ट्रिक कार निमार्ता ने 4,40,000 से अधिक वाहनों का उत्पादन किया।


न्यूयार्क में एक कर्मचारी 55.22 कैरेट के सबसे बड़े रुबी स्टोन को दिखाते हुए। इसकी नीलामी में करीब 30 मिलियन डॉलर की रकम मिलने की उम्मीदें हैं।

# जबर्दस्त बाइक है बजाज की प्लेटिना 100

नई दिल्ली। ज्यादा माइलेज देने वाली बजाज की बजाज प्लेटिना 100 भारतीय बाजार में उपलब्ध है। यह बाइक ग्राहकों में तेजी से लोकप्रिय होती जा रही है। इस मोटरसाइकिल का माइलेज कंपनी 75 किमी प्रति लीटर से भी ज्यादा का क्लेम करती है.वहीं मोटरसाइकिल की कीमत भी काफी कम है और ये किसी स्कूटर से भी कम दाम में आपकी हो सकती है। बजाज प्लेटिना 100 आपको 62638 रुपये से लेकर 79282 रुपये एक्स शोरूम कीमत में मिल जाएगी।मोटरसाइकिल के 4 वेरिएंट मार्केट में अवेलेबल हैं।इसमें 102 सीसी का इंजन है जो 7.79 बीएचपी की पावर जनरेट करता है।इस मोटरसाइकिल के फ्यूल टैंक की कैपेसिटी 11 लीटर है।मोटरसाइकिल को आप किक स्टार्ट और इलेक्ट्रिक स्टार्ट दोनों ही वेरिएंट में ले सकते हैं.बाइक में फ्रंट और रियर ड्रम ब्रेक्स देखने को मिलते हैं।

मोटरसाइकिल में सेफ्टी के लिए कंबाइन्ड ब्रेकिंग सिस्टम दिया गया है।मोटरसाइकिल में टेलिस्कोपिक फॉर्क ओर डुअल शॉक सस्पेंशन के साथ ही 17 इंच के अलॉय व्हील दिए गए हैं।वहीं इसके टॉप वेरिएंट में आपको इलेक्ट्रिक स्टार्ट और फ्रंट डिस्क ब्रेक मिलता है।मोटरसाइकिल में ब्रॉड लॉन्ग सीट दी गई है जो इसकी राइड को काफी कंफर्टेबल बनाती है।वहीं कार्बोरेटर को हटा फ्यूल इंजेक्शन टेक्नोलॉजी से लैस इस मोटरसाइकिल का वजन भी 111 किलोग्राम ही है।जिसके चलते सिटी राइड के लिए ये एक बेहतर ऑप?शन बनती है। मोटर सा?इकिल की सीधी टक?क्र होंडा ड्रीम नियो, हीरो मोटोकॉर्प की एचएफ डीलक्स और टीवीएस स्टार सिटी प्लस से है।हालांकि इसके लुक्स और फीचर्स इसे मार्केट में अलग स्टैंड दिलवाते हैं।साथ ही 75 किमी।प्रति लीटर से ज्यादा का माइलेज देने के चलते ये कई अन्य मोटरसाइकिलों के मुकाबले कहीं ज्यादा लोगों की पसंद बनती जा रही है।

**-ज्यादा माइलेज देने वाली मोटरसाइकिल मार्केट में मौजूद**

मालूम हो कि बढ़ते पेट्रोल की कीमतों के बीच अब लोग माइलेज वाली डेली कम्यूट बाइक्स की तरफ ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। लोगों की ऐसी बाइक्स को लेकर खोज हीरो स्पलेंडर पर आकर रुकती है।लेकिन यदि आपको ये पता चले कि स्पलेंडर से सस्ती और ज्यादा माइलेज देने वाली मजबूत मोटरसाइकिल भी मार्केट में मौजूद है तो कैसा होगा। ये वो मोटरसाइकिल है जिसके माइलेज पर लोग कसमें तक खाते हैं।

# वेदांता ने 20 कोरियाई कंपनियों के साथ डिस्प्ले केंद्र के लिए समझौता किया

मुंबई। वेदांता समूह ने कहा कि उसने भारत में एक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र के विकास के लिए डिस्प्ले ग्लास क्षेत्र से जुड़ी 20 कोरियाई कंपनियों के साथ समझौते किए हैं। हाल ही में संपन्न कोरिया बिज-ट्रेड शो 2023 में वेदांता समूह को एक रोडशो के लिए आमंत्रित किया गया था। इस शो का आयोजन कोरियाई सरकार के व्यापार एवं निवेश प्रोत्साहन निकाय कोट्रा ने किया था। वेदांता के सेमीकंडक्टर एवं डिस्प्ले कारोबार के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा कि 20 कोरियाई कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। कोरिया की 50 से अधिक कंपनियों ने वेदांता के साथ साझेदारी करने में रुचि दिखाई थी। इस बयान में उन्होंने भारत में एक डिस्प्ले विनिर्माण केंद्र स्थापित करने की वेदांता की योजना की जानकारी देने के साथ संभावित साझेदारों एवं उपभोक्ताओं को अपने साथ जुड़ने के लिए आमंत्रित भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार की अनुकूल नीतियों से भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स का गढ़ बनाने की कोशिशें तेज हुई हैं। वेदांता का डिस्प्ले विनिर्माण केंद्र इस प्रस्तावित इलेक्ट्रॉनिक्स केंद्र में महत्वपूर्ण स्थान रखेगा। वेदांता और फॉक्सकॉन के संयुक्त उद्यम ने गुजरात में एक सेमीकंडक्टर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा वेदांता ने एक डिस्प्ले इकाई लगाने का भी आवेदन किया है। यह इकाई मोबाइल फोन, टेलीविजन एवं अन्य डिजिटल उत्पादों के लिए स्क्रीन बनाने का काम करेगी।

# विरासत से युवा पीढ़ी को जोड़ रहा है विश्वविद्यालय : प्रो. निर्मला एस. मौर्य

**वर्ल्ड हेरिटेज दिवस**

## विश्वविद्यालय में हेरिटेज गैलरी का कुलपति ने किया शुभारम्भ

## पीयू में मनाया गया वर्ल्ड हेरिटेज दिवस

जनसंदेश न्यूज


हेरिटेज गैलरी का शुभारम्भ करती कुलपति प्रो. मौर्य

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में वर्ल्ड हेरिटेज दिवस मनाया गया। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में नवनिर्मित हेरिटेज गैलरी के प्रथम भाग का शुभारंभ फीता काटकर किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विरासतों को सहेजने के साथ-साथ हम अपने माता-पिता और परंपरा को भी सहेजें यह हमारे लिए सबसे बड़ी विरासत और ताकत है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में स्थापित साँची स्तूप द्वार और अशोक स्तम्भ स्थापित कर आज की पीढ़ी को विरासत से जोड़े रखने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि हेरिटेज गैलरी के माध्यम से पूर्वांचल की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया जाना बहुत सुखद है। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि पूर्वांचल की संस्कृति काफी समृद्ध है, विश्वविद्यालय में पूर्वांचल की लोक संस्कृति का दर्शन हो रहा है। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय ने कहा कि हमारी विरासत ही हमारी पहचान होती है। हेरिटेज गैलरी के माध्यम से क्षेत्रीय कलाकृतियों का प्रदर्शन बहुत ही मनमोहक है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के चयनित जनपदों की कलाकृतियां उन जनपदों से हम सबको जोड़ रही है। विश्वविद्यालय के विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में संस्कृति निदेशालय, उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से हेरिटेज गैलरी स्थापित की जा रही। प्रथम चरण में जौनपुर के एक जिला एक उत्पाद की दरी, आजमगढ़ की ब्लैक पॉटरी, भदोही की कालीन, देवरिया के सजावट के सामान और मूज उत्पाद, वाराणसी के लकड़ी के उत्पाद, चुनार के मिट्टी और चीनी मिट्टी के उत्पाद, गोरखपुर की मिट्टी की कलाकृतियाँ, खुर्जा के उत्पाद, रामनगर की पत्थर की मूर्तियाँ गैलरी में लगाई गई है। स्वागत कल्चरल क्लब के समन्वयक डॉ. मनोज मिश्र एवं धन्यवाद ज्ञापन नोडल अधिकारी डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर ने किया। इस अवसर पर प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अविनाश पार्थडीकर, डॉ. संतोष कुमार राय, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. नीरज अवस्थी, डॉ. अवध बिहारी सिंह, डॉ. चन्दन सिंह, शशिकांत यादव, डॉ. अमित वत्स, डॉ. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डॉ. विद्युत मल, अवधेश कुमार, द्विजेन्द्र दत्त उपाध्याय समेत विद्यार्थी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### डीसी मनरेगा ने नाथूपुर गांव का किया निरीक्षण


नाथूपुर गांव का निरीक्षण करते डीसी मनरेगा

**जफराबाद।** स्थानीय क्षेत्र के नाथूपुर गांव में मंगलवार को डीसी मनरेगा भूपेंद्र सिंह ने निरीक्षण कर सही जानकारी प्राप्त की। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि नाथूपुर में बन रहे अमृत सरोवर की जांच किया उसके बगल में कुछ ग्राम समाज की बंजर की जमीन है कुछ खेल के मैदान के नाम से उसको मनरेगा के काम के तहत उसका विकास कराया जाएगा ताकि बच्चों को खेलने के लिए उचित स्थान मिले। स्टीमेट बनाकर उसका काम कराया जाएगा। बगल में कुछ बंजर की जमीन है जो गहरी है उसको तालाब के रूप में विकसित करेंगे। जल संरक्षण भी एक महत्वपूर्ण कार्य है ताकि पानी एक जगह इकट्ठा हो सके। तालाब को पक्का कराएंगे उसके बाद नाली में जाये। पंचायत भवन अच्छा बना है उसमें अभी और संसाधन इंटरनेट, कम्प्यूटर लगाने की जरूरत है ताकि गांव वालों को इसका लाभ मिल सके जो 15 दिन के अंदर लग जायेगा। इस मौके पर विजय सिंह, दीपक मिश्रा, तेज बहादुर, राहुल मिश्रा, ग्राम पंचायत अधिकारी आदि लोग मौजूद रहे।

### पांच शीशी अवैध देशी शराब संग एक धराया

**खुटहन।** गौसपुर बाजार में सोमवार की रात झोले में रख अवैध देशी शराब बेच रहे व्यक्ति को पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर रंगे हाथ हिरासत में ले लिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे दूसरे दिन चालान न्यायालय भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर राजेश यादव ने बताया कि गौसपुर बाजार में अवैध देशी शराब बेचे जाने की शिकायत पर काफी दिनों से मिल रही थी। सोमवार की शाम मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 25 शीशी अवैध देशी शराब के साथ विक्रेता इमामपुर गांव निवासी रामधनी गुप्ता को हिरासत में ले लिया।

### कार बाइक की टक्कर में बाइक सवार घायल

**जफराबाद।** जलालपुर थाना क्षेत्र के हुंसेपुर गांव में मंगलवार की शाम की कार और बाइक की टक्कर होने से बाइक सवार युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अरविंद कुमार यादव निवासी देवापार उम्र 30 वर्ष जिसकी दुकान कबूलपुर बाजार में है वो किसी काम से केराकत की ओर जा रहा था। हुंसेपुर के पास पहुंचा ही था कि उसकी बाइक एक कार टकरा गयी जिसमें वह घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे नेहरू नगर सामुदायिक स्वास्थ्य ले जाया गया जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने जिला चिकित्सालय भेज दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

### बेटे ने मां को पीटा, पुलिस देख हुआ फरार

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के कबीरुद्दीनपुर गांव में मंगलवार को सुबह लगभग दस बजे एक बेटे ने किसी बात पर विवाद होने पर अपनी 56 वर्षीया माँ शकुंतला देवी को मारपीट कर घायल कर दिया। इस दौरान किसी ने इस घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दे दी। पुलिस को आता देखकर वह मौके से फरार हो गया। घायल महिला ने अपने बेटे के विरुद्ध थाने पर तहरीर दिया है। इस मामले में पूछे जाने पर थाने के उप निरीक्षक रमा शंकर पांडेय ने बताया कि मामले की जानकारी है उचित कार्रवाई की जाएगी।

# सपा और भाजपा के बागी प्रत्याशी उतरे मैदान में

**गर्मी के साथ-साथ डबल स्पीड से बढ़ रहा राजनीतिक पारा**

जनसंदेश न्यूज




**मछलीशहर।** नगर पंचायत चुनाव में सभी राजनीतिक दलों ने अपने पत्ते खोल दिए हैं। बीते दो दिनों में मछली शहर की राजनीति में बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। जहां वर्तमान चेयरमैन पति और सपा प्रत्याशी महमूद आलम टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर अपनी पार्टी से बगावत करके कांग्रेस का हाथ थाम लिया है। वही सपा के एक अन्य नेता गुलाम रसूल उर्फ बबलू राईन ओवैसी की पार्टी में चले गए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने भी अपने पुराने प्रत्याशियों पर दांव नहीं खेला और इसके बजाय नए चेहरे को मैदान में उतार दिया है। भाजपा ने नामित सभासद नितेश जायसवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है। जबकि समाजवादी पार्टी ने अपने नगर अध्यक्ष जियाउद्दीन अंसारी पर भरोसा जताते हुए उन्हें टिकट दिया है। वहीं बहुजन समाज पार्टी ने निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जायसवाल को टिकट देकर सारे समीकरणों को धूल चटाने की कोशिश की है। वहीं पिछली बार भाजपा से चुनाव लड़ चुके राकेश जायसवाल भी बगावती तेवर अपनाते हुए निर्दलीय मैदान में उतर चुके हैं।

# नागरिकों में सुरक्षा का एहसास दिलाने सड़क पर उतरी पुलिस

जनसंदेश न्यूज



रूट मार्च करती पुलिस

**केराकत।** कोतवाली सर्किल क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कोतवाली थाने की पुलिस आजकल हर रोज कहीं न कहीं पैदल गश्त कर रही है।

मंगलवार को थाना प्रभारी आदेश त्यागी ने भारी संख्या में पुलिस बल के साथ देवकली, मुफ्तीगंज, बेलांव आदि बाजारों में पुलिस ने पैदल गश्त किया। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को पुलिस सुरक्षा का एहसास कराया। वहीं शरारती तत्वों को संदेश दिया कि यदि उन्होंने किसी प्रकार की गड़बड़ी करने की कोशिश की तो उनकी खैर नहीं। पैदल गश्त के दौरान कोतवाल ने सड़क की पटरी पर अवैध ढंग से कब्जा करने वाले पटरी दुकानदारों तथा बेतरतीब गाड़ी खड़ी करने वालों को पटरी छोड़कर रहने की हिदायत दी। पैदल गश्त करने वालों में थाने के अनेक एसएसआई, कांस्टेबल तथा मुफ्तीगंज पुलिस चौकी के प्रभारी चंदन राय सहित भारी संख्या में पीएससी के जवान मौजूद रहे।

# सड़क में धंसा बालू लदा ट्रक

**मनमाने तरीके से मिट्टी पाटने से हो रहे हादसे**



**जौनपुर।** शहर में अमृत योजना के तहत बनाये जा रहे सीवर को लेकर अनेक मोहल्लों, गलियों एवं मुख्य मार्गो पर खुदाई करने के बाद मनमानी तरीके से मिटटी पाटने से जहां आवागमन बुरी तरह से बाधित हो रहा है, वहीं वाहन भी आये दिन उसमें फसकर आवागमन में अवरोधक बन रहे है।

सड़कों की खुदाई के बाद उसे नियमानुसार गाइड लाइन के अनुसार पाटने में कार्यदायी संस्था द्वारा मनमानी की जा रही है। जेसीबी के माध्यम से मिटटी समतल कर अपना पल्ला झाड़ लिया जा रहा है। जिसका नतीजा यह सामने आ रहा है वाहनों के आने से वह इसमें फसंकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। नगर के पुराने आरटीओ आफिस के पास एक बालू लदी ट्रक सड़क में धंस गयी जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। रास्ता सकरा होने से लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

बताते चलें कि इन दिनों नगर में सीवर पाइप लाइन का काम लगभग एक वर्षों से निरन्तर चल रहा है जिसके चलते नगर में जगह-जगह मशीनों के माध्यम से बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गये हैं।

इस कारण अधिकतर मार्ग पर आवागमन बाधित किया गया है। ऐसे में बड़े वाहनों को जहां से भी आने-जाने का रास्ता मिल रहा है वो अपने वाहनों को लेकर व्यस्ततम इलाकों से भी गुजर रहे हैं। सीवर पाइप लाइन के लिए सड़कों की खुदाई होने से वो भीतर ही भीतर खोखली हो चुकी हैं। आये दिन देखने को मिल रहा है कि नगर की सड़कों में वाहनों धंसना आम बात हो गयी है।

# पत्रकार रिंकू श्रीवास्तव की मनाई गई तीसरी पुण्यतिथि

**याद**

## मीडिया ऑफिस पर पत्रकारों ने पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धाजंलि


तीसरी पुण्यतिथि पर पत्रकार को श्रद्धांजलि अर्पित करते साथी

**खेतासराय।** नगर पंचायत स्थित मीडिया कार्यालय पर मंगलवार की दोपहर दिवंगत पत्रकार सत्य प्रकाश श्रीवास्तव 'रिंकू' की तीसरी पुण्यतिथि पर याद करते हुए पत्रकारों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। मूलरूप से क्षेत्र के फरीदपुर जैगहां गांव निवासी मीडिया क्षेत्र में काफी नाम कमाया था। कोरोना महामारी में इनका निधन हो गया था। इस दौरान उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए पत्रकार आनंद कुमार सिंह ने कहा कि श्री श्रीवास्तव ने पत्रकारिता के क्षेत्र के एक मुकाम हासिल किया था। वे काफी मिलनसार व्यक्ति थे उनका असमय जाना कष्टकारी है। पत्रकार अजीम सिद्दीकी ने कहा कि कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले साथी की कमी जीवनभर खलती रहेगी, यह हम पत्रकारों के लिए अपूर्णीय क्षति है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। इस दौरान लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान प्रमुख रूप से पत्रकार श्यामचन्द्र यादव, विवेक श्रीवास्तव, मोनू श्रीवास्तव, सुरेश कुमार, मनीष कुमार गुप्ता,अहसान हैदर आदि लोग उपस्थित रहे।

### जनसहयोग बिना शान्ति व्यवस्था मुश्किल : प्रभारी निरीक्षक

**केराकत।** जनसहयोग विशेषकर पत्रकारों के सहयोग के बिना क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखना मुश्किल होता है। सोमवार को अपरान्ह कोतवाली प्रांगण में नवागत प्रभारी निरीक्षक आदेश त्यागी ने पत्रकारों की परिचय बैठक में उक्त विचार व्यक्त किए।

उन्होंने कहाकि क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखना और पीड़ित को न्याय दिलाना ही उनकी प्राथमिकता है। श्री त्यागी ने पत्रकारों का आह्वान किया कि सकारात्मक सोच के साथ प्रशासन का सहयोग करें जिससे सारे काम आसान हो जाएं। उन्होंने पत्रकारों को समाचार संकलन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर तहसील पत्रकार संघ के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह, प्रेस क्लब के अब्दुल हक अंसारी, ग्रामीण पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय शुक्ल, संरक्षक रामदास यादव, मुहम्मद आरिफ अंसारी, नारायण सेठ राही, फिरोज अहमद, दीप नारायण सिंह, राम शरण यादव, योगेंद्र यादव, संजय दुबे, रत्नेश तिवारी, दिलीप विश्वकर्मा, अनूप शुक्ल, केतन विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# नामांकन पत्रों की जांच कार्य का किया निरीक्षण


नामांकन पत्रों की जांच कार्य का निरीक्षण करते डीएम और एसपी

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा ने तहसील केराकत में नामांकन पत्रों की जांच कार्य का निरीक्षण किया और निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इसके उपरांत अधिकारियों ने पब्लिक इंटर कॉलेज केराकत में बने मतगणना स्थल एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर उप जिलाधिकारी केराकत को निर्देश दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि बैरिकेडिंग, सीसीटीवी, शौचालय, पेयजल सहित अन्य व्यवस्था दुरुस्त रहे। पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी केराकत से पुलिस के द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी ली।

अधिशासी अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, कोतवाली प्रभारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सुजानगंज।** क्षेत्र के देवापुर गांव के पास सोमवार की रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए जिसमें एक युवक की मौके पर मौत हो गई। हिम्मतनगर गांव निवासी धर्मेंद्र पुत्र सुबास हरिजन सुब्बे अपने पड़ोसी श्रीशचंद्र के साथ बाइक से सुजानगंज से अपने घर जा रहा था। विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे धर्मेंद्र (22) की मौके पर ही मौत हो गई जबकि श्रीशचंद्र घायल हो गया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# भीषण गर्मी में सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**चिलचिलाती धूप में चलना हुआ मुश्किल**





**जौनपुर।** अप्रैल माह में पड़ रही भीषण गर्मी ने पिछले कई वर्षों का रिकार्ड तोड़ दिया। अब लोगों को मई व जून माह की चिंता सताने लगी है। अब तक लोगों को कहते सुना जा रहा है कि यदि गर्मी का यही हाल रहा तो आगे क्या होगा? फिलहाल तापमान की बात करें तो अप्रैल माह में अधिकतम तापमान 43 डिग्री व उससे ऊपर तक पहुँचने का आकलन किया जा रहा है। जिसने दोपहर में लोग अपने घरों में रहने को विवश कर दिया।

अप्रैल माह में भीषण गर्मी का असर लोगों के कारोबार पर भी खासा पड़ा। ईद व अक्षय तृतीया का त्योहार धीरे-धीरे करीब आ रहा है। ऐसे में गर्मी के चलते लोग खरीदारी से गुरेज कर रहें है, तो वहीं दोपहर से पहले ही बाजारों में सन्नाटा देखने को मिल रहा है।

दूसरी ओर जो लोग जरूरतों के आधार पर घरों से निकले भी तो वह गर्मी से बचाव करते हुए अपने कामों को पूरा करते नजर आये। वहीं रोजेदारों के लिये भी ये मौसम मुश्किल से गुजर रहा है। जबकि मजदूरी करने वाला वर्ग आग बरसती गर्मी में पसीना बहाने को मजबूर है। ऐसे तमाम लोग है जिन्होंने गर्मी से बचाव करने के तरीके निकाल रखे है। जिसके तहत लोग शरीर पर पूरे कपड़ों के साथ ही चेहरे आदि को पूरे गमछे से बांध कर निकल रहें है। कुछ लोग तो नदियों में जाकर मस्ती करते पाये गये। बावजूद इसके लोगों को कुछ ही पल राहत महसूस हो रही है। यानि गर्मी से बचाव के तमाम उपाय बेअसर साबित हो रहे है। ऐसे में विद्यालयों के छात्रों को भी भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। हालाकि जिला प्रशासन के आदेश पर 1 से 8 तक के बच्चों के स्कूल का समय बदलकर कुछ तो बच्चों को राहत दी गई है। लेकिन चटक धूप व लू के थपेड़ों ने दोपहर से पहले की वातावरण पर कब्जा करना आरम्भ कर दिया है। एक निजी विद्यालय के कक्षा नौ के छात्र पसीना पोछते किसी तरह अपनी साइकिल को थामे, एक गमछे से तीन लोगों के साथ धूप से बचाव करते देखे जा रहें है। शहर के निजी विद्यालयों की टाइमिंग भिन्न-भिन्न है। मंगलवार को शहर के पास छात्रों का समूह एक निजी विद्यालय से वापस घर लौट रहा था। गर्मी से बेहाल व पसीने से तर छात्र जल्द से जल्द घर पहुंचने को बेताब दिख रहे थे। निजी ही नहीं सरकारी स्कूलों के बच्चों का भी यहीं हाल है। हालांकि विद्यालयों में अभी भी छात्र संख्या बेहद कम रहती है लेकिन जो भी छात्र विद्यालय पहुंचते हैं, उन्हें विद्यालय से वापस घर जाने में भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता है।



## मुनाफाखोर बाजार में परोस रहे हैं नकली दवाएं बरतें सतर्कता

## मरीजों को सलाह-ऑनलाइन बिक रही दवाओं पर न करें भरोसा

## जिला, तहसील व ब्लॉक यानी थ्री लेयर पर कर रहे संगठन को मजबूत

# नकली से बचने को बगैर बिल के न खरीदें दवा

खास मुलाकात

जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** बाजार चाहे जिस भी बाने का हो, हर जगह मुनाफाखोरों ने अपनी घुसपैठ बना ली है। अधिक से अधिक पैसा कमाने की लालसा में ऐसे लोग किसी के जीवन से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आते। बात दवा बाजार की करे तो यहां भी मुनाफाखोरों का जाल बिछ चुका है। जीवनरक्षक दवाओं के नाम पर लोगों के जीवन से खेलने वाले इस कदर गिर जायेंगे, इसका अंदाजा भी लगा पाना मुश्किल है। मुनाफाखोर दवा बाजार में नकली दवाएं परोस रहे हैं। इस बात का खुलासा स्वास्थ्य विभाग की जांच में हो चुका है। ऐसे में हर आम नागरिक को खुद ही सतर्क रहने की जरुरत है। यदि आपको सही दवा चाहिए तो इस बात को गांठ बांध लें कि दुकानदार से बिल अवश्य मांगें। अव्वल तो कोई दवा विक्रेता बिल देने से परहेज नहीं करेगा और सहर्ष उपलब्ध करा देगा। फिर भी यदि कोई दवा विक्रेता बिल देने से आनाकानी करता है तो इसकी शिकायत संबंधित फोरम पर अवश्य करें। आपकी जागरुकता ही मरीज के सेहत को दुरुस्त रख सकती है। यह कहना है दवा विक्रेता समिति वाराणसी के जिला महामंत्री संजय सिंह का।

'जनसंदेश टाइम्स' से 'खास मुलाकात' में महामंत्री संजय सिंह ने बताया कि कोरोना काल में जीवन-मौत से संघर्ष करने वालों में जान फूंकने के लिए जो जो इंजेक्शन लगाया जाता रहा है, उनमें से पांच इंजेक्शन की रिपोर्ट फेल हो गई है। सभी एंटीबायोटिक इंजेक्शन को बद्धी की पांच कंपनियां तैयार कर शहर में धड़ल्ले से सप्लाई कर रही थीं। करीब छह महीना पहले ड्रग विभाग ने इन कंपनियों का करीब 50 लाख का इंजेक्शन पकड़ा था। जांच के लिए सभी का सैंपल भेजा था। सैंपल रिपोर्ट में पांच इंजेक्शन के नमूने फेल आए। जब रिपोर्ट आई तो खुद ड्रग विभाग भी हैरान है कि लोगों की जान के साथ किस तरह से कंपनियां खिलवाड़ कर रही हैं। यह एक उदाहरण मात्र है। मुनाफाखोर हर प्रकार की जीवनरक्षक दवाओं में खेल रहे हैं। कहने का आशय यह कि दवाओं में औषधि मानक से कम साल्ट मिलाकर धड़ल्ले से काले कारोबार को अंजाम दिया जाता है। कई कंपनियां है जो घटिया दवा बनाकर सिर्फ धनउगाही में व्यस्त रहती है। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी) ऐसी कंपनियों को चिह्नित कर रही है, ताकि उनके खिलाफ केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र लिखकर कार्यवाही कराया जा सके। एक सवाल के जवाब में महामंत्री संजय सिंह ने बताया कि एआईओसीडी ने ऑनलाइन दवा बेचने वाली कंपनियों के खिलाफ मोर्चा खोला तो केंद्र सरकार पर दबाव बना। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया ने ऑनलाइन दवा बेचने वाली कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया। लेकिन ऑनलाइन दवा बेचने वाली कंपनियां अपने मुनाफे पर चोट पड़ता देख बचाव के कई रास्ते ढूढ़ रही है। लेकिन संगठन इनके हर बचाव का पूरजोर तरीके से विरोध कर रहा है, ताकि आम जनता के जीवन से खिलवाड़ न हो। उन्होंने बताया कि ई-फार्मेसी कंपनियां नारकोटिक्स से जुड़ी दवाओं का भी कारोबार कर रही है। जबकि नारकोटिक्स वाली दवाएं तो बगैर चिकित्सक पर्ची के बेची ही नहीं जा सकती है। उन्होंने बताया कि ई-फार्मा कंपनियों के इस कारोबार के चलते डुप्लीकेट दवाओं का कारोबार भी 30 से 40 प्रतिशत तक बढ़ गया है। इसके चलते भौतिक रूप से थोक और फुटकर दवा का काम करने वाले कारोबारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने मरीजों और उनके तीमारदारों को सलाह दी है कि वे ऑनलाइन दवाएं न खरीदे। दुकान से ही दवाएं खरीदे, ताकि जीवन के साथ खिलवाड़ न हो सके। उन्होंने बताया कि थ्री लेयर यानी जिला, तहसील व ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूत किया जा रहा है, ताकि दवा विक्रेताओं के हक की लड़ाई मजबूती से लड़ी जा सके। उन्होंने बताया कि बेहतर संगठनात्मक ढांचा तैयार करने वालों के लिए पुरस्कार भी रखे गए हैं। इसमें प्रथम पुरस्कार ढाई लाख, द्वितीय पुरस्कार डेढ़ लाख और तृतीय पुरस्कार एक लाख रुपये का है। एआईओसीडी इन पुरस्कारों की घोषणा करेगी।



संजय सिंह

## 'अपना व्यापार-अपनों के साथ'

एक सवाल के जवाब में महामंत्री संजय सिंह ने बताया कि ऑनलाइन दवा कंपनियों के खिलाफ एक मुहिम शुरू किया गया है। वह है-'अपना व्यापार-अपनों के साथ।' इसके तहत दवा विक्रेताओं को जागरूक किया जा रहा है कि वे भी किसी प्रकार की सामग्री ऑनलाइन न खरीदे। बगैर बिल के दवा न खरीदे और न बेचे। इसके लिए समय-समय पर जागरुकता अभियान चलाया जाता है। उन्होंने बताया कि दवा के थोक व फुटकर विक्रेताओं को संगठित किया जा रहा है, ताकि ऑनलाइन दवा कंपनियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके।

# भारतीय सांस्कृतिक चेतना का जागरण युवाओं में हो रहा : प्रो. साकेत कुशवाहा

## राष्ट्रीय युवा संगीत सम्मेलन में भक्ति गीतों से सराबोर हुए प्रतिभागी

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** आजादी का अमृत महोत्सव और एक भारत श्रेष्ठ भारत को समर्पित काशी हिंदू विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आयोजित राष्ट्रीय युवा संगीत सम्मेलन के 150वीं कड़ी में प्रतिभागियों ने भक्ति गीतों की सहस्त्रधारा से श्रोताओं को सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय लोक संगीत कलाकार पद्मश्री पंडित आचार्य शर्मा थे । उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्रीय युवा संगीत कार्यक्रम को राष्ट्रीय एकता, अखंडता, प्रेम और भाईचारा के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम बताया। कार्यक्रम का उद्घाटन राजीव गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय अरुणाचल प्रदेश के कुलपति प्रो. साकेत कुशवाहा ने किया। कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से भारतीय सांस्कृतिक चेतना का जागरण युवाओं में हो रहा है। उन्होंने एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश के बीच आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत सरकार युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम सलाहकार डॉ कमल कुमार कर ने कहा कि देश भर में युवाओं में अपने संस्कृति के प्रति आदर का भाव जागृत हो रहा है । आमंत्रित अतिथि के रूप में अंतर्राष्ट्रीय बांसुरी वादक और संगीत रचनाकार बिस्मिल्लाह खान राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित उस्ताद डॉ मुज्तबा हुसैन ने बांसुरी पर श्रीकृष्ण को समर्पित वंदना की प्रस्तुति कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया । कार्यक्रम का शुभारंभ 7 वर्षीय बालक श्री के बांसुरी पर गायत्री मंत्र की प्रस्तुति से हुई। तत्पश्चात काशी हिंदू विश्वविद्यालय की अलंकृता राय ने श्रीराम को समर्पित भजन की प्रस्तुति की । इसके उपरांत संगीत किसलय जोधपुर के कलाकारों की सामूहिक गीतों की प्रस्तुति हुई जिसका नेतृत्व युवा कलाकार निखिल बोहरा कर रहे थे । कार्यक्रम का समापन पठानकोट के युवा कलाकार विक्की वर्मा ने बांसुरी पर प्रस्तुत प्रसिद्ध कृष्ण भजन, श्याम तेरी बंसी पुकारे राधा नाम से हुआ। राष्ट्रीय युवा संगीत सम्मेलन की इस कड़ी में देशभर के अनेक कलाकारों और शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया जिनमें प्रो. लावण्या कीर्ति सिंह काव्या, पंडित सतीश बोहरा, डॉ बी एन शर्मा, प्रोफेसर उपेंद्र कुमार सिंह, डॉ पूर्णिमा, डॉ अमित जैन, डॉ एकता चौहान, डॉ नमिता जैन, डॉ केशव गोपाल आदि के नाम प्रमुख हैं । संचालन और स्वागत डॉक्टर बाला लखेंद्र ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अरुणोदय विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ पंकज बोरा ने किया ।

## जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती में बनारस के दो पहलवानों ने जीता ब्रांज मैडल

**हरहुआ।** नंदिनी नगर गोंडा में 16 से 18 अप्रैल तक सब जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उसमें उत्तर प्रदेश कुश्ती टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए बनारस के दो पहलवानों ने मेडल जीता। 65 किलो भार वर्ग में कशिश यादव, 48 किलो भार वर्ग में धनंजय यादव ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। दोनों पहलवानों को वाराणसी कुश्ती संघ के संयुक्त सचिव गोरख यादव एवं वाराणसी ग्रेपलिंग कुश्ती कमेटी ने दोनों पहलवानों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कशिश यादव बीएलडब्ल्यू में नियमित अभ्यास करती हैं। धनंजय यादव विकास इंटर कॉलेज का छात्र है और मुंबई साई में अभ्यास करते हैं।



# पं. रविशंकर व ममता टंडन ने कथक पर किया भावविभोर

रंगी सारी गुलाबी चुनरिया रे..

### गोपाल मंदिर में महाप्रभु वल्लभाचार्य जयंती का समापन

**वाराणसी।** जगद्गुरु महाप्रभु वल्लभाचार्य के प्राकट्य महोत्सव पर अंतिम दिन षष्ठ पीठ गोपाल मंदिर चौखम्भा में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कथक नर्तक पं. रविशंकर एवं डा. ममता टंडन का कथक हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने गणेश वंदना से की। इसके बाद पारम्परिक कथक नृत्य पेश किया जिसमें तोड़ा, टुकड़ा, आमद, तबले व घुंघरु की युगलबंदी,, गत-निकास की प्रस्तुति हुई। पं. रविशंकर व डा. ममता टंडन ने राधा-कृष्ण पर आधारित रंगी सारी गुलाबी चुनरिया रे, ठुमक चलत रामचंद्र बाजे पैजानिया तथा पनघट पर नैना लड़ी श्याम आदि पर कथक नृत्य पेश कर वहां मौजूद सभी को भावविभोर कर दिया। उनके साथ भोलानाथ मिश्र व प्रीतम मिश्र (तबला), ध्रुवनाथ मिश्र (सितार) व सागर मिश्र (गायन) पर जोरदार संगत कर कार्यक्रम में और भी चार चांद लगा दिया। इस अवसर पर केजस्वनी वेर्णेकर का गायन भी हुआ। उनके साथ किशन रामडोहकर (कबला) जमुना वल्लभ दास गुजराती भैय्यनजी (हारमोनियम) पर संगत की। संचालन डा. सीमा वर्मा ने किया। इस अवसर पर षष्ठ पीठ गोपाल मंदिर के पीठाधीश्वर गो. श्याम मनोहर महराज व युवराज गो. प्रियेन्दु वाबा ने महाप्रभु वल्लभचार्य की छवि पर माल्यार्पण कर संगीत सध्या का शुभारंभ किया। उन्होंने कलाकारों को अंगवस्त्रम व प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया।



# स्व-निर्भरता के साथ, थामें हर महिला का हाथ

कैम्पेन शुरू

### जून तक स्वयं सहायता समूह में 10 करोड़ महिलाओं को हैं जोड़ना



**वाराणसी।** भारत सरकार की तरफ से ग्रामीण महिलाओं को समूह में जोड़ने की खातिर 'सोशल मोबिलाइजेशन कैम्पेन' शुरू किया गया है। इसका शुभारंभ नयी दिल्ली से ग्रामीण विकास एवं पंचायती राजमंत्री गिरिराज सिंह ने किया। इसके तहत जून तक समूह में 10 करोड़ महिलाओं को जोड़ा जाना है। अभी देश में लगभग नौ करोड़ महिलायें जुड़ी हैं।

इसके तहत प्रधानमंत्री आवस (ग्रामीण), मनरेगा के सक्रिय जाब कार्ड होल्डर्स के परिवार के सदस्यों को जोड़ा जाना है। नयी दिल्ली से आयोजित वर्चुअली कार्यक्रम में विकास खण्ड आराजीलाइन के प्रगति संकुल समिति की रीना सिंह, सुमन देवी, सुमित्रा देवी, नीलम पटेल व सरिता देवी के अलावा ब्लाक मिशन प्रबंधक रमेश राव ने भाग लिया। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज भारत सरकार के सचिव शैलेश कुमार सिंह ने समूहों के लिए बैंक ऋण, एनपीए का बेहद कम होना एवं मिशन अंतर्गत कैडर के कार्यों पर प्रकाश डाला। राज्यमंत्री ने समूह की महिलाओं का अच्छादन बीमा व पेंशन से करने, लखपति दीदी कार्यक्रम को सफल बनाने, जिन संस्थाओं का एनपीए 01 प्रतिशत से कम हो, उन्हें इंसेंटिव की खातिर कार्यक्रम तैयार करने, वर्मी कम्पोष्ट, आर्गेनिक खेती एवं मिलेट को बढ़ावा देने का आह्वान किया। बता दें कि जिले में लगभग 10635 स्वयं सहायता समूह हैं, जिनमें एक लाख बीस हजार से अधिक महिलायें जुड़ी हैं।

## किसानों के लिए खुला कंट्रोल रूम

**वाराणसी।** वाराणसी मण्डल में रबी विपणन वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत किसानों से गेहूं क्रय से संबंधित शिकायतों के प्रभावी अनुश्रवण के लिए सम्भागीय खाद्य नियंत्रक कार्यालय में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका फोन नं0-0542-2501312 है। कंट्रोल रूम के इस नंबर पर किसान गेहूं क्रय से संबंधित शिकायत पूर्वाह्न नौ बजे से सायं छह बजे तक (रविवार एवं राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर) दर्ज करा सकते है। कंट्रोल रूम में पूर्वाह्न नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक यश गुप्ता व विजय शंकर चौबे, दोपहर 12 बजे से अपराह्न तीन बजे तक रोहित सिंह व लक्ष्मी यादव तथा अपराह्न तीन बजे से सायं छह बजे तक अभिषेक श्रीवास्तव व दानवीर सिंह की तैनाती की गयी है।

# महिलाओं में भी बढ़ रही फैटी लीवर की समस्या

वर्ल्ड लीवर डे आज

### उपचार न होने पर लीवर फेल्योर, सिरोसिस का भी रहता है खतरा

**वाराणसी।** पेट के उपरी हिस्से या बीच में दर्द, भूख न लगना, थकान होना और वजन घटना यदि इन समस्याओं से आप परेशान हैं, तो किसी चिकित्सक से अपनी जांच अवश्य कराएं। यह परेशानियां फैटी लीवर से पीड़ित होने की ओर आप को इशारा करती है। समय से उपचार न कराने पर आप लीवर फेल्योर, सिरोसिस और कैंसर जैसी बीमारियों से भी ग्रस्त हो सकते हैं। यह कहना है शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के फिजिशियन डा.एस मिश्र का। वह बताते है कि लोगों को लीवर की बीमारियों के प्रति जागरूक करने के लिए हर वर्ष 19 अप्रैल को वर्ल्ड लीवर-डे मनाया जाता है। इस बार वर्ल्ड लिवर डे की थीम है सतर्क रहें, नियमित लिवर चेक-अप करें, फैटी लिवर किसी को भी प्रभावित कर सकता है। (बी विजीलेंट, डू रेगूलर चेक अप, फैटी लीवर कैन अफेक्ट एनीवन) रखी गई है। लीवर की बीमारियों में मुख्य समस्या है फैटी लीवर की। वह बताते हैं कि उनकी हर रोज होने वाली सौ-डेढ़ सौ की ओपीडी में प्रतिदिन चार से छह मरीज फैटी लीवर की समस्या से पीड़ित होकर आते हैं। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक होती है। वजह यह है कि वह अपने खान-पान पर विशेष ध्यान नहीं देती हैं। इतना ही नहीं किशोर और युवा भी इस रोग से पीड़ित हो रहे है क्योंकि वह अनियमित दिनचर्या व जंक फूड के आदि होते हैं। डॉ. मिश्र बताते हैं कि यह बीमारी लीवर में बहुत ज्यादा फैट जमा होने के कारण ही होती है। लीवर हमारे शरीर का एक जरूरी हिस्सा है, जो शरीर में केमिकल्स को बैलेंस करता है।



### फैटी लीवर के उपाय

अधिक वजन वाले हैं तो फैटी लीवर से बचने के लिए जरूरी है कि आप अपना वजन नियंत्रित करें। इसके लिए प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट व्यायाम जरूरी है। साथ ही आहार में वसा का सेवन कम करें। चावल, आलू, ब्रेड जैसे कार्बोहाईड्रेट युक्त आहार से परहेज करें। खाने में ज्यादातर ताजा फल, सब्जियां लें।

# जुलाई तक विद्यालयों को निपुण बनाने का लिया गया संकल्प

**सेवापुरी।** प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा एवं बरेमा में मंगलवार को शिक्षक संकुल की मासिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें अपने विद्यालय को आदर्श विद्यालय बनाने के लिए प्रतिभागियों द्वारा कार्ययोजना का निर्माण किया गया। नोडल शिक्षक संकुल अजय कुमार पांडे द्वारा विभागीय निर्देश को विस्तार से रखा गया एवं सभी शिक्षकों को अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहने के लिए अभिप्रेरित किया। शिक्षक संकुल मदन मोहन चौबे द्वारा बताया गया की 10 टूल्स को अपनाकर विद्यालय को समाज में एक निपुण एवं आदर्श विद्यालय की स्थापना कर सकते हैं। शिक्षक संकुल जुल्फिकार अली नोमानी द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत नामांकन वृद्धि एवं समस्याओं पर चर्चा किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक चंद्र प्रकाश दुबे द्वारा बैठक के समापन की घोषणा किया गया। बैठक में एआरपी डॉ.आलोक त्रिपाठी ने अपने अभिनव प्रयोग को साझा किया। बैठक में न्याय पंचायत बरेमा के 10 प्रधानाध्यापक 44 सहायक अध्यापक, 13 शिक्षा मित्र, एक अनुदेशक और पांच शिक्षक संकुल ने भाग लिया।

# अमरनाथ दर्शन करने वालों का रजिस्ट्रेशन शुरू

पहल

### मण्डलीय अस्पतालों में स्वास्थ्य प्रमाण पत्र के लिए उमड़ी भीड़

### भर्ती व ओपीडी के मरीजों की ईसीजी जांच में हो रही दिक्कतें



**वाराणसी।** अमरनाथजी दर्शन करने के लिए आज से रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। इसके लिए दर्शनार्थियों को स्वास्थ्य प्रमाण पत्र देना जरूरी है। प्रमाण पत्र के लिए दर्शनार्थियों का हुजूम मण्डलीय अस्पताल पहुँच रहा है। इसके चलते पैथालॉजी व ईसीजी विभाग में भारी भीड़ हो जा रही है। भर्ती व ओपीडी के बीमार मरीजों की जांच में भारी दिक्कत हो रही है।

अमरनाथ जी यात्रा 1 जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक यानि 62 दिन चलेगा। इसके लिए आज से रजिस्ट्रेशन भी शुरू हो गया है। हर एक दर्शनार्थियों को स्वस्थ्य होने का अस्पताल से प्रमाण पत्र लाना जरूरी है। इनमें खून की तमाम तरह की जांच के साथ ही हार्ट की स्थिति देखने को ईसीजी जांच भी शामिल है। 60 वर्ष से ऊपर के लोगों का सीने की स्थिति को देखने के लिए एक्सरे जांच कराना होता है। स्वास्थ्य जांच प्रमाण पत्र के लिए मण्डलीय अस्पताल को निर्धारित किया गया है। इसके चलते मंगलवार को तमाम मरीजों मके साथ ही दर्शन करने जाने वाले करीब डेढ़ सौ से ज्यादा लोग पहुंच गए। इसके चलते पैथालॉजी विभाग व ईसीजी विभाग में सुबह से ही भारी भीड़ लगी रही। दोनों विभागों के करीब सौ लोगों के ब्लड का नमूना लिया गया। साथ हीं इतने लोगों का हार्ट की जांच ईसीजी किया गया। ईसीजी विभाग में बंद होने के समय के बाद भी दर्जन भर लोगों का जांच हुआ। इसके बाद जमा पर्चे पर कल का नम्बर डाल कर दे दिया गया। भारी भीड़ के चलते अस्पताल में भर्ती व ओपीडी विभाग में आये मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### भारत गौरव ट्रेन का वाराणसी में भव्य स्वागत

**वाराणसी।** भारत गौरव ट्रेन श्रृंखला के अन्तर्गत भीम राव अम्बेडकर यात्रा विशेष गाड़ी मंगलवार को बनारस स्टेशन पहुंची। बनारस स्टेशन पर अम्बेडकर यात्रा विशेष गाड़ी के यात्रियों का अपर मंडल रेल प्रबंधक ज्ञानेश त्रिपाठी एवं अन्य मण्डलीय अधिकारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। अम्बेडकर यात्रा विशेष गाड़ी के सभी यात्री बनारस स्टेशन पर स्वागत से गद्गद हुए, सैलानियों ने बनारस स्टेशन भव्यता को निहारा तथा बनारस स्टेशन भवन, सामान्य यात्री हाल में स्थित शिवगंगा स्वरूपी फौवारे, धरोहर के रूप में सुसज्जित नैरो गेज के इंजन एवं सकुर्लेटिंग एरिया में स्थित उद्यान समेत सेल्फी पॉइंट की खूबसूरती को कैमरे में उतारा । सात रातों एवं आठ दिनों की यात्रा वाली यह भारत गौरव विशेष ट्रेन 14 अप्रैल, को दिल्ली के सफदरगंज स्टेशन से प्रस्थान कर सबसे पहले बाबा साहब की जन्मस्थली डा अम्बेडकर नगर (महू), नागपुर सांची होते हुए बनारस स्टेशन पहुंची । इसमें यात्रा करने वाले सैलानियों को वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम एवं सारनाथ बौद्ध विहार समेत दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराने के पश्चात रात्रि 10:00 बजे बौद्धस्थली गया के लिए रवाना किया जायेगा ।

# क्रय-विक्रय सहकारी समिति ऊंचाई पर ले जाना लक्ष्य : कुंवर

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** क्रय-विक्रय प्रतियात्मक सहकारी समिति वाराणसी के नवनिर्वाचित डायरेक्टर राजकुमार सोनकर 'कुंवर' का कहना है कि समिति को ऊंचाई पर ले जाना उनका प्रमुख लक्ष्य है। इसके लिए समिति से जुड़े प्रत्येक सदस्यों के हर समस्या को जहां नोट किया जाएगा, वहीं उसका समय पर निराकरण भी किया जाएगा। इस काम में पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी बरती जाएगी। यदि कोई इसमें लापरवाही करेगा तो उसके खिलाफ ऐक्शन लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेफेड व एनसीसीएफ नई दिल्ली के डायरेक्टर अजय राय के मार्गदर्शन और अध्यक्ष कैलाश यादव के नेतृत्व में सहकारी समिति से आमजन को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। समिति की उपयोगिता व क्रियान्वयन आमजन तक पहुंचाने को जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इसे आगे बढ़ाना उनकी महती जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि इस समिति के अलावा मुझे जिला सरकारी फेडरेशन वाराणसी, शिवपुर क्रय-विक्रय समिति, जूड सरकारी क्रय-विक्रय संघ समिति लखीमपुर खीरी और दी काशी सहकारी चीनी मिल औराई-भदोही का भी प्रतिनिधि बनाया गया हैं। जिसको भी मैं पूरी ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ निभाते हुए उसके आगे बढ़ाने का कार्य करूंगा।

